राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-186
लखनऊ, शुक्रवार 23 फरवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





पिछड़े वर्ग के छात्रों को समय से छात्रवृत्ति प्रदान की जाए : कश्यप 03

गुजरात टाइटंस को बड़ा झटका, आईपीएल से बाहर हुए मोहम्मद शमी 12


# भारत की समृद्ध विरासत की गूंज आज पूरी दुनिया में सुनाई दे रही है : मोदी

**नवसारी/नई दिल्ली, एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि जब भाई-भतीजावाद, तुष्टीकरण, भ्रष्टाचार राजनीति का लक्ष्य बन जाता है तो देश की विरासत को संरक्षित करने पर ध्यान नहीं दिया जाता है। उन्होंने कहा कि आज भारत की समृद्ध विरासत की गूंज आज पूरी दुनिया में सुनाई दे रही है।

प्रधानमंत्री ने गुरुवार को गुजरात के नवसारी में 47,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया और आधारशिला रखी। सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कपड़ा, बिजली और शहरी विकास के क्षेत्रों में वडोदरा, नवसारी, भरूच और सूरत के लिए विकास परियोजनाओं के लिए नागरिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विभिन्न परियोजनाओं के उद्घाटन और शुभारंभ से गुजरात की विकास यात्रा को मजबूती मिलेगी।

प्रधानमंत्री ने विकास के साथ-साथ विरासत को प्राथमिकता देने पर सरकार के जोर को रेखांकित किया और कहा कि यह क्षेत्र भारत की आस्था और इतिहास का एक महत्वपूर्ण केंद्र रहा है, चाहे वह स्वतंत्रता आंदोलन हो या राष्ट्र निर्माण। उन्होंने भाई-भतीजावाद, तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार की राजनीति के कारण क्षेत्र की विरासत की उपेक्षा पर भी अफसोस जताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसके विपरीत, भारत की समृद्ध विरासत की गूंज आज पूरी दुनिया में सुनाई दे रही है।

'मोदी की गारंटी' को लेकर चल रही चर्चा का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने उनके द्वारा दी गई गारंटी के पूरा होने की निश्चितता को रेखांकित किया कि यह बात गुजरात के लोगों को लंबे समय से पता है। उन्होंने कहा, मोदी ने देश के गरीब, किसान, युवा और महिला सभी को सशक्त करने की गारंटी दी है और ये गारंटी सिर्फ योजनाएं बनाने की नहीं है बल्कि जो हकदार हैं उन तक योजनाओं का पूरा लाभ पहुंचाने की गारंटी है। मोदी की गारंटी वहां से शुरू होती है, जहां दूसरों से उम्मीद खत्म होती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के लोग मोदी की जाति को भी गाली देते हैं लेकिन कांग्रेस वाले भूल जाते हैं कि जितनी भी वो गाली देंगे, हमारा 400 पार का संकल्प उतना ही मजबूत होगा। ये जितना कीचड़ फेकेंगे, 370 कमल उतने ही शान से खिलेंगे। कांग्रेस के पास मोदी को गाली देने के अलावा विकास का कोई एजेंडा नहीं है।

प्रधानमंत्री ने 'फाइव एफ' को याद किया, जिसके बारे में वह अपने मुख्यमंत्रित्व काल के दौरान बात करते थे। इसका मतलब- फॉर्म, फॉर्म टू फाइबर, फाइबर टू फैक्टरी, फैक्टरी टू फैशन, फैशन टू फॉरेन था। अर्थात किसान कपास उगाएगा, कपास फैक्टरी में जाएगा, फैक्टरी में बने धागे से परिधान बनेंगे और यही परिधान विदेशों के लिए निर्यात होंगे। उन्होंने इस क्षेत्र में सबसे बड़े उत्पादकों और निर्यातकों के साथ प्रतिस्पर्धा करने की भारत की क्षमता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज एक प्रकार से सूरत सिल्क सिटी का विस्तार नवसारी तक हो रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पीएम मित्र पार्क के पूरा होने से पूरे क्षेत्र का चेहरा बदल जाएगा, जहां केवल इसके निर्माण में 3,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने बताया कि पार्क श्रमिकों के लिए घरों, लॉजिस्टिक्स पार्क, गोदाम, स्वास्थ्य सुविधाओं और प्रशिक्षण और कौशल विकास की सुविधाओं से सुसज्जित होगा।



### आने वाले वर्षों में सूरत में जल आपूर्ति से संबंधित समस्याएं हल हो जाएंगी

प्रधानमंत्री ने 800 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले तापी नदी बैराज के शिलान्यास का जिक्र करते हुए कहा कि इससे आने वाले वर्षों में सूरत में जल आपूर्ति से संबंधित समस्याएं हल हो जाएंगी। साथ ही बाढ़ और सुनामी जैसी आपदाओं से उबरने में भी मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री ने जनसमहू को पीएम सूर्यघर योजना के बारे में बताया जो न केवल घरों के ऊर्जा बिल को कम करेगी बल्कि आय उत्पन्न करने का माध्यम भी बनेगी। प्रधानमंत्री ने बताया कि देश की पहली बुलेट ट्रेन इस क्षेत्र से होकर गुजरेगी, क्योंकि यह क्षेत्र देश के बड़े औद्योगिक केंद्रों-मुंबई और सूरत को जोड़ेगा। प्रधानमंत्री ने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि के तहत नवसारी के किसानों को 350 करोड़ रुपये से ज्यादा की आर्थिक मदद मिल चुकी है। प्रधानमंत्री ने आदिवासी और तटीय गांवों की पहले की उपेक्षा का जिक्र करते हुए कहा कि मौजूदा सरकार ने उमरगाम से लेकर अंबाजी तक के क्षेत्र में हर बुनियादी सुविधा सुनिश्चित की गई है। राष्ट्रीय स्तर पर भी, 100 से अधिक आकांक्षी जिले जो विकास के मापदंडों में पीछे थे, वे देश के बाकी हिस्सों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। डिजिटल इंडिया पहल की सफलता और दायरे पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया डिजिटल इंडिया को पहचानती है। उन्होंने कहा कि ये वही डिजिटल इंडिया है, जिसका कांग्रेस के लोग कभी मजाक उड़ाया करते थे। आज डिजिटल इंडिया ने छोटे शहरों को ट्रांसफॉर्म कर दिया है।

**संबोधन**

- पीएम मोदी ने 47,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया
- जितना कीचड़ फेकेंगे, 370 कमल उतने ही शान से खिलेंगे : पीएम

### विकास की सौगात देकर काशी से देश को संदेश देंगे पीएम मोदी, चुनाव 2024 का करेंगे शंखनाद

**वाराणसी।** पीएम मोदी काशी में दो दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान करखियांव में पूर्वांचल के विकास में सहकार का प्रयास विषय पर जनसभा होगी। जनसभा में वाराणसी, मिर्जापुर और आजमगढ़ मंडल से किसान और योजनाओं के लाभार्थी आएंगे। पूर्वांचल को विकास की सौगात देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को काशी की धरा से आम चुनाव 2024 का शंखनाद करेंगे। पीएम मोदी एक दिन में दो जनसभा करके पूर्वांचल के साथ ही पश्चिमी यूपी, हरियाणा, पंजाब सहित देशभर के रैदासिया संप्रदाय से जुड़े लोगों को भी संदेश देंगे। पीएम के काशी दौरे में हर वर्ग को जोड़ने के लिए अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित होंगे। पीएम मोदी की वाराणसी के करखियांव में आयोजित जनसभा पूर्वांचल के विकास में सहकार का प्रयास विषय पर केंद्रित रहेगी। काशी की धरती से पूर्वांचल को साधने के लिए इस रैली में वाराणसी, मिर्जापुर और आजमगढ़ मंडल की लोकसभा सीटों से किसान, योजनाओं के लाभार्थी और अन्य लोगों को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा पीएम मोदी संत रविदास की जयंती से एक दिन पहले सीर गोवर्धन में जनसभा करके देशभर के रैदासिया संप्रदाय से जुड़े लोगों को साधने का प्रयास करेंगे। पीएम मोदी ने 23 फरवरी की सुबह संत रविदास की जन्मस्थली पर दर्शन-पूजन कर श्रद्धालुओं संग संगत करेंगे। यहां संत शिरोमणि की प्रतिमा का अनावरण करेंगे और लंगर छककर सामाजिक समरसता का संदेश भी देंगे। इससे पहले पीएम मोदी काशी सांसद खेलकूद, सांसद फोटोग्राफी, सांसद ज्ञान और सांसद संस्कृत प्रतियोगिता के विजेताओं के माध्यम से काशी से अपने जुड़ाव का नाता भी मजबूत करेंगे। इसके बाद पीएम बनास काशी संकुल का औद्योगिक क्षेत्र करखियांव में उद्घाटन करेंगे। अमूल प्लांट बनास डेयरी से पूर्वांचल में लगभग एक लाख लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।

## सीबीआई की रडार पर आये पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक

**30 स्थानों पर की छापेमारी**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने गुरुवार को किरू जलविद्युत परियोजना में कथित भ्रष्टाचार के मामले में जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के परिसर सहित देश भर में 30 स्थानों की तलाशी ली। सीबीआई ने देश के विभिन्न शहरों में 30 स्थानों पर छापेमारी के लिए 100 अधिकारियों के साथ सुबह अपना अभियान शुरू किया। सीबीआई प्रवक्ता के मुताबिक यह मामला किरू हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट (एचईपी) के 2,200 करोड़ रुपये के सिविल कार्यों के आवंटन में कथित भ्रष्टाचार से संबंधित है। सत्यपाल मलिक 23 अगस्त, 2018 और 30 अक्टूबर, 2019 के बीच जम्मू और कश्मीर के राज्यपाल थे। उस दौरान उन्होंने दावा किया था कि उन्हें परियोजना से संबंधित दो फाइलों को मंजूरी देने के लिए 300 करोड़ की रिश्वत की पेशकश की गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को मिलेगी जेड प्लस सुरक्षा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को जेड प्लस सुरक्षा प्रदान की जाएगी। केन्द्रीय एजेंसियों की ओर से खतरे का आकलन करने के बाद यह फैसला लिया गया है। सूत्रों के मुताबिक मल्लिकार्जुन खड़गे को अब सीआरपीएफ की ओर से दी जाने वाली देश की सबसे उच्च स्तर का सुरक्षा कवर दिया जाएगा। इसके बाद केवल एसपीजी की सुरक्षा का स्थान आता है, जिसे केवल प्रधानमंत्री को दिया जाता है। इस सुरक्षा कवर में सीआरपीएफ कमांडो के साथ 55 कर्मी शामिल हैं, जो चौबीस घंटे सुरक्षा देते हैं। इस कवर में एक बुलेटप्रूफ गाड़ी और तीन शिफ्ट में एस्कॉर्ट भी शामिल है।

### ईडी ने केजरीवाल को सातवीं बार भेजा समन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली शराब घोटाले में सातवीं बार समन भेजा है। ईडी ने केजरीवाल को सोमवार को पूछताछ के लिए बुलाया है। ईडी मुख्यमंत्री को इससे पहले भी छह बार समन भेज चुकी है, लेकिन वह किसी न किसी वजह से ईडी के समक्ष पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने अरविंद केजरीवाल को पिछले साल 2 नवंबर, 21 दिसंबर और इस वर्ष 3 जनवरी, 18 जनवरी और 2 फरवरी को भी पूछताछ के लिए समन भेजा था। इस मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह अभी जेल में हैं।

### दिग्विजय सिंह और डॉ. उदित राज गिरफ्तार

**भोपाल, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव से पहले इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के मुद्दे को विपक्ष फिर से हवा दे रहा है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह और पूर्व सांसद व ईवीएम हटाओ मोर्चा के संयोजक डॉ. उदित राज ने गुरुवार को मार्च निकाला। दिल्ली के जंतर-मंतर में बिना अनुमति धरना करने के लिए उन्हें रायसीना रोड से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में दिग्विजय सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी है।

### नौसेना के लिए 200 ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल खरीदने की मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने भारतीय नौसेना के लिए 19 हजार करोड़ रुपये की 200 विस्तारित रेंज वाली ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल के अधिग्रहण के लिए बड़े सौदे को मंजूरी दी है। नौसेना और ब्रह्मोस एयरोस्पेस के बीच अनुबंध पर मार्च, 2024 के पहले सप्ताह में हस्ताक्षर किए जाएंगे।

## संकल्प पूरा करने के लिए यूपी को विकसित बनाना होगा : योगी

**गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश को विकसित बनाना होगा।

योगी गुरुवार को गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) क्षेत्र को 1040 करोड़ रुपये की 20 परियोजनाओं की सौगात देने के बाद गीडा के सेक्टर 13 में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर उन्होंने गीडा की 650 करोड़ रुपये की अनुमानित आय वाली कालेसर आवासीय टाउनशिप योजना को लांच करने के साथ 300 करोड़ रुपये के निवेश वाली एसडी इंटरनेशनल की प्लास्टिक रिसाइक्लिंग एवं फूड पैकेजिंग कंटेनर यूनिट का शिलान्यास तथा 90 करोड़ रुपये के 18 विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होने कहा कि औद्योगिक विकास और रोजगार के क्षेत्र में जो परिणाम दिख रहा है, वह बेहतर कानून व्यवस्था, अच्छी सरकार और अच्छे जनप्रतिनिधियों के चुने जाने का परिणाम है। जब नीयत अच्छी होती है तो परिणाम भी अच्छे आते हैं। आज गीडा नई ऊंचाइयों को छू रहा है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का काम जल्द ही पूरा हो जाएगा। तब लखनऊ जाने के लिए दो रूट हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र औद्योगिक क्लस्टर के रूप में विकसित हो, इसके लिए बीते कुछ वर्षों में तमाम प्रयास हुए हैं।

गीडा में वरुण ब्रेवरेज, केयान डिस्टलरीज, सीपी मिल्क, तत्वा प्लास्टिक, सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन, इंडिया ऑटोव्हील्स, बालाजी प्रोसेसर्स, रूंगटा इंडस्ट्रीज, कपिला कृषि उद्योग, सिंह पेपर प्रोजेक्ट के निवेश का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सिर्फ इन्हीं निवेश परियोजनाओं से करीब 5000 युवाओं को यही नौकरी व रोजगार उपलब्ध होगा। उन्होने कहा कि गीडा क्षेत्र में अन्य उद्योग भी लग रहे हैं। 25 एकड़ में गारमेंट पार्क, 88 एकड़ में प्लास्टिक पार्क विकसित हो रहा है। 34 करोड रुपये की लागत से फ्लैटेड फैक्ट्री भी बन रही है। इसके अलावा सरकार 5500 एकड़ में धुरियापार मेंऔद्योगिक टाउनशिप बनाने जा रही है।

**सौगात**

- जब नीयत अच्छी होती है तो परिणाम भी अच्छे आते हैं
- 5000 युवाओं को नौकरी व रोजगार उपलब्ध होगा



## मानव-वन्यजीव संघर्ष में मौत होने पर केन्द्र सरकार देगी 10 लाख रुपये का मुआवजा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने केरल में मानव वन्यजीव संघर्ष की स्थिति का आकलन करने के लिए गुरुवार को समीक्षा बैठक की। बैठक में केरल सरकार के मुख्य वन्य जीव वार्डन, वायनाड के जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक, राज्य के वन और वन्यजीव, पर्यटन और स्थानीय स्वशासन विभाग के प्रतिनिधियों सहित अन्य लोगों ने भाग लिया। बैठक के बाद केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि केन्द्र सरकार ने मानव-वन्यजीव संघर्ष में मौत होने पर परिवारजन को दी जाने वाली मुआवजा राशि 5 लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये कर दी है।

बैठक में भारतीय वन्यजीव संस्थान के अधीन कोयंबटूर स्थित सलीम अली सेंटर फॉर ऑर्निथोलॉजी एंड नेचुरल हिस्ट्री में मानव वन्यजीव संघर्षों के शमन पर कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु जैसे राज्यों के साथ सहयोग के लिए एक केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके साथ पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान केरल राज्य को विभिन्न योजनाओं के तहत 15.82 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं।



**घोषणा**

- मुआवजा राशि 5 लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये की गई

### अग्निवीर परीक्षा के लिये प्रवेश पत्र नौ मार्च को

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** यूनिट हेडक्वार्टर कोटा के तहत अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर ट्रेड्समैन और अग्निवीर क्लर्क (कार्यालय सहायक) श्रेणियों के लिए दिसंबर 2023 में भर्ती रैली आयोजित की गई थी। सैन्य प्रवक्ता ने बताया कि जो अभ्यार्थी उक्त भर्ती रैली में उपस्थित हुए थे और शारीरिक और चिकित्सकीय रूप से फिट पाए गए थे उनका सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) 10 मार्च 2024 को जाट रेजिमेंटल सेंटर, बरेली में आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा में शामिल होने से संबंधित अपना एडमिट कार्ड प्राप्त करने के लिए सम्बंधित अभ्यर्थियों को जाट रेजिमेंटल सेंटर, बरेली (जाट गेट) में नौ मार्च को सुबह नौ बजे उपस्थित होना होगा।

**किसान आंदोलन : संयुक्त किसान मोर्चा का अहम फैसला**

## 26 को देशभर में ट्रैक्टर मार्च, 14 मार्च को महापंचायत

**चंडीगढ़, एजेंसी।**

बुधवार को खनौरी सीमा पर युवा किसान की मौत के बाद से किसान संगठनों में सरकार के प्रति रोष है। गुरुवार को संयुक्त किसान मोर्चा की अहम बैठक चंडीगढ़ में हुई। इसमें ट्रैक्टर मार्च और दिल्ली में महापंचायत का फैसला लिया गया। किसान नेताओं ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, हरियाणा सीएम मनोहर लाल और गृह मंत्री अनिल विज का इस्तीफा मांगा।

चंडीगढ़ में गुरुवार को संयुक्त किसान मोर्चा की अहम बैठक हुई। इसमें देशभर के कई राज्यों से पहुंचे किसान नेताओं ने हिस्सा लिया। 14 मार्च को किसान दिल्ली के रामलीला मैदान में महापंचायत करेंगे। वहीं 26 फरवरी को देशभर में किसानों ने ट्रैक्टर मार्च करने का फैसला लिया है। किसान नेता जोगिंदर सिंह उग्राहां ने बताया कि 23 फरवरी को किसान पूरे देश में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, हरियाणा के सीएम मनोहर लाल और गृह मंत्री अनिल विज के पुतले फूकेंगे। खनौरी बॉर्डर पर जान गंवाने वाले युवा किसान शुभकरण सिंह की मौत पर किसान नेताओं ने दुख जताया और श्रद्धांजलि अर्पित की। किसान नेताओं ने कहा कि किसान संगठन पूरे देश में रोष और काला दिन के रूप में प्रदर्शन करेंगे। किसान नेता बलबीर सिंह राजेवाल ने कहा कि हरियाणा पुलिस ने पंजाब की सीमा पर कार्रवाई की है। उन्होंने हरियाणा पुलिस के खिलाफ 302 के तहत केस दर्ज करने की मांग की। उन्होंने कहा कि मामले की न्यायिक जांच की जाए। हरियाणा के सीएम व गृह मंत्री के खिलाफ भी केस दर्ज करने की मांग उन्होंने की। पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता की मांग भी संयुक्त किसान मोर्चा ने की। 14 मार्च को देशभर के किसान दिल्ली के रामलीला मैदान में किसान महापंचायत करेंगे।

### किसान हमारे अन्नदाता, सरकार उनसे मुद्दों पर हर समय बातचीत करने को तैयार : ठाकुर



**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने किसानों को अन्नदाता और भाई कहते हुये गुरुवार को कहा कि वह फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लेकर आन्दोलन कर रहे किसानों से बातचीत को तैयार है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने आज कहा, केन्द्र आंदोलनकरी किसानों से बातचीत करने को तैयार है। किसान हमारे अन्नदाता और भाई हैं। श्री ठाकुर ने राजधानी में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि मोदी सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के लिये कई कदम उठाये हैं। उन्होंने कहा, हम पहले भी उनसे बातचीत के लिये तैयार थे और आज भी तैयार हैं तथा भविष्य में भी उनके विषयों पर बातचीत को तैयार रहेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के दौर में एमएसपी दोगुना हो गया है और खरीद भी दोगुने से अधिक हो रही है।

## डिप्टी एसपी रैंक के अधिकारियों का ट्रांसफर गौरव कुमार शर्मा भेजे गए बलिया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**




आगामी लोकसभा चुनाव से पहले 6 डिप्टी एसपी रैंक के अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। अपर पुलिस महानिदेशक प्रशासन नीरा रावत की ओर से पत्र जारी कर 6 डिप्टी एसपी रैंक के अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है।

जारी की गई ट्रांसफर लिस्ट के तहत गौरव कुमार शर्मा को पुलिस उपाधीक्षक जौनपुर के पद से पुलिस उपाधीक्षक बलिया के पद पर भेजा गया है। पुलिस उपाध्यक्ष बलरामपुर में तैनात दरवेश कुमार को पुलिस उपाध्यक्ष सिद्धार्थनगर के पद पर तैनाती दी गई है। पुलिस उपाधीक्षक रामपुर के पद पर तैनात अरुण कुमार सिंह को पुलिस उपाधीक्षक जनपद बरेली के पद पर तनाती दी गई है। पुलिस उपाधीक्षक उन्नाव विजय आनंद को पुलिस उपाधीक्षक सहारनपुर के पद पर तैनाती दी गई है। पुलिस उपाधीक्षक चित्रकूट के पद पर तैनात हर्ष पांडे को पुलिस उपाधीक्षक सोनभद्र के पद पर तैनाती दी गई है। पुलिस उपाधीक्षक बलिया के पद पर तैनात सन वैभव पांडे को पुलिस उपाधीक्षक सहारनपुर के पद पर तैनाती दी गई है।

## रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया दरोगा, एंटी करप्शन की टीम ने की कार्रवाई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

एंटी करप्शन की टीम ने राजधानी लखनऊ में कार्रवाई करते हुए एक दारोगा को रंगे हाथ घूस लेते पकड़ा है। दारोगा का नाम बालकरण सिंह है वर्तमान में यह माल थाना में तैनात है। बालकरण सिंह को एंटी करप्शन की टीम ने 50000 रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। जिस समय एंटी करप्शन टीम ने कार्रवाई की उसे समय शिकायतकर्ता दारोगा बालकरण सिंह को 50000 रिश्वत देने के लिए पहुंचा था। इस दौरान पहले से मौजूद एंटी करप्शन की टीम ने कार्रवाई करते हुए दारोगा को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार दारोगा को रंगे हाथों पकड़े जाने के बाद आगे की कार्रवाई की जा रही है। दरोगा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा रही है।



जानकारी मिल रही है कि माल थाने में दर्ज एफआईआर की जांच दरोगा बाल करण सिंह कर रहे थे। इस मामले में एक पक्ष द्वारा बालकरण सिंह ने फाइनल रिपोर्ट लगाने के नाम पर रिश्वत मांगी थी। आज मुकदमे में पक्षकार व्यक्ति रिश्वत देने के लिए पहुंचा था।

### मणिपुर उच्च न्यायालय ने मैतेई को एसटी का दर्जा देने के सुझाव को लिया वापस

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर उच्च न्यायालय ने मैतेई को एसटी का दर्जा देने संबंधी अपने फैसले में दिये गये सुझाव को वापस ले लिया है। उल्लेखनीय है कि मणिपुर उच्च न्यायालय द्वारा बीते वर्ष मार्च में दिए गए इस फैसले के बाद से राज्य के कुकी-जो समुदाय के लोगों ने हिंसक आंदोलन शुरू कर दिया था। मणिपुर में हिंसा आज भी जारी है। उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र सरकार बनाम मिलिंद तथा अन्य मामले संबंधी एक फैसला का हवाला देते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद 341 तथा 342 में राष्ट्रपति को यह अधिकार दिया गया है कि किस जाति या जनजाति को किस श्रेणी में रखें। उच्च न्यायालय ने माना कि यह निर्णय संसद द्वारा कानून के संशोधन के जरिए ही लिया जा सकता है।

**धोखाधड़ी** — आनलाइन लोन दिलाने के नाम लोगों को लगा रहे थे चूना

## ठगी करने वाली मास्टर माइंड सहित आठ गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

यूपी एसटीएफ ने इंडिया बुल्स कंज्यूमर फाइनेंस में आनलाइन लोन दिलाने के नाम पर झांसा देकर व्हाट्सएप के जरिए डिजिटल फर्जी दस्तावेज भेजकर आनलाइन ठगी करने वाले गिरोह के मास्टर माइंड सहित आठ लोगो को सी-4 सेक्टर 63 नोएडा से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हुए छाया सिंह (मास्टरमाइंड) प्रिया शुक्ला और आंचल चौधरी तथा सुलेखा और अंकित और सोनू उर्फविजेन्द्र प्रताप सिंह चौहान व अर्चना प्रजापति और शिवानी के पास से पैंतीस मोबाइल फोन और सत्रह एटीएम और क्रेडिट कार्ड तथा तीन लैपटाप और दो टैबलेट और तेरह प्रीऐक्टीवेटेड सिमकार्ड और चार आधार कार्ड तथा एक निर्वाचन कार्ड और एक डीएल तथा तेरह हिसाब किताब के रजिस्टर और 11,190 रुपए नकद तथा एक स्वीफ्ट डिजायर कार और 75 फर्जी दस्तावेज और एक लाख से अधिक कस्टमर का डेटा बरामद किया है। एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश ने बताया कि मास्टरमाइंड छाया सिंह वर्ष-2020 से शकर शर्मा के आफिस में बैकेंड का काम देखती थी।वही पर उसकी मुलाकात अंकित, सोनू, प्रिया, आंचल, सुलेखा, अंकिता, शिवानी से हुई। यह लोग लोन लेने के इच्छुक लोगों को इंडिया बुल्स कंज्यूमर फाइनेंस धनी एप के माध्यम से आनलाइन लोन दिलाने का झांसा देकर फर्जी दस्तावेज भेजकर कर फर्जी बैक खातों में रूपये मंगाकर ठगी करते थे।



अधिक रूपये कमाने के लालच में यह लोग अगस्त-2023 में उल्लास कुमार गोस्वामी की फर्जी आईडी बनाकर सी-4 सेक्टर 63 नोयडा के मालिक से रेंट एग्रीमेंट बनवाकर अपना खुद का आफिस खोलकर ठगी का काम करने लगे। इस काम को करने के लिए इन लोगो ने रजत नाम के साफ्टवेयर इंजीनियर से कस्टमर का डेटा प्राप्त किया जाता है।जिसको रजत जस्ट डायल व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म से प्राप्त करके देता है। प्री-एक्टीवेटेड सिम लव व गणेश से लिया जाता है। रजत द्वारा दिये गये डेटा पर काल कर लोगों को बताया जाता है कि इंडिया बुल्स कंज्यूमर फाइनेंस में मैनेजर हूं ।आपका लोन हो जायेगा जिसके रजिस्ट्रेशन के लिए आपको पैतालीस सौ रुपए यूपीआई बैंक एकाउंट में भेजना होगा जिसके बाद आपको अप्रूवल लेटर आयेगा। कस्टमर को अपने विश्वास में लेने के लिए इंडिया बुल्स कंज्यूमर फाइनेंस का फर्जी आईडी कार्ड व्हाट्सएप के जरिए भेजा जाता है। जब कस्टमर द्वारा पेमेंट कर दिया जाता है तो यह लोग व्हाट्सएप से इंडिया बुल्स कंज्यूमर फाइनेंस का अप्रूवल लेटर भेजकर बताते हैं कि आपको ईसीएस के लिए लोन के अनुसार रुपया भेजना पडेगा। जिसमें से ढाई सौ रुपए कट जायेगा। जमा किया गया शेष धन लोन के साथ रिफंड कर दिया जायेगा। इस पर विश्वास करके जब कस्टमर द्वारा पेमेंटकर दिया जाता है तो उनको व्हाट्सएप के माध्यम से अमाउंट रिसीव लेटर भेज दिया जाता है। फिर लोन अमाउंट का अठठारः प्रतिशत जीएसटी पे करने की पेशकश की जाती है। जब कस्टमर जीएसटी पे कर देता है तो उसे कन्फर्मेशन लेटर व्हाट्सएप के माध्यम से भेज दिया जाता है और बताया जाता है कि लोन पर इंश्योरेंस कराना पड़ेगा।इन्ही विभिन्न तरीकों से यह लोग ठगी करते हैं।

# पिछड़े वर्ग के छात्रों को समय से छात्रवृत्ति प्रदान की जाए : कश्यप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

- पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांग सशक्तिकरण योजनाओं का हो व्यापक प्रचार-प्रसार
- अधिक से अधिक पात्र लोगों को दिलवाया जाय लाभ



पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की योजनाओं का जनपदीय अधिकारी प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक पात्र लोगों को लाभान्वित करने का कार्य करें। योजनाओं पर जनपद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर पात्र लोगों को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से लाभान्वित भी किया जाए। विभागीय वेबसाइट तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सभी योजनाओं की जानकारी अपलोड की जाए। यह निर्देश प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने अधिकारियों को दिए। नरेंद्र कश्यप आज गुरुवार को अपने कार्यालय में विभागीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के कार्य में कोई शिथिलता न बरती जाए। उपकरणों की समय से आपूर्ति न करने वाली संस्थाओं से स्पष्टीकरण लेते हुए सख्त कार्यवाही की जाए। दिव्यांगजनों के लिए विभिन्न जनपदों में कार्यक्रम आयोजित किए जाए। गोरखपुर के बाद वाराणसी, लखनऊ और मेरठ में दिव्यांगजनों के लिए कार्यक्रम आयोजित कर अधिक से अधिक दिव्यांगजनो की प्रतिभाओं को प्रदर्शित किया जाय। पिछड़े वर्ग के युवाओं ल को कम्प्यूटर प्रशिक्षण। प्रदान कर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए जाए। शादी अनुदान योजना में अधिक से अधिक लोगो को लाभ लेने हेतु प्रेरित किया जाय। पिछड़े वर्ग के छात्र व छात्राओं को शत प्रतिशत छात्रवृत्ति समयसीमा में प्रदान किया जाय। डॉ. शकुंतला मिश्रा पुर्नवास विश्विद्यालय लखनऊ एवं जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट में शिक्षा प्राप्त कर रहे दिव्यांगजनो की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर निस्तारित किया जाय। उन्हें प्रदेश सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाएं उपलब्ध करायी जाय। अधिकारियों से कहा कि योगी सरकार दिव्यांगजनो एवं पिछड़ा वर्ग के लोगो के हितों को ध्यान दे रहीं हैं और योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों को मिले इसके लिए बजट की व्यवस्था भी की गयी है। इसलिए मंडल और जनपदीय अधिकारी दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करते हुए योजनाओं को पात्र लोगों को देने का कार्य करे।बैठक में प्रमुख सचिव दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण सुभाष चन्द्र शर्मा , राज्य आयुक्त दिव्यांगजन सशक्तीकरण अजीत कुमार, निदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण भूपेंद्र एस. चौधरी, निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण डॉ. वंदना वर्मा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# मिर्जापुर में आमने-सामने हो सकती हैं अनुप्रिया व पल्लवी पटेल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



लोकसभा चुनाव करीब आते ही दो धड़ों में बंटे सोनेलाल पटेल के परिवार में राजनीतिक वर्चस्व की जंग दिखने के आसार बन रहे हैं। सपा ने मिर्जापुर संसदीय क्षेत्र से चुनावी तैयारी के लिए अपना दल कमेरावादी को हरी झंडी दी है।

सूत्र बताते हैं कि इस सीट से अपना दल कमेरावादी की नेता व सपा से सिराथू की विधायक पल्लवी पटेल विपक्ष का चेहरा होंगी। जो राजनीतिक दांव पेंच इस सीट को लेकर चले जा रहे हैं, उसमें अधिक संभावना बन गई है कि इस सीट से दोनों सगी बहने आमने-सामने चुनाव मैदान में नजर आ सकती हैं। पल्लवी पटेल के प्रत्याशी के रूप में उतरने पर चुनाव रोचक हो जाएगा क्योंकि ऐसी स्थिति में उनका मुकाबला इस सीट से उनकी सगी बहन मौजूदा सांसद व केंद्र सरकार में राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल से होगा। एनडीए सहयोगी अपना दल सोनेलाल की अध्यक्ष केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल को घेरने के लिए विपक्ष ने इसी रणनीति के तहत यह फैसला करने पर विचार हो रहा है।

## खबरें एक नजर में

### डीएम ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, दिए जरूरी निर्देश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं आज बृहस्पतिवार से प्रदेश के 8265 केंद्र पर शुरू हो गई हैं। जहां पर 55.25 लाख से अधिक विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए हैं। परीक्षा को नकल विहीन बनाने के लिए प्रशासन ने कई इंतजाम किये हैं। राजधानी लखनऊ में जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। परीक्षा के दौरान कैसरबाग स्थित सेंटिनियल इंटर कॉलेज पहुंचे डीएम ने अभिलेखों, परीक्षार्थियों की उपस्थिति और सीसीटीवी रिकॉर्डिंग को देखा। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए। सीसीटीवी कैमरों के द्वारा कराई जा रही मॉनिटरिंग को भी उन्होंने खुद चेक किया साथ ही परीक्षा केंद्रों पर छात्रों के लिए उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली।

### श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की लखनऊ जिला इकाई घोषित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** शहर के हजरत गंज स्थित कसमंडा हाउस में आयोजित बैठक में श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की नई लखनऊ जिला इकाई का गठन किया गया। बैठक में मौजूद यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजेश त्रिवेदी एवं महामंत्री रमेश शंकर पांडेय ने लखनऊ जिला इकाई की घोषणा करते हुए विवेक कुमार को अध्यक्ष, गिरजा शंकर तिवारी को महामंत्री, अतुल तिवारी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विपिन सिंह, अर्जुन तिवारी, रोहित श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष, मनीष कुमार तिवारी, संजय कुमार यादव को मंत्री, कुमारी शुभी को कोषाध्यक्ष तथा नवनीत सिंह गौतम को प्रवक्ता नियुक्त किया। इनके साथ ही शिशिर श्याम शर्मा, आकिब मेराज खान, आलोक प्रताप सिंह, सागर कुमार, जीशान खान, सत्य प्रकाश शुभम को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया। बैठक को प्रदेश अध्यक्ष डा. राजेश त्रिवेदी, महामंत्री रमेश शंकर पांडेय, प्रवक्ता राकेश कश्यप, जिला अध्यक्ष विवेक कुमार, महामंत्री गिरजा शंकर तिवारी, उपाध्यक्ष अतुल तिवारी, वी. के. सिंह आदि ने सम्बोधित किया।

### आदि गंगा मां गोमती आरती आज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सनातन महासभा की ओर से हर महीने पूर्णिमा पर होने वाली 122वी आदि गंगा मां गोमती महाआरती का भव्य आयोजन इस बार 23 फ़रवरी दिन शुक्रवार को शाम 6 बजे सनातन घाट झूलेलाल वाटिका गोमती तट पर किया जायेगा। संयोजक डॉ. प्रवीण ने बताया कि इस बार माघी पूर्णिमा के अवसर पर संत रविदास जयंती की पूर्व संध्या पर जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। बाद में भंडारा प्रसाद वितरण भी होगा।

### संत गाडगे की 148वीं जयंती आज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आज धोबी समाज विकास संस्थान के द्वारा संत गाडगे की 148वीं जयंती के उपलक्ष्य में 23 फ़रवरी 2024 को स्थान घण्टाघर पार्क, हुसैनाबाद, लखनऊ में समय दोपहर 03 बजे मनाई जायेगी एवं समाज के चौधरीगण एवं भाजपा कार्यकर्ता व वरिष्ठ समाजसेवी, व अन्य समाज के लोग उपस्थित रहेगें एवं मुख्य अतिथि बुक्कल नवाब जी एम0एल0सी0 भा0ज0पा0 एवं विशिष्ट अतिथि हुसैनाबाद वार्ड की पार्षद लुबना अली खान एवं पूर्व पार्षद हुसैनाबाद वार्ड मा0 फैसल नवाब, नितिन मित्तल क्षेत्रीय अध्यक्ष भा0ज0पा0 अवध क्षेत्र, एवं वरिष्ठ समाज सेवक एम0अली0 मदहोश, व अणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेगें।

### नो-वेंडिंग जोन में अतिक्रमणकारियों का वर्चस्व

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ,भूमाफिया, नेता और नगर निगम गठजोड़ की दास्तां बयां करता चारबाग मेट्रो स्टेशन के नीचे रेलवे स्टेशन के मोड़ पर नो-वेंडिंग जोन में नगर निगम द्वारा लगाया गया बोर्ड नगर निगम की ही खिल्ली उड़ा रहा है। कारण स्पष्ट है। जहां चारबाग मेट्रो स्टेशन के नीचे का एरिया अतिक्रमण मुक्त घोषित है। वही वोट बैंक की राजनीति की पगडंडियों पर चलते वरदहस्त प्राप्त आकाओ के इशारों पे यहां पर 24 घंटे फलता-फूलता अतिक्रमणकारियों का धंधा सवके सामने है। इनकी हिमाकत तो देखिए हाइकोर्ट के आदेश भी इन अतिक्रमणकारियों के सामने बौने नजर आते है। उत्तरप्रदेश में अतिक्रमणमुक्त प्रदेश का सपना देखना सिर्फएक बईमानी है। यदि राजधानी का यह हाल है तो प्रदेश के अन्य जिलों का क्या हाल होगा। जानकारी के अनुसार आज सुबह ही चारबाग से व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मंडल उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह से मिलकर चारबाग नो- वेंडिंग जोन में काबिज अतिक्रमणकारियों की दास्तां बयां करके लौटा है।

### राजस्थान के मुख्यमंत्री आज यूपी में

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजस्थान के मुख्यमंत्री कल 23 फ़रवरी को एक दिवसीय प्रवास पर यूपी में रहेगें। बीजेपी के प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने बताया कि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा शुक्रवार सुबह 10 बजे चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट लखनऊ पहुंचेगें। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा सुबह 11:30 बजे नैमिषारण्य सीतापुर में चक्रतीर्थ मार्जन एवं संतो से भेंट करेगें। भजन लाल शर्मा दोपहर 1 बजे एनके पैलेस रिसोर्ट, बाईपास रोड सीतापुर में आयोजित लोकसभा कलस्टर बैठक एवं दोपहर 2:30 बजे विधानसभा बैठक में सम्मिलित होगें। इसके पश्चात् दोपहर 3:35 बजे जेपी लॉन खैराबाद, सीतापुर में जनप्रतिनिधों के साथ बैठक करेगें तथा सायं 4:25 बजे प्रबुद्धवर्ग सम्मेलन को सम्बोधित करेगें।

## पुलिस भर्ती बोर्ड ने पेपर लीक के मांगे साक्ष्य, मेल से भेज सकेंगे प्रत्यावेदन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने के संबंध में अभ्यर्थियों से प्रमाण देने को कहा है। इस संबंध में अभ्यर्थी प्रमाणों एवं साक्ष्यों सहित अपना प्रत्यावेदन शुक्रवार शाम छह बजे तक बोर्ड की ई-मेल आईडी पर भेज सकते हैं, जिसका परीक्षण करने के बाद अभ्यर्थियों के हित में आगे की कार्रवाई की जाएगी।अपर सचिव भर्ती द्वारा जारी सूचना के मुताबिक विगत 17 और 18 फ़रवरी को चार पालियों में हुई लिखित परीक्षा के संबंध में विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफ़ार्म और अखबारों में कुछ प्रश्न पत्रों के संबंध में सूचनाएं वायरल होने की खबरें प्रकाशित हुई थी। इस बारे में अभ्यर्थियों द्वारा विभिन्न जिलों में प्रत्यावेदन प्रस्तुत किए जा रहे हैं।बोर्ड ने इस बारे में अभ्यर्थियों और सर्वसाधारण को सूचित किया है कि यदि इस विषय में वह कोई प्रत्यावेदन प्रस्तुत करना चाहते हैं, तो सुसंगत प्रमाणों एवं साक्ष्यों के साथ अपना प्रत्यावेदन जिसमें नाम, पता, मोबाइल नंबर एवं आधार कार्ड अंकित हो, उसे शुक्रवार शाम तक बोर्ड को भेज सकते हैं। परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक होने के दावों और अन्य त्रुटियों की जांच के लिए एडीजी,सदस्य सचिव की अध्यक्षता में आंतरिक जांच समिति का गठन किया जा चुका है।

# पर्यटकों एवं निवेशकों को आकर्षित करेगा पर्यटन विभाग : जयवीर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

- बौद्ध स्थलों की ब्राण्डिंग एवं मार्केटिंग के लिए पवेलियन स्थापित
- यूपी ने पिछले 6-7 वर्षों में अपनी छवि में किया अभूतपूर्व परिवर्तन



**लखनऊ।** 23 फ़रवरी से 03 मार्च तक थाईलैंड में आयोजित किये जा रहे बुद्ध भूमि कार्यक्रम में यूपी पर्यटन विभाग प्रदेश में स्थित बौद्ध स्थलों की ब्राण्डिंग एवं मार्केटिंग के लिए पवेलियन स्थापित करेगा। कार्यक्रम बैंकाक के सनम लुयांग रॉयल मैदान में आयोजित किया जा रहा है।

पवेलियन के माध्यम से भगवान बुद्ध से जुड़े ऐतिहासिक स्थलों के बारे में प्रचार-प्रसार करके पर्यटकों को लुभाने तथा निवेशकों को आकर्षित करने का प्रयास करेगा। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि बुद्ध भूमि कार्यक्रम में प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम भाग ले रहे हैं। पर्यटन विभाग पवेलियन के माध्यम से निवेशकों को लुभाने एवं प्रदेश में स्थित बौद्ध धर्म से संबंधित स्थलों में निवेश के अवसर और व्यवसाय संभावनाओं की जानकारी देंगे। कार्यक्रम में आगन्तुकों को कुशीनगर, सारनाथ, श्रावस्ती, कपिलवस्तु समेत अन्य बौद्ध स्थलों से जुड़ी लघु फिल्म भी दिखाई जायेगी।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि चतुर्थ ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि यूपी में भारत का सबसे बड़ा टूरिज्म हब बनने की सामर्थ्य है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि यूपी पिछले 6-7 वर्षों में अपनी छवि में परिवर्तन किया है। बीमारू राज्य की श्रेणी से निकलकर असीमित सामर्थ्य युक्त राज्य के रूप में स्थापित हो चुका है। इसका लाभ पर्यटन क्षेत्र में निवेश करने वाले निवेशकों को उठाने के लिए प्रेरित किया जायेगा। कम समय एवं कम लागत में प्रदेश के एक कोने से दूसरे कोने तक पहुंचने के लिए यूपी में सर्वाधिक एक्सप्रेस वे तथा इण्टरनेशनल एयरपोर्ट हैं। राज्य सरकार का प्रयास है कि दुनिया को बौद्ध स्थलों के बारे में अधिक से अधिक जानकारी उपलब्ध कराई जाए जिससे अधिक से अधिक पर्यटक इन स्थलों का भ्रमण कर सकें। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।

पवेलियन में आने वालों को भगवान बुद्ध से संबन्धित पुस्तकें, बौद्ध धार्मिक स्थलों से जुड़े यात्रा वृतांत कीजानकारी मिलेगी। इस आयोजन में कई परिचर्चाओं और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। यूपी देश का एक ऐसा राज्य है, जिसके पास भगवान बुद्ध की जीवन से जुड़े सर्वाधिक बौद्ध स्थल एवं तीर्थ हैं । इन पवित्र स्थलों के दर्शन के लिए कंबोडिया, थाईलैंड, बर्मा म्यांमार, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, लाओस और मंगोलिया, चीन, वियतनाम, हांगकांग, जापान, सिंगापुर, ताइवान, कोरिया और हिमालय क्षेत्र से हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं।

### बौद्ध विरासत की सबसे समृद्ध धरोहर यूपी के पास

जयवीर सिंह ने बताया कि बौद्ध विरासत की सबसे समृद्ध धरोहर उत्तर प्रदेश के पास है। बौद्ध पर्यटन उद्योग की दृष्टि से भी उत्तर प्रदेश सर्वाधिक संभावनाओं वाला प्रदेश है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने यूपी की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर तक ले जाने का संकल्प लिया है। इस संकल्प को पूरा करने में पर्यटन विभाग की आम भूमिका होगी, क्योंकि पर्यटन सेक्टर में रोजगार, आमदनी तथा निवेश की बेहतर संभावनायें हैं। उन्होंने बताया कि पर्यटन सेक्टर पर विशेष फोकस कर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को अपेक्षित लक्ष्य तक ले जाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि देश की जीडीपी में उत्तर प्रदेश का 9.2 प्रतिशत योगदान है।

## स्वामी प्रसाद मौर्य ने नई पार्टी का किया एलान



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** स्वामी प्रसाद मौर्य ने दिल्ली के तालकटोरा में नई राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी का एलान कर दिया है। इस मौके पर उन्होंने भाजपा पर हमलावर होते हुए कहा कि वो देश को हिंदू-मुसलमान को बांटने का काम कर रही है। समाजवादी पार्टी में उपेक्षा की बात कहकर सभी पदों से और विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद स्वामी प्रसाद मौर्य ने बृहस्पतिवार को दिल्ली के तालकटोरा में नई पार्टी राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी (आरएसएसपी) का एलान कर दिया है। इस मौके पर उन्होंने भाजपा व आरएसएस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि धर्म की दुहाई देकर सत्ता में बैठे इंसानियत का कत्लेआम कर रहे हैं। सपा में रहते हुए स्वामी प्रसाद मौर्य लगातार अपने बयानों से चर्चा में रहे हैं। उनके बयानों के कारण सपा नेतृत्व भी कई बार परेशानी में नजर आया और उन्हें पार्टी में ही विरोध का भी सामना करना पड़ा है। बीते दिनों उन्होंने पहले सपा के राष्ट्रीय महासचिव और फिर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद दिल्ली में नई पार्टी का एलान कर दिया। उन्होंने विपक्षी गठबंधन इंडिया को मजबूत करने की बात कही थी।

## जया किशोरी को जान से मारने की धमकी, एफआईआर दर्ज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



कथावाचक जया किशोरी के साथ अभद्रता व जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है। बीते दिनों जया किशोरी यूपी की लखनऊ में महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन के कार्यक्रम में महिलाओं को टिप्स देने के लिए आई थीं। कार्यक्रम में एक युवक जया किशोरी का पीछा करते हुए स्टेज पर पहुंच गया और वहां पर उसने उनके साथ अभद्रता करने के साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी।

कार्यक्रम के बाद जया के मुंह बोले भाई ने हजरतगंज थाने में युवक के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराई है। मिली जानकारी के अनुसार जया किशोरी मंगलवार को महिला हेल्प लाइन 1090 के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए लखनऊ के गन्ना संस्थान पहुंची थीं। उन्होंने महिलाओं को सशक्त व मजबूत बनाने के लिए कई तरह के टिप्स दिए। उन्होंने छात्राओं और महिलाओं से बातचीत भी की। बेटियों को बेटे के समान समझने और उन्हें सुरक्षित माहौल देने के लिए भी लोगों से अपील की। जब वह यह सब बातें छात्राओं और वहां मौजूद अन्य लोगों से कह रही थीं, उसी दौरान उनके साथ ही बड़ी घटना घट गई। हजरतगंज थाने में कोलकाता के रहने वाले दीपक ओझा ने जो एफआईआर दर्ज कराई है, उसमें बताया है कि जया किशोरी का गन्ना संस्थान में कार्यक्रम था। इस दौरान युवक दीपेश ठाकुरदास थवानी जया किशोरी का पीछा करते हुए पहुंच गया। स्टेज पर चढ़ने का प्रयास करने लगा और जया को जान से मारने की धमकी देने लगा। शिकायतकर्ता दीपक ओझा ने बताया कि यह पहली बार नहीं था जब दीपेश जया किशोरी का पीछा करते हुए उनके पास पहुंचा था। इससे पहले हैदराबाद, जयपुर और जालंधर समेत कई स्थानों पर पहुंच कर जया को जान से मारने की धमकी दे चुका है। हजरतगंज इंस्पेक्टर विक्रम सिंह के मुताबिक शिकायतकर्ता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है।

## योगी ने एफआरपी में वृद्धि पर पीएम मोदी का जताया आभार

**लिखा, किसानों की आय दोगुना करने के लिए डबल इंजन सरकार संकल्पित**



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीजन 2024-25 के लिए गन्ने के फेयर एंड रेमुनेरेटिव प्राइस (एफआरपी) में वृद्धि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि किसान बंधुओं की आय को दोगुना करने के लिए डबल इंजन की सरकार संकल्पित है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने सीजन 2024-25 के लिए गन्ने के फेयर एंड रेमुनेरेटिव प्राइस (एफआरपी) में आठ फीसदी की वृद्धि करते हुए 340 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। सीएम ने इस निर्णय पर प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताते हुए लिखा कि कृषक कल्याण हेतु लिए गए इस अभिनंदनीय निर्णय के लिए आपका आभार प्रधानमंत्री जी।

# कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में जाएंगे अखिलेश यादव, जनता को करेंगे संबोधित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 25 फ़रवरी को आगरा पहुंचेगी। सूत्रों को मुताबिक, कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भी शामिल होंगे। आगरा में अखिलेश और राहुल जनता को संबोधित करेंगे।

बता दें कि आज इन्विटेशन लेकर यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय अखिलेश के पास जाएंगे। इसे लेकर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार चिल्लू सहित अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। यात्रा टेढ़ी बगिया स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा से शुरू होगी। पार्टी पदाधिकारियों ने प्रस्तावित रूट का निरीक्षण किया।

शहर कांग्रेस प्रवक्ता आईडी श्रीवास्तव ने बताया कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा टेढ़ी बगिया से शुरू होकर सौ फुटा रोड स्थित सीएनजी पंप तक पदयात्रा करेगी। इसके बाद शाहदरा, नुनिहाई होते हुए आंबेडकर पुल से यमुना किनारा, हाथी घाट, लाल किला, बालूगंज गुरुद्वारा रोड, मॉल रोड, प्रताप पुरा, राणा प्रताप कॉलोनी, सदर बाजार होते हुए बुंदू कटरा, गोपाल पुरा, सेवला होते हुए तेहरा चौराहे पर पहुंचेगी। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच काफी समय से सीटों को लेकर चल रही खींचातानी पर अब विराम लग गया है। दरअसल, कल सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कांग्रेस और सपा के बीच गठबंधन का ऐलान कर दिया है।

सपा ने कांग्रेस को 17 सीटें देने का प्रस्ताव दिया था, जिसे कांग्रेस ने कबूल कर लिया है। सपा द्वारा कांग्रेस को दी गई सीटें ऐसी है जहां सपा की स्थिति काफी कमजोर है। इन 17 सीटों में से 7 ऐसी सीटें हैं, जहां 32 साल के इतिहास में आज तक सपा जीत नहीं सकी। बता दें कि सपा ने कांग्रेस को वो 17 सीटें दी है, जिस पर सपा की स्थिति कमजोर है।

वहीं, जब इन सीटों पर इतिहास देखेंगे तो 17 में से 7 सीटें ऐसी हैं, जिन्हें समाजवादी पार्टी अपने 32 साल के इतिहास में आज तक नहीं जीत सकी। इसके अलावा दूसरी 7 सीटें ऐसी हैं, जहां समाजवादी पार्टी सिर्फ 1 बार जीती और 3 सीट पर सिर्फ 2-2 बार जीती है। वहीं, अब देखना ये होगा कि क्या कांग्रेस इन सीटों पर जीत हासिल कर पाएंगी जा फिर नहीं।

# नगर निगम की स्वीपिंग मशीन ले भागा ड्राइवर, अधिकारियों ने दौड़ाकर पकड़ा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

- पिछले तीन माह का वेतन न मिलने से आहत होकर उठाया कदम

नगर निगम की रोड स्वीपिंग मशीन विभाग का पूर्व ड्राइवर लेकर भाग निकला। आरआर विभाग के इन ड्राइवरों को वेतन नहीं मिला था। आनन-फानन में अपर नगर आयुक्त डॉ. एके राव और अन्य अधिकारियों ने उनको दौड़ा कर पकड़ा।

जबरदस्ती चाबी छीन ली। मौके पर मदद के लिए पुलिस बुलानी पड़ी। सभी रोड स्वीपिंग मशीन को राजभवन रोड स्थित डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के सरकारी बंगले के पास मिली। पहले तो काफी देर तक सभी चालकों को समझया गया। हालांकि वह इस बात पर अड़े थे कि उनको तीन महीने का वेतन दिया जाए। वेतन मिलने के बाद ही रोड स्वीपिंग मशीन की चाबी वह देंगे। उनका कहना था कि अगर सैलरी न मिली तो सभी रोड स्वीपिंग मशीन को विधानभवन के सामने खड़ी कर धरना देंगे।

आखिरी में पुलिस की मदद से बलपूर्वक चाबी छीनी गई। रोड स्वीपिंग मशीन को वापस आरआर कार्यशाला ले जाकर खड़ी कर दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर निगम ने पूर्व छह ड्राइवरों के खिलाफ गोमती नगर थाने में वाहन को लूटने की तहरीर दी है।बताया जा रहा है कि संस्था को वेतन दे दिया गया है। लेकिन उनके लिए काम करने वाले कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है। नगर निगम आरआर विभाग के चीफ इंजीनियर मनोज प्रभात ने बताया कि पिछले साल नवंबर में पुरानी कार्यदायी संस्था का रोड स्वीपिंग का टेंडर निरस्त कर दिया गया था। संस्था के ड्राइवरों पर आरोप था कि रोड स्वीपिंग के नाम पर सड़क की सफाई नहीं होती है। जबकि रोड स्वीपिंग मशीन चलने के नाम पर प्रतिदिन 60 से 70 लीटर डीजल खर्च दिखाया जा रहा था। अब काम नए संस्था को दे दिया गया है। कर्मचारियों की सैलरी कार्यदायी संस्था को भुगतान कर दिया गया था। ऐसे में संस्था की जिम्मेदारी है कि वह कर्मचारियों को सैलरी दे। चीफ इंजीनियर ने कहा कि वाहन लेकर भागना काफी गंभीर मामला है। अगर ड्राइवरों को कोई समस्या थी मिलकर बताई जा सकती थी।


**राज्यसभा चुनाव**

## राजा भैया अचानक बन गए किंग मेकर

# सपा के तीसरे और बीजेपी के आठवें प्रत्याशी का तय होगा भविष्य

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

- सपा और भाजपा दोनों चाहते साथ,जिधर झुकेंगे, होगी बल्ले बल्ले
- सपा-कांग्रेस गठबंधन से यूपी की सियासी हलचल तेज, देर शाम सीएम योगी की राजा भैया से मुलाकात



लोकसभा चुनाव 2024 के लिए उत्तर प्रदेश में सपा-कांग्रेस गठबंधन तो फाइनल हो गया है लेकिन अभी राज्यसभा के चुनाव सपा और भाजपा के लिये प्रतिष्ठा का सवाल बन गया है। राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग तो अब तय हो गई है। बीजेपी के आठवें प्रत्याशी के उतरने के साथ ही यह बात तय हो गई। सूत्रों की माने तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के प्रमुख राजा भैया से मुलकात हुई है। राज भैया से बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने भी उनके घर जाकर मुलाकात की है राज्यसभा चुनाव को लेकर बीजेपी नेताओं और राजा भैया की मुलाकात बताई जा रही है। इससे पहले 20 फ़रवरी को सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल भी राजा भैया से मिलने पहुंचे थे। राजा भैया 21 फरवरी की शाम सीएम योगी से मिले हैं। बीजेपी राज्यसभा चुनाव के लिए 8वीं सीट जीतकर बड़ा मैसेज लोकसभा चुनाव के लिए देना चाहती है। यूपी 10 सीटों पर होने वाले राज्यसभा चुनाव के लिए बीजेपी की 7 और सपा की तीन सीटों पर जीत तय मानी जा रही थी लेकिन बीजेपी ने 8वां प्रत्याशी उतारकर चुनाव को रोमांचकारी बना दिया। यूपी की 10 राज्यसभा की सीटों के लिए 11 प्रत्याशी मैदान में हैं। सपा ने रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया की पार्टी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक से समर्थन मांगा है।कहते हैं कि सपा ने राजा भैया के दो विधायकों यानि एक खुद रघुराज प्रताप सिंह और दूसरा विनोद सोनकर से सपा उम्मीदवार को वोट देने का समर्थन मांगा है।दावेदार कहते हैं कि राजा भैया के संपर्क में चार विधायक हैं, जिसमें दो उनकी पार्टी और दो अन्य पार्टियों के हैं। ये विधायक राजा भैया के कहने पर मतदान कर सकते हैं।सिराथू से सपा की विधायक अपना दल कमेरावादी की नेता पल्लवी पटेल ने सपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने से इंकार कर दिया है।बीजेपी को उम्मीद है कि पल्लवी पटेल का मत उन्हें मिल सकता है।

### बीजेपी का आठवां उम्मीदवार, सहयोगी दलों पर पैनी नजर

बीजेपी के सामने चुनौती दो तरह की हैं। सपा के विधायकों का जुगाड़ के साथ ही अपना घर भी बचाना है। सपा को सिर्फएक अतिरिक्त वोट की जरूरत है। बीजेपी सत्ता में है,ये उसकी बड़ी ताकत है। बीजेपी के साथ तीन सहयोगी दल हैं। इन्हीं पार्टियों पर समाजवादी पार्टी की भी नजर है। सहयोगी दलों के विधायक कमजोर कड़ी बन सकते हैं। बीजेपी के तीन सहयोगी दल हैं जिनके समर्थन से बीजेपी का आठवां उम्मीदवार जीत सकता हैं। अनुप्रिया पटेल की पार्टी अपना दल के 13 विधायक हैं। बीजेपी की भरोसेमंद सहयोगी पार्टी अपना दल है। ओम प्रकाश राजभर का आना-जाना लगा रहा है, उनके भी आधा दर्जन विधायक हैं। तीसरा सहयोगी दल निषाद पार्टी है। सपा और भाजपा दोनों सम्भावित क्रॉस वोटिंग पर मंथन कर रहे हैं। अपने क्रॉस वोटिंग करें नही और दूसरे क्रॉस वोटिंग जरूर करें क्योंकि बिना क्रॉस वोटिंग राह आसान नही होगी।

# गन्ने के खेत में मिला लापता बालिका का शव

**ग्रामीण दुष्कर्म के बाद हत्या की जाता रहे आशंका, सगे भाइयों ने वारदात को दिया अंजाम, एक गिरफ्तार, बड़ा भाई फरार**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 6 वर्षीय बालिका बुधवार दोपहर में रहस्यमय हालत में लापता हो गई। उसका शव बृहस्पतिवार को एक किसान के गन्ने के खेत से बरामद हुआ है। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हत्या के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका बड़ा भाई फरार है।



कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 6 वर्षीय बालिका अपने पड़ोसी कल्लू पुत्र पृथ्वी के यहां आया जाया करती थी। बुधवार सुबह भी बालिका पड़ोसी कल्लू के घर गई, लेकिन काफी देर तक बालिका वापस नहीं पहुंची। जिस पर परिवार के लोगों ने खोजबीन शुरू की। पुलिस को बालिका के गायब होने की जानकारी दी। परिवार के लोग गायब बालिका की तलाश कर रहे थे। बृहस्पतिवार को 12:00 बजे गांव निवासी किसान बाबू वर्मा के खेत में बालिका का शव पड़ा मिला। इस पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। कैसरगंज कोतवाली की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने लाश को कब्जे में कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने बताया कि बालिका पड़ोसी कल्लू के यहां जाया करती थी। कल्लू और उसके भाई राजेश उर्फ लाला के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। राजेश को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसने गला दबाकर हत्या की बात स्वीकार की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद अन्य जानकारी हो सकेगी। ग्राम प्रधान श्रवण कुमार का कहना है कि बच्ची के शरीर से खून निकल रहा था। नीचे के हिस्से में कपड़े नहीं थे। आसपास भी खून निकल रहा था

**गुमशुदगी का दर्ज है केस:** अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने बताया कि बालिका के गायब होने के मामले में गुमशुदगी का केस दर्ज है। ग्रामीणों के साथ पुलिस भी तलाश कर रही थी, लेकिन गुरुवार को उसका शव बरामद हुआ।

**नहीं है कोई विवाद:** गांव के लोगों का कहना है कि मृत बालिका और आरोपी के परिवार के बीच कोई विवाद नहीं है। ऐसे में हत्या क्यों की, इसका सवाल पुलिस नहीं दे रही है। ऐसे में दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका लोग जाता रहे हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपी राजेश उर्फ लाला ने शराब भी खूब पी रखी थी। गुरुवार को होश में आने के बाद उसने हत्या की बात कबूल की है।

**परिवार को दबा रही पुलिस:** गांव के लोग दुष्कर्म के बाद हत्या की बात कह रहे हैं। गांव पहुंचे एएसपी सिटी की मौजूदगी में कैसरगंज कोतवाली की पुलिस परिवार को दबा रही है। बयान नहीं लेने दे रही है। अखबारों के संवाददाताओं को भगा दिया। मोबाइल भी जब्त कर लिया।

**सरसो के खेत में पड़ा मिला ब्लड:** गन्ने के खेत मे शव मिला तो कुछ दूरी पर सरसों के खेत मे खून मिला। जिससे साफ पता चल रहा है कि मृत बालिका को पहले सरसों के खेत मे ले गये इसके बाद गन्ने के खेत मे फेंक दिया।

**मृतका बालिका के थे आठ भाई बहन:** मृत बालिका परिवार मे सातवें नम्बर पर थी और आठवें नम्बर व सबसे छोटा एक भाई था। जिसमें चार बहनों मे सबसे छोटी मृत बालिका थी और चार भाई है जो तीन उससे बडे थे एक भाई छोटा था।

**पिता राजस्थान मे करता है मजदूरी:** मृत बालिका के पिता राजस्थान में मजदूरी करता है। जैसे ही बच्ची के बारे मे सूचना दी गई वैसे ही वो मायूस हो गया और तुरंत ही घर के लिए निकल लिया।

**एएसपी सिटी ने फोरेंसिक टीम के साथ किया घटनास्थल का निरीक्षण:** अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे जहा पर घटनास्थल पर मौजूद लोगों से वार्ता किया और जांच टीम ने हर एक तरफ से सबूत इक्कठा किया।वही पर सुरक्षा के दृष्टिगत से गांव मे पुलिस बल तैनात हैं।

# कहीं जमीन के लालच में तो नहीं हुई पुजारी की हत्या

**मृतक के नाम छह बीघा जमीन और है पक्का मकान**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के मकरंदपुर गांव में स्थित भैरव दास कुटी मंदिर के पुजारी की अज्ञात लोगों ने हाथ बांधकर निर्मम हत्या कर दी। पुजारी की हत्या के खुलासे के लिए एसपी की ओर से टीम गठित की गई है।



हालांकि बिना परिवार के मंदिर में रह रहे पुजारी की हत्या जमीन के लालच में भी होने की आशंका जताई जा रही है। रामगांव थाना क्षेत्र के रेहुआ मंसूर गांव निवासी काशीराम आर्य (70) खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम मकरंदपुर में स्थित भैरव दास कुटी मंदिर में पुजारी थे। वह लगभग पांच वर्ष से मंदिर में रहकर पूजा पाठ करते थे। मंदिर में ही निवास करते थे। बुधवार शाम को गांव निवासी राम किशुन पुत्र रामयदीन अपने खेत को गए और पानी पीने के लिए भैरव दास कुटी चले गए। यहां पर बाबा को बिस्तर पर मृत पड़ा देखा। साथ ही उनका हाथ रस्सी से बांधा मिला। चेहरे से खून निकल रहा था। इस पर उन्होंने गांव के ग्राम प्रधान और अन्य को सूचना दी। काफी संख्या में लोग मंदिर पहुंचे।

थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह भी पुलिस टीम के साथ पहुंच गए। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी फोरेंसिक टीम के साथ मंदिर पहुंचे। उन्होंने जांच की। पुलिस के मुताबिक मौत दो दिन पुरानी लग रही है। जांच की जा रही है। पुलिस ने मृतक की चचेरी बहू रीना आर्या पत्नी बबलू की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

**नहीं की शादी, भतीजे को लिया गोद:** भैरव दास मंदिर के पुजारी काशी राम आर्य ने विवाह नहीं किया था। वह अकेले रहते थे। उनके नाम से पुश्तैनी गांव में छह बीघा जमीन और पक्का मकान है। उन्होंने भतीजे बबलू को गोद ले रखा था। ऐसे में जमीन के मामले में भी हत्या की वारदात हो सकती है। हालांकि पुलिस सभी मामलों पर जांच कर रही है।

खुलासे के लिए गठित हुई टीमः मंदिर के पुजारी की हत्या गला दबाकर होने का मामला सामने आ रहा है। हत्या का केस दर्ज कर घटना के खुलासे के लिए टीम गठित हुई है। जल्द ही हत्याकांड का खुलासा किया जाएगा।
डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी एएसपी ग्रामीण

## गोदाम का ताला तोड़कर हजारों की चोरी, 25 पेटी एनर्जी ड्रिंक ले गए चोर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** शहर के छोटी बाजार स्थित एक गोदाम का ताला तोड़कर चोरों ने एनर्जी ड्रिंक की चोरी की। सुबह चोरी की जानकारी होने पर पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। कोतवाली नगर के मोहल्ला चिक्कीपुरा निकट छोटी बाजार निवासी पंकज श्रीवास्तव पुत्र विपिन श्रीवास्तव का मकान और गोदाम पास ही में है। बुधवार रात को पंकज श्रीवास्तव गोदाम का ताला बनाकर अपने घर सोने के लिए आ गए। देर रात अज्ञात लोगों ने गोदाम का ताला तोड़ दिया। इसके बाद सभी 25 पेटी एनर्जी ड्रिंक लेकर फरार हो गए। सुबह ताला टूटा होने और सामान गायब होने की जानकारी होने पर पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित के मुताबिक 25 हजार से अधिक की चोरी हुई है।

# बोर्ड परीक्षा में छात्रा को नहीं शामिल करने का आरोप

**छात्रा बोली, मेरी जिंदगी का सबसे महत्वपूर्ण एक वर्ष विद्यालय की लापरवाही से बर्बाद हुआ**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

स्कूल की लापरवाही से एक छात्रा गुरुवार से जिले में शुरू हुई यूपी बोर्ड की परीक्षा में शामिल नहीं हो सकी। वह विद्यालय के बाहर ही रोने लगी। छात्रा के पिता ने डीआईओएस और डीएम से शिकायत की है।

बौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अटोडर निवासी दिलीप श्रीवास्तव ने डीआईओएस को पत्र लिखकर अवगत करवाया है की उनकी पुत्री



कु0 शिल्पी श्रीवास्तव प्रयागदत्त पाठक इण्टर कालेज पट्टी जनपद बहराइच की छात्रा है। जिसने विद्यालय मे 2022-23 में कक्षा 11 में दाखिला लिया था। विद्यालय से कक्षा 11 की परीक्षा उत्तीर्ण भी की है। प्रार्थी की लड़की की छात्रवृत्ति की भी आवेदन रसीद है तथा सत्र 2023-24 मे कक्षा 12 मे दाखिला लेकर पढ़ रही है। परंतु प्रार्थी की लड़की का रजिस्ट्रेशन कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षा के लिये विद्यालय द्वारा नही कराया गया। जिसकी जानकारी 12वीं बोर्ड परीक्षा की प्रायोगिक परीक्षा में हो पाई। जिसकी शिकायत प्रार्थी द्वारा प्रधानाचार्य राजेन्द्र प्रसाद से की गई थी। तब प्रधानाचार्य भड़क गये तथा कहने लगे की दो चार नाम छूट जाते है। ऐसी लापरवाही पूर्वक बाते प्रधानाचार्य द्वारा की गई। जिससे बेटी बहुत आहत हुई और फूट फूट कर रोने लगी। उसने कहा कि अब मेरी जिंदगी का सबसे महत्वपूर्ण एक वर्ष विद्यालय की लापरवाही से बर्बाद हुआ। इस मामले में लड़की के पिता दिलीप ने प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुए हुये प्रधानाचार्य के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने अपनी बेटी को सुसंगत न्याय दिलाये जाने की अपील की है।

## गिरिजापुरी बैराज में उतराता मिला डॉल्फिन का शव, पोस्टमार्टम से मौत का पता चलेगा कारण: डीएफओ



बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिले के गिरिजापुरी बैराज में गुरुवार को डॉल्फिन का शव उतराता मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे वन कर्मियों ने शव को बाहर निकलवाया। इसके बाद शव को रेंज कार्यालय लाया गया। पोस्टमार्टम के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में वन्य जीवों के बाद अब जलीय जीव भी दम तोड़ने लगे हैं। वन्यजीव प्रभाग के कतर्नियाघाट रेंज अंतर्गत गिरिजापुरी बैराज की शाखा निकली है। बैराज में गुरुवार को गेट संख्या एक के पास डॉल्फिन का शव बहता मिला। इस पर आसपास के लोगों ने सूचना रेंज कार्यालय में दी। रेंज के वन कर्मी मौके पर पहुंचे। लोगों की मदद से डॉल्फिन के शव को बैराज से बाहर निकलवाया गया। इसके बाद उसे रेंज कार्यालय में पोस्टमार्टम के लिए लाया गया। डीएफओ बी शिवकुमार ने बताया कि मृतक डॉल्फिन मादा है। पानी में उसका शव मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

# डीएम ने नगर क्षेत्र के परीक्षा केन्द्रों का किया भ्रमण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा 2024 को शुचिता पूर्ण वातावरण में नकलविहीन सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से प्रथम दिन की प्रथम पॉली में संचालित हाईस्कूल के हिन्दी विषय की परीक्षा का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने नगर क्षेत्र स्थित परीक्षा केन्द्रों पं. वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज, आर्य कन्या इण्टर कालेज व तारा गर्ल्स इण्टर कालेज बहराइच का औचक निरीक्षण करते हुए विभिन्न व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया तथा परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापकों व स्टेटिक मजिस्ट्रेटों से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सभी सम्बन्धित को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व शासन की मंशानुसार पूरी शुचिता के साथ नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए अपने उत्तरदायित्वों का कड़ाई के साथ निर्वहन करें। डीएम ने केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि सीसीटीवी के सम्बन्ध में शासन व बोर्ड द्वारा जारी गाईड लाइन का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। डीएम ने कहा कि बोर्ड परीक्षा में लगे हुए सभी अधिकारी/कर्मचारी व शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि उन्हें जो भी जिम्मेदारी सौंपी गयी है, उसे समयबद्ध तरीके से पूरा करें। उन्होंने कहा कि नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग प्रदान किया जायेगा परन्तु परीक्षा की शुचिता को प्रभावित करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई भी की जाएगी। परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण के उपरान्त डीएम मोनिका रानी ने बोर्ड परीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट स्थित ई-डिस्ट्रिक्ट कार्यालय कक्ष में स्थापित कन्ट्रोल का भी निरीक्षण किया।

डीएम ने यहां पर मौजूद कर्मचारियों को निर्देश दिया कि प्रभावी ढंग से परीक्षा केन्द्रों का पर्यवेक्षण करते रहें। डीएम ने निर्देश दिया कि सभी परीक्षा केन्द्रों के सीसीटीवी कैमरे प्रत्येक दशा में क्रियाशील रहने चाहिए।

## खबरें एक नजर में

### 23 व 24 को प्राप्त करे अटल आवासीय विद्यालय के प्रवेश पत्र

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** उपश्रमायुक्त देवीपाटन मंडल अनुभव वर्मा ने बताया की अटल आवासीय विद्यालय सिसवा मनकापुर गोंडा में शैक्षिक सत्र 2024-25 हेतु कक्षा 6व 9 की प्रवेश परीक्षा दिनांक 25 फरवरी दिन रविवार को फखरुद्दीन अली अहमद राजकीय इंटर कॉलेज गोंडा में प्रातः 10:30 बजे से होगी। इस परीक्षा में आवेदन करने वाले अभ्यर्थी दिनांक 23 व 24 फरवरी को प्रातः10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक कार्यालय उपश्रमायुक्त देवीपाटन मंडल सिविल लाइंस से पावती दिखा कर प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

### मदरसा किशोरियों संग हुआ कार्यशाला का आयोजन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** नीति आयोग की सहयोगी संस्था पिरामल फाउंडेशन के सहयोग से मदरसा फातिमा बालिका कालेज फखरपुर में कैरिअर काउंसलिंग सत्र का आयोजित किया गया। मदरसा छात्राओं को पिरामल फाउंडेशन की मदरसा कार्यक्रम की प्रोग्राम लीडर कुलसुम के द्वारा बालिकाओं को कैरिअर कांसलिंग के अंतर्गत कक्षा 10 वीं और 12 वीं के बाद संकाय चयन करने एवं अन्य क्षेत्र के बारे में जानकारी प्रदान की। जिससे छात्राओं को खुले विचारों से जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर भविष्य में बेहतर जीवन बनाने हेतु प्रेरित किया।गाँधी फैलो शालिनी कुमारी द्वारा जीवन कौशल के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत करवाया एवं जीवन कौशल के घटकों के महत्व पर प्रकाश डाला। गाँधी फेलो आयुषी सिंह द्वारा समाजसेवी और स्वयंसेवक के द्वारा समाज में बदलाव और सहयोग की बात की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम के द्वारा किशोरियों को शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित जानकारियां प्रदान कर किशोरियों के बेहतर स्वास्थ्य की जांच के लिए चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया।

### आशा संगिनियो ने सीएचसी में किया जोरदार प्रदर्शन



**उन्नाव।** ब्लॉक अंतर्गत विभिन्न गांवों में तैनात आशा संगिनियों ने पूर्व में दिए गए ज्ञापन पर निर्णय न लिए जाने को लेकर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के गेट पर जमकर प्रदर्शन किया। ग्रामीण स्वास्थ्य कर्मियों ने चिकित्सा अधीक्षक को पुनः ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी कि यदि जल्द मांगों पर निर्णय न लिया गया तो सभी आशा संगिनी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को मजबूर हो जाएंगी। बांगरमऊ ब्लाक अंतर्गत ग्रामीण अंचल में कार्यरत 70 से अधिक आशा संगिनी गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इकट्ठा हुई। सभी ने हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन चिकित्सा अधीक्षक को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि पूर्व में विभिन्न मांगो को लेकर प्रदेश सरकार को ज्ञापन दिया गया था। जिसपर अभीतक न तो कोई संतोषजनक कार्यवाही हुई और ना ही किसी तरह का आश्वासन मिल सका है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि सभी आशा संगिनी को निश्चित वेतनमान दिया जाए। साथ ही आनलाइन अथवा ऑफलाइन एक ही तरह का काम लिया जाए। प्रतिवर्ष मिलने वाली प्रोत्साहन राशि की समीक्षा कर उसमे वृद्धि की जाए।

# आम नागरिकों के लिए प्रज्ञा इंटरप्राइजेज पर सामग्री उपलब्धः पवन

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

जनपदवासियों के खान-पान एवं पेयजल का ध्यान रखते हुए स्थानीय बाजार में विभिन्न सामग्री रियायती दर पर उपलब्ध कराकर और सहूलियतें भी दी जायेगीं।



उक्त जानकारी देते हुए प्रज्ञा इंटरप्राइजेज के प्रोपाइटर पवन जायसवाल ने बताया कि आम नागरिकों को विभिन्न सामग्री उचित मूल्य पर उपलब्ध कराना मूल उद्देश्य है। इसी के लिए गोंडा शहर के मुख्य रानी बाजार रेलवे स्टेशन रोड पर आज प्रज्ञा इंटरप्राइजेज का शुभारंभ पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्रीय परामर्श दात्री समिति के सदस्य एवं भाजपा नेता पंकज कुमार श्रीवास्तव के कर कमलों द्वारा फीता काटकर नारियल फोड़कर किया गया। इस पुनीत अवसर पर आरपीएफ पोस्ट कमांडर नरेंद्र कुमार सिंह प्लेटफॉर्म निरीक्षक के एल यादव, पेंशनर्स कल्याण संस्था के अनिल श्रीवास्तव एवं के.बी सिंह जायसवाल समाज के अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, राजेश जायसवाल, अनूप जायसवाल, नरेंद्र जायसवाल, मनोज जायसवाल, पंकज सिन्हा, डॉ राजीव चौरसिया, बृजेश सिंह, रवि जायसवाल, इस्लाम, बच्चा जायसवाल, आशीष जायसवाल, लायंस क्लब से अमित पांडे, अखिल भारतीय पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष कपिल देव त्रिपाठी, पत्रकार नरेंद्र लाल गुप्ता, अशोक पाठक, इरतिजा हुसैन समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के उपरांत प्रज्ञा इंटरप्राइजेज के प्रोपाइटर पवन जायसवाल द्वारा आगन्तुक आतिथियों का आभार प्रकट किया गया।

# भारत-नेपाल मैत्री बस सेवा का हुआ शुभारम्भ

**लखनऊ और दिल्ली के लिए नेपालगंज से चलेंगी सीधी बसें, रुपईडीहा बस अड्डे पर हुआ उद्घाटन**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ और दिल्ली से नेपालगंज के लिए सीधी बस सेवा का उद्घाटन रुपईडीहा बस अड्डे पर किया गया। इस अवसर पर नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ उमाशंकर वैश्य ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जेपी सिंह उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग के सेवा प्रबंधक देवी पाटन डिविजन आरबी एल शर्मा आरएम अंकुर विकास एआरएम जेपी सिंह सहित तमाम नागरिक उपस्थित



रहे। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ उमाशंकर वैश्य ने बोलते हुए कहा राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और प्रदेश की राजधानी लखनऊ से सीधी सेवा प्रारंभ होने से नेपालगंज जाने वाले यात्रियों को बहुत सुविधा होगी तथा उनके साथ हो रही लूट खसोट पर अंकुश लगेगा। उन्होंने कहा कि साथ ही उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग को काफी लाभ मिलेगा और डग्गामार बसों पर अंकुश लगेगा। नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा ने बोलते हुए कहा कि स्थानीय बस अड्डे पर यात्रियों को सहूलियतें प्रदान की जाएगी इसके लिए वे अपने विधायक निधि का सहयोग करेंगे।

इस अवसर पर सेवा प्रबंधक आर बी एल शर्मा ने बताया कि गुरुवार से नेपालगंज से लखनऊ के लिए 5 बसे और दिल्ली के लिए पांच बसें उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग द्वारा संचालित की जा रही हैं इसके लिए परमिट प्राप्त कर लिया गया है इसी के साथ उन्होंने यह भी बताया की हाल ही में अयोध्या में बने भव्य राम मंदिर के दर्शनार्थियों के लिए रुपईडीहा डिपो से 8:00 बजे बनारस के लिए बस सेवा प्रारंभ की जा रही है जो वाया अयोध्या होते हुए बनारस तक जाएगी उन्होंने बताया कि जल्द ही अन्य रूटों पर भी बसों का संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा।

सेवा प्रबंधक ने बताया कि जल्दी ही रुपईडीहा डिपो में नये ड्राइवरो की भर्ती प्रक्रिया शुरू की जायेगी। उन्होने बताया कि अभी रुपईडीहा डिपो के पास 28 बसें हैं जल्दी ही इनकी संख्या बढ़कर 40 हो जायेगी। बसों का संचालन नेपालगंज स्थित बस पार्क से किया जाएगा इसकी सारी व्यवस्था हो चुकी है। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम सस्ती और सुरक्षित सेवा देने के लिए तत्पर है।



## आग से छह बकरियां मरीं, गृहस्थी खाक

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** मोतीगंज (गोंडा) मोतीगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत स्थित सूर्यवली बनकटी गांव में आग लगने से एक वृद्ध झुलस गया। और उसकी 6 बकरियों समेत पूरी गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। घटना रात 1 बजे के आसपास बताई जा रही है। पीड़ित गरीब अहमद ने बताया कि अग्निकांड में 6 बकरी, बर्तन ,कपड़ा, राशन, जलकर खाक हो गया। पीड़ित ने गांव के ही दो लोगों के खिलाफ थानाध्यक्ष से आशंका जताई है। सुबह सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मोतीगंज प्रतिभा सिंह ने पीड़ित के घर पहुंच कर सभी पहलुओं पर जांच की और पीड़ित की स्थित को देखते हुए स्वयं इलाज के लिए आर्थिक मदद की व उसके बाद मौके पर पहुंचे समाजसेवी लखपत शुक्ल ने भी पीड़ित की आर्थिक मदद की व इलाज के लिए मुख्यालय भिजवाया। क्षेत्रीय लेखपाल केशवचरन ने बताया कि अग्निकांड में 80 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। रिपोर्ट तहसील सदर प्रसासन को भेजी जा रही थानाध्यक्ष मोतीगंज प्रतिभा सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# दो लाख की ठगी की हुई एसपी से शिकायत

**आरोप है कि 17 जून 23 को उसके पिता रक्षा राम के इंडियन बैंक शाखा जानकी नगर के खाते से धोखाधड़ी कर सं अशोक कुमार नामक व्यक्ति ने दो लाख रुपए अपने नाम ट्रांसफर कर लिया**

**खरगूपुर /गोंडा ,समृद्धि न्यूज़**

धोखा घड़ी कर बैंक खाते से दो लाख रुपए एक व्यक्ति ने अपने नाम ट्रांसफर कर लिया। पुलिस में शिकायत के बावजूद आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई।

पीड़ित व्यक्ति ने डीआईजी सहित पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर मुकदमा दर्ज कर करवाई किए जाने की मांग की है। मामला खरगूपुर थाना के ग्राम रामनगर का है। यहां के रहने वाले मायाराम ने डीआईजी को भेजे गए शिकायत पत्र में आरोप लगाया है कि 17 जून 23 को उसके पिता रक्षा राम के इंडियन बैंक शाखा जानकी नगर के खाते से धोखा घड़ी कर सं झवल गांव के अशोक कुमार नामक व्यक्ति ने दो लाख रुपए अपने नाम ट्रांसफर कर लिया। इसके कुछ दिन बाद ही पिता रक्षा राम की मौत हो गई। जालसाजी कर उसके पिता के खाते से निकलवाए गए उक्त रुपए की वापसी का दबाव बनाने पर आरोपित अशोक तिवारी द्वारा किसी तरह एक लख रुपए मायाराम की बहन राजकुमारी के खाते में ट्रांसफर कर दिया लेकिन बाकी एक लख रुपए अब तक नहीं दिया। इस संबंध में पीड़ित मायाराम ने स्थानीय थाने में आरोपित के विरुद्ध तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की लेकिन पुलिस ने उसे जानकी नगर चौकी भेज दिया और कोई कर वाली अब तक नहीं की गई। पीड़ित व्यक्ति ने डीआईजी तथा पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर मामले की जांच एवं कार्रवाई की मांग की । इस संबंध में थाना अध्यक्ष दिनेश सिंह का कहना है कि शिकायत मिली थी जांच की गई तो आरोप निराधार पाया गया आरोपित तथा खाताधारक रक्षा राम के बीच आपसी सामंजस के उपरांत लेनदेन हुआ था।

# मसूद ने भोंका में तीन एकड़ पर ईद गाह बाउंड्री वाल का कराया निर्माण

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** मदरसा जामिया अशरफिया मोइनुल उलूम भोंका के प्रिंसिपल कारी शकील अशरफी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा की पूर्व लोकसभा प्रत्याशी मसूद आलम खान ने 2007 में भोंका में ईद की दूसरे दिन गांव का भ्रमण किया और उसके बाद मशहूर आलिमे दीन इमाम ईद गाह हजरत मौलाना सैयद मसूद अशरफ किछोछ्वी साहब से मिलने भोंका ईदगाह पहुंचे इस मौके पर इमामे ईदगाह व मौलाना सैयद मसूद अशरफ साहब ने मसूद खान से कहा की ईदगाह लगभग तीन एकड़ में है इसमें मदरसा भी चलता है बच्चे पढ़ते हैं बाउंड्री वाल ना होने की वजह से जानवर आकार यहां गंदगी पैदा करते हैं जिससे काफी दुश्वारियां होती हैं साफ सफाई करने में दिक्कत होती हैं और मेरे पास इतना वक्त नहीं है कि मैं चंदा करके इसका निर्माण करा सकूं तो आप इस ईद गाह की बाउंड्री वाल । निर्माण खुद से करा देंगे तो बहुत अच्छा रहेगा। उनके इस आदेश को मसूद आलम खान ने स्वीकार करते हुए कहा की मौलाना साहब ईद की नमाज तो आप सब लोगों ने खुली बाउंड्री वालों में अदा की है लेकिन इंशाल्लाह बकरा ईद/ईदुल अजहा की नमाज से पहले इसकी बाउंड्री वालों का निर्माण करा दिया जाएगा मसूद आलम खान अपने वादे के मुताबिक ईद उल अजहा से दो दिन पहले बाउंड्री वाल का निर्माण करा के गेट लगा करके और हजरत मौलाना सैयद मसूद अशरफ साहब से इसका उद्घाटन करा दिया इस कार्य के लिए मौलाना सैयद मसूद अशरफ साहब ईद गाह इमाम ने व गांव के तमाम मोहतरम बुजुर्गों और जिम्मेदार लोगों ने मसूद आलम खान साहब की सराहना की।

# बसों पर लदे सामानों से कभी भी हो सकती है दुर्घटना

**11 हजार वोल्टेज के नीचे से निकलती है वैशाली की बसें प्रशासन जानकर भी बना है अनजान**

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

एआरटीओ, वाणिज्यिक विभाग व पुलिस प्रशासन की लापरवाही से मोटरयान अधिनियम के तहत यात्री बसों में माल की ढुलाई या क्षमता से अधिक लोडिंग कर खुलेआम सड़कों पर फर्राटा मार रही है। दिल्ली के कश्मीरी गेट नम्बर दो से गोंडा - सीतापुर रूट पर चलने वाले वैशाली ट्रैवल्स की लग्जरी बसों में होने ओवर लोडिंग और सामान की ढुलाई का काम किया जा रहा है।सुबह-सुबह ही जनपद में वैशाली ट्रैवल्स की बसों की छतों और डिक्की के अंदर से सामान छत पर लदे हुए नजर आए। प्रशासन को इस अवैध कार्य को रोकने के लिए टीम गठित कर अंकुश लगाना चाहिए




था लेकिन अब तक इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई। जानकारी के अनुसार दिल्ली के कश्मीरी गेट से गोंडा तक आने वाली वैशाली ट्रैवल्स की लग्जरी बसों की छतों पर भारी-भरकम लगेज लोड होता है जबकि यह काम ट्रांसपोर्टरों के जरिए होना चाहिए ताकि टैक्स चोरी ना हो। पिछले कई सालों से यह काम लग्जरी बसों के माध्यम से हो रहा है।इसको लेकर वाणिज्यिक विभाग भी कार्रवाई नहीं करता।इसके कारण व्यापारी रोज टैक्स चोरी कर सामान बसों के माध्यम से एक शहर से दूसरे शहर और एक राज्य से दूसरे राज्य में पहुंचा रहे हैं।शहर से प्रतिदिन वैशाली ट्रैवल्स की लग्जरी यात्री बसों का संचालन होता है।इसमें से दूरदराज जाने वाली यात्री बसों की छत पर खासा सामान लाया-ले जाया जाता है।वाहनों के भीतर भी स्टॉक रखने के मामले पहले आ चुके।

बसों में सवारी बैठाने में भी नियमों का उल्लंघन होता है लेकिन इनके प्रति कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती है।वही इस प्रकरण में परिवहन विभाग के परिवर्तन दल शैलेंद्र त्रिपाठी से बात की गई तो उन्होंने बताया कार्रवाई की जा रही है।अगर सुधार नहीं होता है तो ओवरलोडिंग बसों को पकड़ कर भी बंद किया जाएगा और परमिट को निरस्त किया जाएगा।

# एसपी की चौखट पर महिला ने खाया जहर

- योगीराज में न्याय के लिए महिलाएं भटक रहीं है
- बदमाशो की जुर्रत पेपर देकर लौट रही छात्रा के अपहरण की कोशिश



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

लगभग सात वर्षों से दर-दर की ठोकरें खा रही रेप पीड़िता ने न्याय न मिलने से नाराज होकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जहर खा लिया। महिला के जहर खाने से पुलिस अधीक्षक कार्यालय में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में मौजूद पुलिस कर्मियों ने महिला सिपाहियों की मदद से महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां पर उसका इलाज चल रहा है। महिला की हालत नाजुक बताई जा रही है। लालगंज थाना क्षेत्र के एक गाँव की रहने वाली रेप पीड़िता लगभग सात वर्षों से न्याय मांगने के लिए थाने और पुलिस अधीक्षक कार्यालय के चक्कर लगा लगाकर थक चुकी थी। बृहस्पतिवार को एक बार फिर से अपने न्याय की गुहार लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची तभी उसे निराश हाथ लगी तो उसने जहर खा लिया। जब वहाँ पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने देखा तो महिला सिपाहियों को बुलाकर महिला सिपाही की मदद से महिला को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां पर उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। महिला का आरोप है कि खीरों थाना क्षेत्र के भीतरी गांव के रहने वाले श्यामू सिंह मुझे ब्लैकमेल कर लगातार सात सालों से मेरा रेप कर रहे हैं और इसकी शिकायत में पुलिस में कर रही हूं तो पुलिस कोई भी सुनवाई नहीं कर रही है।

### क्या कहना है अपर पुलिस अधीक्षक का



महिला अपना प्रार्थना पत्र लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय आई थी। महिला ने बताया 2017 से मेरा शोषण हो रहा है। इन्हीं सब बातों को लेकर महिला के प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है। मुकदमा पंजीकृत कर तथ्यों के आधार पर जांच की जाएगी साक्ष्य संकलित कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### छात्रा को अगवा करने की कोशिश नाकाम

रायबरेली में अपहरण का एक सनसनीखेज़ मामला सामने आया है जहां कस्तूरबा विद्यालय की छात्रा हाई स्कूल का पेपर देकर ई रिक्शा से लौट रही नाबालिक छात्रा का कार सवार चार बदमाशों ने अपहरण कर लियाए मामला हरचंदपुर थाना क्षेत्र के प्यारेपुर गांव के पास का है जहां कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बाला में रहकर पढ़ाई कर रही छात्रा कोमल पुत्री सुरजीत उम्र 15 निवासी बरगदहा थाना हरचंदपुर आज हाई स्कूल का पेपर देने जनपद इंटर कॉलेज हरचंदपुर गई थी और पेपर छुटने के बाद वह ई रिक्शा से अपने विद्यालय वापस जा रही थी कभी ऑटो कार सवार चार बदमाशों ने ई रिक्शा को ओवरटेक करके रोक लिया और असल के दम पर जबरदस्ती अपनी कार में बैठा कर भागने लगे छात्रा को लेकर भागते समय ई.रिक्शा सवार उसकी सहेलियां व कुछ महिलाएं जोर.जोर से चिल्लाने लगी तभी भागते समय अपहरणकर्ताओं ने शोर मचा रही एक महिला को जोरदार टक्कर मारती दी जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गईए वहीं आवाज सुनकर स्थानीय लोगों ने अपनी अपनी मोटरसाइकिल से अपहरण कर्ताओं का पीछा शुरू कर दिया और कुछ दूर पर जाकर अपहरणकर्ताओं को पकड़ लिया।

## दुकानों में लगी आग सामान जलकर खाक

**बछरावां,रायबरेली।** संदिग्ध परिस्थितियों में साइकिल की तीन दुकानों में लगी आगए हजारों रुपए का सामान जलकर हुआ खाकस जानकारी के अनुसार आपको बताते चलें की कस्बा अंतर्गत बांदा बहराइच राजमार्ग पर ओवर ब्रिज के नीचे कस्बे की सब्जी मंडी के रहने वाले गिरीश गुप्ता जो साइकिल की दुकान चलाते हैं बीते बुधवार की रात लगभग 2:00 बजे के आसपास उनकी तीन दुकानों में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गईस जिसमें साइकिल के टायर, ट्यूब सहित हजारों रुपए का अन्य सामान जलकर खाक हो गयास सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पायाए लेकिन तब तक दुकान का पूरा सामान जलकर खाक हो चुका थास पीड़ित की मानी जाए तो उसका कहना है कि लगभग 70 से 80 हजार रुपए का सामान भरा था जो जलकर खाक हो गया है।



## रोजगार मेले में उमड़ी भीड़, 91 युवा चयनित

**बछरावां,रायबरेली।** खंड विकास कार्यालय प्रांगण में गुरुवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें कुल 197 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लियास जिसमें विभिन्न कंपनियों के आए हुए प्रतिनिधियों ने 91 युवाओं को अपनी.अपनी कंपनियों के लिए चयनित किया।गुरुवार की सुबह से ही खंड विकास कार्यालय प्रांगण में काफी चहल पहल रही यहां पर रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसमें दूर दराज से आए हुए युवाओं में विशेष उत्साह देखा गया। क्षेत्र के बहादुर नगर से आए हुए अवधेश कुमार का कहना था कि उनका यदि चयन हो गया तो निश्चित रूप से उनके परिवार में खुशहाली आए जाएगी। वही राजा राम मेहरबान खेड़ा के रहने वाले हैं मेले में काफी उत्साहित नजर आए। इस मौके पर जिला स्किल मैनेजर धर्मेंद्र मिश्रा, जिला प्रोग्राम मैनेजर दिनेश पाल तथा रामेंद्र सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# सीडीओ की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की हुई बैठक

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति ;बैंकर्स की त्रैमासिक बैठक आयोजित हुई।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, पीएम स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना,राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पंडित दीनदयाल रोजगार योजना, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना तथा प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, ओडीओपी योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना सहित अन्य योजनाओं हेतु लंबित आवेदनों की बिंदुवार समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त बैंकों को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित आवेदन पत्रों को शीघ्र निस्तारित किया जाए अस्वीकृत की गई पत्रावली पर कारण स्पष्ट रूप से लिखा जाए इसके साथ ही उन्होंने विभागों को लक्ष्य के सापेक्ष निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत आवेदन पत्रों को बैंकों को प्रेषित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी बैंकर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित आवेदन पत्रों का शीघ्र निस्तारण करें तथा आवेदनकर्ता को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। अपर जिलाधिकारी ;विरा पूजा मिश्रा ने सम्बन्धित बैंकों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि बैंक वसूली की आरसी पोर्टल पर अपलोड करने के उपरान्त हार्ड कापी कार्यालय में उपलब्ध कराई जाए जिससे वसूली आदि प्रक्रिया नियमानुसार पूर्ण किया जा सके।

## 1150 ग्राम अवैध गांजे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**बछरावां,रायबरेली।** अवैध मादक पदार्थ द्रव्यों की बिक्री तस्करी के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अंतर्गत दिनांक 22 फरवरी 2024 को थाना बछरावां पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त राजू पुत्र साबिर निवासी ग्राम थुलेडी थाना बछरावां जनपद रायबरेली को 1150 ग्राम अवैध गांजा के साथ थाना क्षेत्र से नियमानुसार गिरफ्तार किया गयास जिनके विरुद्ध स्थानीय थाने पर एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# पंचसील महाविद्यालय में छात्रों को मिले स्मार्टफोन

- मोबाइल फोन का उपयोग छात्रों को अपनी पढ़ाई ऑनलाइन माध्यम से करने में होगा सहायक

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




जिले के इकलौते विभिन्न संकायों में शिक्षा प्रदान करने वाले अग्रणी संस्थान पंचशील पीजी कॉलेज में दर्जनों छात्रों को स्मार्टफोन वितरित किए गए गुरूवार को पंचशील पीजी महाविद्यालय के प्रबंधक बीएन मौर्य ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को देश में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई संचार क्रांति बताते हुए छात्र-छात्राओं के लिए बहुत उपयोगी बताया हैं। तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार ने स्मार्टफोन वितरित करते हुए कहा कि आज का समय वैज्ञानिक तथा संचार क्रांति का है।

उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ की महत्वकांक्षी योजना द्वारा वितरित होने वाले स्मार्टफोन से शिक्षा के क्षेत्र में एक नया आयाम प्राप्त होगा। साथी यह भी कहा कि छात्रों को यह मोबाइल फोन सशक्तिकरण के लिए दिया जा रहा है जिसका उपयोग छात्रों को अपनी पढ़ाई ऑनलाइन माध्यम से करने में सहायक होगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रवक्ता प्रेम शंकर, उमेश कुमार, उत्कर्ष, अनुराग त्रिपाठी, सुश्री रिचा मिश्रा, सुश्री दामिनी मौर्य, आलोक कुमार, संदीप कुमार, स्वाती सिंह, राजेंद्र कुमार मौर्य एवं गुलशन मौर्य आदि द्वारा स्मार्टफोन वितरण में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया गया।

## खबरें एक नजर में

### चार धाम एवं राधा कृष्ण की हुई स्थापना

**डलमऊ,रायबरेली।** सात दिवसीय भागवत कथा एवं तीन दिवसीय राधा कृष्ण एवं चार धाम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के तीसरे दिन अभिजीत मुहूर्त में मूर्तियों की स्थापना की गई चार धामों के भ्रमण के बाद मूर्तियों को धार्मिक नगरी डलमऊ लाया गया और यहां पर विधि विधान से हवन पूजन के बाद कार्यक्रम संपन्न किया गया गुरुवार को डलमऊ गंगा तट स्थित संकट मोचन मंदिर में श्री राधा कृष्ण शनिदेव जगन्नाथ जी रामेश्वरम द्वारकाधीश बद्रीनाथ की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई। सात दिवसी श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन मे कथावाचक स्वामी कृष्णानंद भारती के द्वारा भागवत कथा सुनाई जा रही है जिसमें गुरुवार को रुक्मणी विवाह का वर्णन किया गया। भागवत कथा सुनने के लिए डलमऊ कस्बे से अपार जन सैलाब उमर पाड़ा संकट मोचन में स्थापित यह मंदिर जिले का ऐसा मंदिर है जिसका निर्माण तीन मंजिल में किया गया है। तीसरी मंजिल पर मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा दर्शनार्थ स्थापित की गई है इस अवसर पर मुख्य जजमान महेंद्र कुमार त्रिपाठी आचार्य सीताराम मनीष त्रिपाठी उपस्थित रहे कार्यक्रम स्वामी दिव्यानंद जी महाराज के संयोजन में संपन्न किया गया।

### बाइक से सड़क पर गिरी महिला को डम्पर ने रौंदा, मौत

**उन्नाव।** माखी थाना क्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग पर गढ्ढे में फंसकर बाइक उछल गयी जिससे पीछे बैठी महिला सड़क पर गिर गयी और पीछे से आ रहे डम्पर के नीचे आ गयी जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना देते हुए शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। भदनी गांव निवासी शांती देवी 45 पत्नी धर्मराज यादव गुरुवार को बेटे अंशू के साथ बाइक से दवा लेने के लिए उन्नाव अस्पताल जा रही थी अभी थाना गांव के आगे पहुंची थी कि गढ्ढे में फंसकर बाइक उछल गयी और पीछे बैठी मां सड़क पर गिर गयी तभी पीछे से मिट्टी लादकर आ रहे डम्पर के टायर के नीचे आने से घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गयी।

### ई-रिक्शा की टक्कर से बालिका समेत दो घायल

**उन्नाव।** तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार सहित एक 5 वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल बच्ची को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अहिरनपुरवा निवासी विपिन अपनी 5 वर्षीय भतीजी नित्या और अपनी बहन पिंकी को लेकर बाइक से माढ़ापुर मार्ग होते हुए अपनी रिश्तेदारी फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के ग्राम जमलापुर जा रहा था तभी रास्ते में ग्राम चहलहा के समीप सामने से तेज गति से आ रहे ई-रिक्शा ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से तीनों बाइक सवार उछलकर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस घायलों को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई।

# अध्यापकों की मेहनत से बदल रही बेसिक शिक्षा की सूरतः डीएम

- आईसीआईसीआई बैंक की तरफ से उपलब्ध कराई डेस्क बेंच का किया उद्घाटन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



राही ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय पूरे जमुनिहा में गुरूवार को वार्षिकोत्सव व शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व विशिष्ट अतिथि सीडीओ पूजा यादव रही। इस मौके पर विद्यालय को आईसीआईसीआई बैंक की तरफ से उपलब्ध कराई गई डेस्क बेंच का भी उद्घाटन डीएमए सीडीओए बीएसए व बैंक के अधिकारियों द्वारा किया गया। शिक्षा चौपाल में डीएम हर्षिता माथुर ने अभिभावकों से कहा कि प्राथमिक विद्यालय जमुनिहा के बच्चों की तरफ से पेश किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखकर अंदाजा लाया जा सकता है कि विद्यालय में किस स्तर पर मेहनत की जा रही है। विद्यालय में शिक्षकों की मेहनत से पूरी तरह से परिसर का रूप ही बदल गया है। डीएम ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षकों की तरफसे की जा रही मेहनत की वजह से ही अब विद्यालयों की सूरत बदल रही है।

विद्यालयों को उनकी तरफसे जहां पर भी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी वहां पर प्रशासन की तरफसे पूरी मदद की जाएगी। विद्यालय के वातावरण और बच्चों के कार्यक्रम से खुश होकर जिलाधिकारी ने एमडीएम के लिए बच्चों को डाइनिंग शेड की सौगात दी। बीएसए शिवेंद्र प्रताप सिंह ने बैंक की तरफ से बच्चों को उपलब्ध कराई गई डेस्क बेंच का स्वागत करते हुए कहा कि हम चाहेंगे कि बैंक की तरफसे ऐसे ही अपने फण्ड से बेंच व अन्य जरूरत की सामान बेसिक शिक्षा विभाग को उपलब्ध कराई जाती रहे।

छात्रा की पढ़ाई की स्पीड को देकर डीएम और सीडीओ ने खूब तारीफ की। निपुण विद्यालय घोषित होने का प्रमाणपत्र प्रधानाध्यापक प्रीति वर्मा और सहायक अध्यापक नीलम को डीएम व बीएसए द्वारा दिया गया। विद्यालय के छात्रा अलशिफा, अल्पिका, तनुए राज, रियांशी, पायल, कोमल, लक्ष्मी, आयुषी, रिषी, अंशी, विवेक बृजेश, गुलशन और सत्यम की तरफ से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर सबसे खास बात यह रही कि विद्यालय में मौजूद सभी महिला अभिभावक पीली साड़ी में ही थी। वार्षिकोत्सव के कार्यक्रम का संचालन डॉअभिषेक द्विवेदी ने किया।

# शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई यूपी बोर्ड की प्रथम दिन की परीक्षा

- 202 सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में संपन्न हुई परीक्षा
- राजकीय बालिका इंटर कॉलेज द्वारा उत्तर देने से किया गया माना

**महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



22 फरवरी से शुरू हुई यूपी बोर्ड की परीक्षा में क्षेत्र में 6 केंद्र बनाए गए थे जिसमें 3375 परीक्षार्थी पंजीकृत थे वही 202 सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में प्रथम दिन की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें डॉक्टर बी आर अंबेडकर हाई स्कूल में 147 परीक्षार्थियों में 7 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी तो इंटर 135 छात्रों में दो परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज हाई स्कूल में पंजीकृत छात्र 359 में प्रथम पाली हाईस्कूल की परीक्षा में 29 छात्रों ने परीक्षा को छोड़ी इंटर मे पंजीकृत 216 छात्रों में एक छात्रा ने परीक्षा छोड़ी राजा चंद्रचूड़ इंटर कॉलेज में पंजीकृत 398 छात्रों में हाई स्कूल के 13 छात्रों ने परीक्षा को छोड़ी तो वही इंटर में 126 पंजीकृत छात्रों में तीन छात्रों ने परीक्षा को छोड़ी न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू में 413 पंजीकृत छात्रों में हाई स्कूल के 28 छात्रों ने परीक्षा छोड़ी और इंटर में पंजीकृत छात्रों मे 269 में चार छात्रों ने परीक्षा को छोड़ी।

राजकीय इंटर कॉलेज हलोर में पंजीकृत छात्र हाई स्कूल में 439 इंटर में 393 छात्र पंजीकृत थे राजकीय इंटर कॉलेज हलोर का डाटा उपलब्ध नहीं हो पाया तो वहीं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महराजगंज में हाईस्कूल की 335 पंजीकृत छात्रा इंटर में 145 छात्रा पंजीकृत थी जब संवाददाता ने जानकारी लेने की कोशिश की तो वहां की अध्यापिकाओं द्वारा जानकारी देने से मना कर दिया गया।

# श्याम बाबू मौर्य सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष निर्वाचित

**डलमऊ,रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष के निर्वाचन में श्याम बाबू मौर्य ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 27 मतों से हराकर विजय हासिल की है गुरुवार को ब्लॉक परिसर दीन शाह गौरा में सफाई कर्मचारी संघ का चुनाव संपन्न किया गया जिला अध्यक्ष रणबहादुर यादव के अध्यक्षता में संपन्न हुए चुनाव में चुनाव प्रभारी ग्राम विकास अधिकारी सुबोध मौर्य के द्वारा प्रमाण पत्र सौपा गया अध्यक्ष पद के चुनाव में श्याम बाबू मौर्य व रामनरेश यादव के द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया था जिसमें विकासखंड के कुल 81 सफाई कर्मचारियों में से 79 सफाई कर्मचारियों ने अपना मतदान किया दिलचस्प मुकाबले में श्याम बाबू को 53 मत मिले जबकि प्रतिद्वंदी रामनरेश यादव को 26 मत प्राप्त हुए इस प्रकार श्याम बाबू ने अपने प्रतिद्वंदी को 27 मतों से पराजित किया अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद श्याम बाबू मौर्य ने सभी को धन्यवाद दिया एवं अपने टीम का विस्तार करते हुए नवल किशोर को संप्रेषण महेंद्र कुमार को संगठन मंत्री राजकुमार को कोषाध्यक्ष व शिव शंकर को मंत्री एवं शालिकराम मौर्य को संरक्षक पद की जिम्मेदारी दी गई इस मौके पर बिंदेश्वर प्रसाद मिश्रा दिनेश प्रकाश जिला कोषाध्यक्ष शिवकुमार जिला संगठन मंत्री सुबोध कुमार मौर्य उपस्थित रहे अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद श्याम बाबू मौर्य ने कहा कि वह संगठन की जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वाहन करेंगे एवं कर्मचारियों के हित के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे।

## पेड़ से फांसी पर लटका मिला युवक का शव

**उन्नाव।** औरास थाना क्षेत्र के गलरापुर के मजरा नेवादा गांव निवासी 22 वर्षीय सुशील कुमार पुत्र रामशंकर का शव गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने पास के तियर गांव में लगने वाली बाजार के पास महुआ के सूखे पेड़ पर लटका देखा तो हड़कम्प मच गया। ग्रामीणो ने पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी रेखा सिंह पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंची और परिजनों की मौजूदगी में शव को नीचे उतरवा पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पिता व अन्य स्वजनों ने गांव के ही एक युवक पर हत्या का आरोप लगाया। इसके अलावा फारेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंच छानबीन की। हालांकि ग्रामीणों व पुलिस ने बताया कि पिता पुत्र में ही एक दिन कहासुनी हुई। वहीं मृतक के पिता की गांव के ही युवक से कहासुनी हुई थी। जिस वजह से स्वजन गांव के युवक पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज,कन्नौज**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जो भी व्यक्ति सरकारी/ सार्वजनिक भूमि एवं सम्पत्ति, नाला/नाली, फुटपाथ पर अतिक्रमण किए हुए है। वह तीन दिन के अंदर स्वयं हटा लें अन्यथा पालिका द्वारा हटवा दिया जायेगा। अतिक्रमण हटवाते समय किसी प्रकार की क्षति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, गुरसहायगंज,कन्नौज**

# जमीनी विवाद में ट्रामा सेंटर में युवती ने तोड़ा दम

- घटना में घायल एक महिला और दो युवतियों का चल रहा था इलाज

**महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

तीन दिन पूर्व हुई मारपीट में युवती ने ट्रामा सेंटर में तोड़ा दम पुलिस की हीला हवाली कहे या फिर किसी भी मामले को गंभीरता पूर्वक ना लेकर केवल खाऊ कमाऊ नीति के चक्कर में आखिरकार एक जान चली ही गई।

भटपुरवा मजरे डोमापुर में 18 फरवरी को हुई मारपीट में विशुना देवी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रामनरेश सुरेश पुत्रगण रामपाल रमेश कुमार राजेश कुमार सुमित कुमार पुत्रगढ़ ओरीलाल व रामजियाई पत्नी ओरी लाल निवासी भटपुरवा मंजरे डोमापुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था और वहीं घायल एक महिला और दो युवतियों का इलाज चल रहा था जिसमें बबुला 22 वर्ष पुत्री सूरजपाल को दूसरे दिन जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया था जिला अस्पताल में हालत गंभीर होने पर युवती को ट्रामा सेंटर के लिए रेफर किया गया जहां आज युवती ने इलाज के दौरान अपने प्राण त्याग दिए।

## केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई मौलाना अबुल कलाम आजाद की पुण्यतिथि



**रायबरेली।** देश के प्रथम शिक्षा मंत्री भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद की पुण्यतिथि केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय में मनाई गयी इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस नेता इंजीनियर के सी शुक्ला ने किया। शुक्ला ने कहा की मौलाना अबुल कलाम आजाद ने शिक्षा प्रणाली को आधुनिक एवं सुगम बनाने का जो उदाहरण पेश किया उसे युगो युगो तक याद किया जाएगा युवा नेता रामजी शुक्ला ने कहा की अबुल कलाम आजाद भारतीय राजनीति के वो गौरव शाली अध्याय थे जिन्हें एक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं एक महान शिक्षा मंत्री के रूप में हमेशा याद किया जाएगा श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों मे सोम शुक्ला, रामजी शुक्ला, डीपी यादव, तिरु शुक्ला, आदया शुक्ला, मोहम्मद उस्मान, सिद्धार्थ गोपाल वर्मा, मोहम्मद जैद श्याम, शिव प्रताप मिश्रा, गोविन्द आदि लोग उपस्थित रहे।

## कला स्नातक के उपाधि से छात्र सम्मानित



**बछरावां,रायबरेली।** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत महाराजगंज विकासखंड की राघवपुर ग्राम सभा निवासी रमेश कुमार बाजपेई के पुत्र रुद्र नारायण बाजपेई को छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर से दीक्षांत समारोह 2023 के दौरान कला स्नातक की उपाधि से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रुद्र नारायण बाजपेई के घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ हैस इस खुशी के मौके पर रुद्र नारायण बाजपेई के पिता रमेश कुमार बाजपेई का कहना है कि एक पिता के लिए इससे ज्यादा खुशी की बात क्या हो सकती है कि उसके बच्चे को विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में एक विशेष विभाग की उपाधि से सम्मानित किया जाएस साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि यह हमारे पूर्वजों एवं गुरुजनों का आशीर्वाद है कि आज मेरा बेटा इस लायक बन पाया है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज, कन्नौज**

पत्रांक-935/न.पा.प. गुरसहायगंज/2023-24 — दिनांक- 22.02.2024

**ई-निविदा सूचना**

ई-निविदा हेतु निकाय में पंजीकृत ठेकेदार, बिडर्स/कॉन्टैक्टर्स, वेण्डर्स एवं शासनादेश संख्या-3/2017/1067/78-2-2017-42 आईटी/2017 अनुभाग-2 दिनांक 12.05.2017 के क्रम में यू.पी. इलेक्ट्रॉनिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड बिडर्स/कॉन्टैक्टर्स/वेण्डर्स को प्रतिभाग करने हेतु अवसर प्रदान करते हुए ई-निविदायें,ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in के माध्यम से ई-निविदाएं निम्न कार्यक्रम के अनुसार आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज /ANN Stage | Vendor Stage | प्रारम्भ तिथि व समय | अन्तिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | | 26.02.2024 06:00 PM | |
| | | Tender Download | 26.02.2024 06:00 PM | 13.03.2024 10:00 AM |
| | | Bid Submission | 26.02.2024 06:00 PM | 13.03.2024 10:00 AM |
| | Close of Bid | | | 13.03.2024 10:00 AM |
| | Technical Bid Opening | | | 13.03.2024 10:00 AM |
| | Financial Bid Opening | | After Approval of Technical Bid | |

**नोट-** निविदा सम्बन्धी नियम व शर्तो की विस्तृत जानकारी http://etender.up.nic.in पर निर्धारित समय पर या कार्यालय अवधि में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**गुरसहायगंज-कन्नौज**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**गुरसहायगंज-कन्नौज**

## न्याय का ध्वज ऊंचा रहे

भारत के लोकतन्त्र की सबसे बड़ी खूबी यह रही है कि इसके चार पायों में एक स्वतन्त्र न्यायपालिका ने कभी भी न्याय का पलड़ा झुकने नहीं दिया है। बेशक इमरजेंसी के 18 महीनों के समय को हम अपवाद के रूप में देख सकते हैं। मगर कार्यपालिका या विधायिका यहां तक कि चुनाव आयोग भी जब अपनी जिम्मेदारी से गाफिल हुआ है तो न्यायपालिका ने दिशा दिखाने का काम किया है और लोकतन्त्र के ध्वज को ऊंचा फहराया है। चंडीगढ़ नगर निगम के महापौर के चुनाव में जो भी अन्यायपूर्ण कार्रवाई मतदान अधिकारी अनिल मसीह द्वारा हुई उसे सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्तियों ने न केवल सुधारा बल्कि मसीह पर मुकदमा चलाने की तजवीज पेश करके भी एक मिसाल कायम की जिससे आगे कभी भी कोई मतदान अधिकारी ऐसी बेशर्मी और बेहयायी करके लोकतन्त्र का मजाक न बना सके। यदि और साफ शब्दों में कहा जाये तो सर्वोच्च न्यायालय ने अनिल मसीह पर लानत भेजने का काम किया है क्योंकि उसका काम भारत के लोकतन्त्र को पूरी दुनिया की निगाह में नीचे गिराने वाला था। जिस तरह उसने आप व कांग्रेस गठबन्धन के प्रत्याशी कुलदीप कुमार के पक्ष में पड़े आठ वोटों को अवैध घोषित किया था वह कार्रवाई नादिरशाही की याद दिलाती है। इसी वजह से सर्वोच्च न्यायालय ने पिछली सुनवाई में पूरे मामले को लोकतन्त्र की हत्या भी कहा था। मुख्य न्यायाधीश श्री डी.वाई. चन्द्रचूड़ ने अवैध किये गये आठ मतों को पूरी तरह से वैध मानते हुए कुलदीप कुमार को मेयर पद पर निर्वाचित घोषित करके ऐसी नजीर बनाई है जिसका अनुसरण लोकतन्त्र में आने वाली पीढ़ियों को करना पड़ेगा। मगर जिस तरह से आप पार्टी के तीन पार्षदों का पाला बदलवा कर और पहले बेइमानी से घोषित मेयर मनोज सोनकर से इस्तीफा दिलवा कर बाजी को अपने ही हक में रखने की जो राजनैतिक शतरंद बिछाई गई थी, उसे न्यायमूर्तियों ने तार-तार करते हुए पुराने पड़े वोटों की ही पुनः गिनती करा कर सिद्ध कर दिया कि न्याय को किसी भी चाल से दबाया नहीं जा सकता है और सच लाख पर्दों से भी बाहर आने की क्षमता रखता है। प्राकृतिक न्याय भी यही कहता था कि कुलदीप कुमार को विजयी घोषित किया जाना चाहिए क्योंकि उन्हें 16 के मुकाबले 20 वोट मिले थे। इन 20 वोटों में से ही आठ को अवैध घोषित करके अनिल मसीह ने हारे हुए प्रत्याशी मनोज सोनकर को विजयी बनाने का काम किया था। सर्वोच्च न्यायालय ने उन परिस्थितियों को आने ही नहीं दिया जिससे चंडीगढ़ के मेयर का चुनाव दोबारा कराया जाता। यदि ऐसा होता तो 36 सदस्यीय नगर निगम में दल बदल के बाद भाजपा के 19 वोट हो जाते और आप व कांग्रेस गठबन्धन के 17 वोट रह जाते जिससे पुनः मनोज सोनकर जीत जाते।

**2023-24 के आखिरी पूर्ण बजट में बुनियादी ढांचे के लिए सरकार का पूंजी निवेश परिव्यय 33प्रतिशत बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपये (122 अरब डॉलर) कर दिया गया था। सरकार का रेलवे के बुनियादी ढांचे के विकास पर 2.40 लाख करोड़ रुपये (29बिलियन) खर्च करने का इरादा है, जो अब तक का सबसे अधिक परिव्यय और 2013-14 के आवंटन का लगभग नौ गुना होने का दावा किया गया है। अंतिम मील कनेक्टिविटी के लिए लगभग 100 महत्वपूर्ण परिवहन बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को 75,000 करोड़ रुपये (9बिलियन) के निवेश के साथ प्राथमिकता पर लेने के लिए पहचाना गया था, जिसमें निजी स्रोतों से 15,000 करोड़ रुपये (1.8बिलियन डॉलर) भी शामिल थे। इनका उद्देश्य बंदरगाह, कोयला, इस्पात, उर्वरक और खाद्यान्न जैसे क्षेत्रों को लाभ पहुंचाना है। इसके अतिरिक्त, सरकार ने 50 और हवाई अड्डों, हेलीपोर्टों, जल हवाई अड्डों और उन्नत लैंडिंग मैदानों को पुनर्जीवित करके क्षेत्रीय हवाई कनेक्टिविटी में सुधार करने की योजना बनाई है। उम्मीद तो यह थी कि सरकार 2024-25 के वोट-ऑन-अकाउंट (लेखानुदान) बजट में आम आदमी और विशेष रूप से करदाताओं को जानकारी देगी तथा रोजगार पर उनके प्रभाव के बारे में परियोजनाओं के कार्यान्वयन की स्थिति पर एक पूरी रिपोर्ट प्रदान करेगी।**

# रोजगार सृजन पर मोदी सरकार की चुप्पी पर उठते सवाल

नन्तु बनर्जी




**रोजगार सृजन के पहलू पर सरकार की लगातार चुप्पी के पीछे यह एक कारण हो सकता है। इन परिस्थितियों में, जोरदार बुनियादी ढांचे के बजट आवंटन प्रस्ताव कुछ हद तक खोखले लग सकते हैं। 2023-24 के आखिरी पूर्ण बजट में बुनियादी ढांचे के लिए सरकार का पूंजी निवेश परिव्यय 33प्रतिशत बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपये (122 अरब डॉलर) कर दिया गया था। सरकार का रेलवे के बुनियादी ढांचे के विकास पर 2.40 लाख करोड़ रुपये (29बिलियन) खर्च करने का इरादा है, जो अब तक का सबसे अधिक परिव्यय और 2013-14 के आवंटन का लगभग नौ गुना होने का दावा किया गया है। अंतिम मील कनेक्टिविटी के लिए लगभग 100 महत्वपूर्ण परिवहन बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को 75,000 करोड़ रुपये (9बिलियन) के निवेश के साथ प्राथमिकता पर लेने के लिए पहचाना गया था।**


यह समझना मुश्किल है कि सरकार रोजगार सृजन पर चुप क्यों है जबकि वह साल-दर-साल बुनियादी ढांचे पर रिकॉर्ड खर्च का लगातार दावा कर रही है। नयी नौकरी चाहने वालों के लिए अवसर लगातार कम हो रहे हैं। पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए बेरोजगारी का लगातार बढ़ना चिंता का कारण बनता जा रहा है। वर्तमान में, देश का वार्षिक सकल घरेलू उत्पाद विस्तार बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक हो सकता है, लेकिन स्वतंत्र एजेंसियों द्वारा समय-समय पर जारी किये जाने वाले बेरोजगारी के आंकड़ों को देखते हुए यह रोजगारहीन आर्थिक विकास की तरह दिखता है, जबकि बुनियादी ढांचे पर होने वाला खर्च सीधे तौर पर रोजगार से जुड़ा होता है। सरकार ने देश के सतत विकास के लिए, 2019 से 2023 तक पांच साल की अवधि में बुनियादी ढांचे पर 14 खरब डॉलर खर्च करने की अपनी योजना के बारे में अक्सर बात की थी। इस तरह के बुनियादी ढांचे के खर्च से देश में स्वचालित रूप से लाखों नौकरियां पैदा होनी चाहिए थीं। यदि हां, तो सरकार बुनियादी ढांचे के खर्च से जुड़े रोजगार सृजन पर चुप्पी क्यों साधे हुए है? केंद्रीय वित्त मंत्री ने अपने वार्षिक बजट में रोजगार सृजन के आंकड़ों को क्यों छोड़ दिया? आर्थिक मामलों के विभाग के तहत वित्त मंत्रालय की बुनियादी ढांचा नीति और योजना प्रभाग, रेलवे, परिवहन विभाग, राजमार्ग और एक्सप्रेस वे के साथ-साथ सरकार के समग्र बुनियादी ढांचे के खर्च में सीधे शामिल है। रोजगार सृजन पर मंत्रालय की लंबी चुप्पी एक बड़ा रहस्य बनी हुई है।

रेटिंग एजेंसी क्रिसल के अनुसार, भारत के 2030 तक सात वित्तीय वर्षों में बुनियादी ढांचे पर लगभग 143 लाख करोड़ रुपये खर्च करने की संभावना है, जो 2017 और 2023 के बीच पिछले सात वित्तीय वर्षों में खर्च किए गए 67 लाख करोड़ रुपये से दोगुने से भी अधिक है। हालांकि, इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड आवंटन और परियोजनाओं के समय पर निष्पादन के बीच बहुत अंतर है। ऐसा प्रतीत होता है कि बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर तथाकथित बजट आवंटन और उनके कार्यान्वयन से संबंधित जानकारी में कुछ गंभीर गड़बड़ी है। राष्ट्रीय बजट शायद ही परियोजना कार्यान्वयन में अत्यधिक देरी के बारे में बात करता है, जिसके कारण कई प्रमुख परियोजनाएं रद्द हो गईं और अन्य की लागत में भारी वृद्धि हुई। आधिकारिक रिपोर्टों से पता चलता है कि पिछले जुलाई माह तक लगभग 809 विलंबित परियोजनाओं की लागत में 4.65 लाख करोड़ रुपये से अधिक की वृद्धि हुई। सेंटर फॉरमॉनिटरिंग इंडियन इकानॉमी (सीएमआईई) की एक रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि 117 अरब डॉलर (7.63 लाख करोड़ रुपये) की परियोजनाएं वित्त वर्ष 2018 में खत्म कर दी गई। यह संदिग्ध है कि क्या बुनियादी ढांचा क्षेत्र पर वार्षिक बजट आवंटन वास्तविक परियोजना खर्च या गैर-खर्च की सही तस्वीर प्रदान करता भी है? रोजगार सृजन के पहलू पर सरकार की लगातार चुप्पी के पीछे यह एक कारण हो सकता है। इन परिस्थितियों में, जोरदार बुनियादी ढांचे के बजट आवंटन प्रस्ताव कुछ हद तक खोखले लग सकते हैं। 2023-24 के आखिरी पूर्ण बजट में बुनियादी ढांचे के लिए सरकार का पूंजी निवेश परिव्यय 33प्रतिशत बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपये (122 अरब डॉलर) कर दिया गया था। सरकार का रेलवे के बुनियादी ढांचे के विकास पर 2.40 लाख करोड़ रुपये (29बिलियन) खर्च करने का इरादा है, जो अब तक का सबसे अधिक परिव्यय और 2013-14 के आवंटन का लगभग नौ गुना होने का दावा किया गया है। अंतिम मील कनेक्टिविटी के लिए लगभग 100 महत्वपूर्ण परिवहन बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को 75,000 करोड़ रुपये (9बिलियन) के निवेश के साथ प्राथमिकता पर लेने के लिए पहचाना गया था, जिसमें निजी स्रोतों से 15,000 करोड़ रुपये (1.8बिलियन डॉलर) भी शामिल थे। इनका उद्देश्य बंदरगाह, कोयला, इस्पात, उर्वरक और खाद्यान्न जैसे क्षेत्रों को लाभ पहुंचाना है। इसके अतिरिक्त, सरकार ने 50 और हवाई अड्डों, हेलीपोर्टों, जल हवाई अड्डों और उन्नत लैंडिंग मैदानों को पुनर्जीवित करके क्षेत्रीय हवाई कनेक्टिविटी में सुधार करने की योजना बनाई है। उम्मीद तो यह थी कि सरकार 2024-25 के वोट-ऑन-अकाउंट (लेखानुदान) बजट में आम आदमी और विशेष रूप से करदाताओं को जानकारी देगी तथा रोजगार पर उनके प्रभाव के बारे में परियोजनाओं के कार्यान्वयन की स्थिति पर एक पूरी रिपोर्ट प्रदान करेगी। दुर्भाग्य से, पूंजी निवेश के उन बड़े-बड़े अनुमानों से परे बढ़ती बेरोजगारी की गंभीर हकीकत भी छिपी है। सरकार यह बताने में असमर्थ है कि इतने बड़े निवेश पर्याप्त नौकरियाँ पैदा करने में क्यों विफल हो रहे हैं। हर महीने नौकरी की तलाश कर रहे युवा पुरुषों और महिलाओं की बढ़ती संख्या से स्थिति और खराब होती जा रही है। सीएमआईई की रिपोर्ट के अनुसार, बेरोजगारी दर लगभग आठ प्रतिशत के आसपास मंडरा रही है, जो लगभग पांच साल पहले लगभग पांच प्रतिशत थी।

## विचार

# भारतीय स्वच्छता आंदोलन के महामानवः संत गाडगे

मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल'





**संत गाडगे के समय का तत्कालीन भारतीय समाज जहां एक ओर जातीय जकड़न और शोषण का शिकार था वहीं दूसरी ओर आदर्शवादी बातें एवं सम्मान पर भी कुछ समूहों का वर्चस्व था। ऐसे में अपनी सादगी, वैचारिकी और समाज के एक बड़े उपेक्षित समूह का जीवन स्तर बेहतर करने की प्रतिबद्धता के लिए पूरा जीवन समर्पित कर देना अकल्पनीय है। संत गाडगे का जीवन दर्शन समाज कल्याण एवं परोपकार का जीवंत उदाहरण है। वंचित समाज में उनकी लोकप्रियता और प्रभाव का सम्मान करते हुए सामाजिक परिवर्तन के अनेक मुद्दों पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर उनके अनुभव के आधार पर नीतियाँ बनाते थे।**

भारतीय सामाजिक परिवर्तन का केंद्र रहे महाराष्ट्र से अनेक ऐसी विभूतियों ने जन्म लिया है जिन्होंने अपने जीवन दर्शन से समूची मानवता को संदेश दिया है। अठाहरवीं शताब्दी में जन्मे देश के महान नायक महात्मा गांधी और बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के साथ ही बाबा गाडगे का जन्म हुआ। भारत में स्वच्छता को आंदोलन के रूप मे प्रेरित करने वाले महान संत गाडगे को स्वच्छता आंदोलन का जनक कहा जाता है। महाराष्ट्र के अमरावती जिले के अकोला मे पैदा हुए संत गाडगे धोबी समाज से जुड़े थे। युवावस्था में ही अंध विश्वास,रूढ़ियों और मूर्ति पूजा के विरोध में उन्होंने जन जागरूकता शुरू किया। उनके पास एक मिट्टी के मटके जैसा पात्र था इसी में वे खाना-पीना खाते थे। महाराष्ट्र में मटके के टुकड़े को गाडगा कहते हैं यही उनका प्रचलित नाम बन गया।

संत गाडगे गाँव-गाँव घूमकर दलित और गरीब बस्तियों में लोगों को कीर्तन के माध्यम से शिक्षा पर जोर देने के लिए प्रेरित करते थे। कीर्तन में उनके प्रमुख संदेश थे मेरी जहां मृत्यु हो जाए वहीं मेरा अंतिम संस्कार कर देना,मेरी मूर्ति, मेरी समाधि,मेरा स्मारक, मंदिर नही बनाना, मैंने जो कार्य किया है वही मेरा सच्चा स्मारक है; पैसे की तंगी हो तो खाने के बर्तन बेच दो, लेकिन अपने बच्चों की शिक्षा के बिना मत रखो।

संत गाडगे के समय का तत्कालीन भारतीय समाज जहां एक ओर जातीय जकड़न और शोषण का शिकार था वहीं दूसरी ओर आदर्शवादी बातें एवं सम्मान पर भी कुछ समूहों का वर्चस्व था। ऐसे में अपनी सादगी, वैचारिकी और समाज के एक बड़े उपेक्षित समूह का जीवन स्तर बेहतर करने की प्रतिबद्धता के लिए पूरा जीवन समर्पित कर देना अकल्पनीय है। संत गाडगे का जीवन दर्शन समाज कल्याण एवं परोपकार का जीवंत उदाहरण है। वंचित समाज में उनकी लोकप्रियता और प्रभाव का सम्मान करते हुए सामाजिक परिवर्तन के अनेक मुद्दों पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर उनके अनुभव के आधार पर नीतियाँ बनाते थे।

आज जहां पूरी दुनिया में साफ-सफाई को लेकर व्यापक अभियान चलाने पर उसका अपेक्षित परिणाम नहीं निकल पा रहा हैं ऐसे में संत गाडगे जी के स्वच्छता आंदोलन विषयक अभियान का संदेश बेहद प्रासंगिक है। उन्होंने हमेशा इस बात पर जोर दिया कि साफ-सफाई के कार्य को किसी जाति विशेष से जोड़कर अपमानित नहीं करना चाहिए बल्कि जो लोग इस कार्य को करते हैं उनका सार्वजनिक अभिनंदन किया जाना चाहिए। सफाई से जुड़े समूहों के प्रति समाज के कुलीन वर्ग द्वारा किए जाने वाले तिरस्कार के संत गाडगे बेहद खिलाफ थे। यही भेदभाव और अपमानजनक व्यवहार के कारण वे धार्मिक पाखंड और कुरीतियों पर हमला करते रहते थे।

जीवन के अंतिम समय में संत गाडगे की ख्याति महाराष्ट्र से पूरे भारत में फैलने लगी थी। पूरे देश में गाडगे बाबा के जीवित रहते अनेक संस्थाओं ने उनके विचार पर कार्य करना शुरू कर दिया था। 1956 में 6 दिसंबर को बाबा साहब के महापरिनिर्वाण होने पर संत गाडगे बेहद दुखी हो गए।

इस घटना से वह व्यथित हुए उसी शोक में बीमार होने के कारण उसी दिसंबर के महीने में 20 दिसंबर को उनका भी देहावसान हो गया। लेकिन जीवन भर जिस विचार को उन्होंने फैलाया वह आज भी पूरी प्रखरता से गतिमान है। उनकी विशिष्ट सेवाओं का सम्मान करते हुए अमरावती में संत गाडगे बाबा अमरावती यूनिवर्सिटी नाम दिया गया साथ ही उनके नाम पर अनेक सम्मान/पुरस्कार भी घोषित है।

आजादी के पचहत्तर साल बाद भी सामाजिक संरचना में बड़ा बदलाव नहीं हो पाया है। स्वच्छता को आज भी एक वर्ग विशेष से जोड़कर देखा जा रहा है। यह सभ्य समाज के लिए उचित नहीं है। लोकतांत्रिक समाज में प्रत्येक नागरिक को गरिमापूर्ण जीवन जीने का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। साथ ही समानता और बंधुत्व इसके मूल में है। इन सभी लक्ष्यों को संत गाडगे जी के बताए रास्ते पर चलकर पाया जा सकता है। 23 फरवरी उनकी जयंती उस महामानव संत गाडगे को स्मरण करने का दिन है जिन्होंने स्वच्छता के संदेश के माध्यम से हमें मनुष्य बने रहने के बुनियादी सिद्धांतों से परिचय कराया।

लेखक- पूर्व अतिथि प्रवक्ता एंथ्रोपोलॉजी डिपार्टमेंट, इलाहाबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय मो. 7905295722

## चंडीगढ़ का संदेश

चंडीगढ़ में मेयर पद के चुनाव के दौरान अनुचित तौर-तरीके अपनाए जाने के आरोपों के बाद सामने आए नतीजे के रूप में जो अलोकतांत्रिक स्थिति उपजी थी, उसे शीर्ष अदालत के निर्णय ने दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया है। अब सवाल यह है कि जब एक नगर निगम के मेयर के चुनाव में इस स्तर तक धांधली हो सकती है तो बड़े चुनावों को लेकर राजनीतिक दल किस स्तर तक तक जा सकते हैं? यहां सवाल सत्तारूढ़ राजनीतिक दल पर तो है ही, प्रश्न इस केंद्र शासित प्रदेश के उन आला अधिकारियों पर भी उठे हैं जिनकी जवाबदेही लोकतांत्रिक प्रक्रिया की शुचिता बनाये रखने के लिये थी। चंडीगढ़ नगर निगम का सवाल इसीलिये अधिक संवेदनशील हो जाता है, क्योंकि अन्य केंद्रशासित प्रदेशों की तरह यहां निर्वाचित जनप्रतिनिधि सभा नहीं है। इस प्रकरण से सवाल इस केंद्रशासित प्रदेश के प्रशासन में दखल रखने वाले केंद्र के बड़े अधिकारियों पर भी उठते हैं। विपक्षी दल इस दौरान चंडीगढ़ के प्रशासक और पंजाब के राज्यपाल के इस्तीफे को भी इस घटनाक्रम से उपजी प्रतिक्रिया के रूप में देखते हैं। जिसके निहितार्थ चुनाव के दौरान अपनायी गई प्रक्रिया के प्रति असंतोष के रूप में देखे गये। बहरहाल,अदालत के फैसले के बाद उन अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए जिन्होंने सारे प्रकरण के प्रति आंखें मूंदे रखी। आखिर क्यों हमारे राजनीतिक दल भी चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता कायम नहीं रख पाते? क्यों हर मामले में कोर्ट को दखल देकर न्यायसंगत चुनाव का मार्ग प्रशस्त करना पड़ता है? यदि कोर्ट नगर निगम और पालिकाओं के छोटे मामलों में बार-बार हस्तक्षेप करने को बाध्य होगी तो क्या राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों को सुलझाने के लिये अदालत का समय प्रभावित नहीं होगा? कहीं न कहीं अदालतों में लगे वादों के अंबार के मूल में यह वजह भी है कि राजनीतिक दलों के पचड़े सुलझाने में कोर्ट का समय अनावश्यक रूप से व्यय होता है। माना जाना चाहिए कि चंडीगढ़ महापौर के मामले में दिया गया शीर्ष अदालत का फैसला भ्रष्ट राजनेताओं के लिये सबक ही नहीं, मार्गदर्शक नजीर भी साबित होगी। बहरहाल, शीर्ष अदालत के फैसले ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व को प्राणवायु दे दी है। दिल्ली के मुख्यमंत्री व आप सुप्रीमो ने पुरानी कहावत दोहराते हुए कहा भी कि 'सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं'। अब वे सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भाजपा पर नये सिरे से हमलावर हो रहे हैं। बल्कि वे भाजपा के आगामी लोकसभा चुनाव में जीत के दावों को लेकर भी सवाल उठा रहे हैं। दरअसल, चंडीगढ़ मेयर पद पर आप व कांग्रेस के साझे प्रत्याशी की जीत को अब इंडिया गठबंधन की जीत के रूप में दर्शाया जा रहा है। कहा जा रहा है कि पिछले महापौर चुनाव में ऊंच-नीच हुई थी, लेकिन मामला इतनी चर्चा में नहीं आया। अब तो राष्ट्रीय स्तर पर लोकसभा चुनाव को लेकर आप व कांग्रेस के तालमेल को लेकर नये सिरे से चर्चा होने लगी है। निस्संदेह, आप व कांग्रेस खेमे में इस फैसले को लेकर उत्साह है और अपने-अपने हिसाब से इसकी व्याख्या की जा रही है। निश्चित रूप से लोकतंत्र में निर्वाचित प्रतिनिधियों को न्यायसंगत ढंग से अपने वोट का इस्तेमाल करने का अधिकार होना चाहिए। वहीं लोकतंत्र में संख्याबल का सम्मान किया जाना चाहिए। मेयर चुनाव में लोकतांत्रिक प्रक्रिया का मजाक बनाने वाले पीठासीन अधिकारी को शीर्ष अदालत की लताड़ निश्चित रूप से अन्य लोगों के लिये सबक साबित होगा। सवाल यह भी है कि पीठासीन अधिकारी ने यह कृत्य पार्टी के प्रति वफादारी जताने के लिये किया या फिर उस पर बाहरी दबाव था। निश्चित रूप से भाजपा नेतृत्व को भी हालिया घटनाक्रम से असहज स्थिति का सामना करना पड़ा है। उसकी छवि पर भी इसका प्रभाव पड़ सकता है। निस्संदेह, किसी लोकतंत्र की विश्वसनीयता तभी कायम रह सकती है जब चुनाव प्रक्रिया छल-बल के प्रभाव से मुक्त हो सके। हमारे तंत्र को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जनादेश का सम्मान करते हुए कोई चयन प्रक्रिया संपन्न हो।



## राशिफल

**मेषः-** जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है। नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का एहसास होगा। संतान संबंधी दायित्वों की पूर्ति होगी।

**बृषभः-** शासन-सत्ता से जुड़े लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ होगा।

**मिथुनः-** संबंधों में व्यवहार कुशल बने। सामाजिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागेदारी संभव। निकट संबंधों में अपनी अच्छी छबि बनायें।

**कर्कः-** विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी।

**सिंहः-** अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कन्याः-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे। शिक्षा में समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन नकारात्मक चिंताओं से बोझिल होगा।

**तुलाः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। पारिवारिक वातावरण में उत्साह का माहौल रहेगा।

**वृश्चिकः-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरें में ब्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आसपास का माहौल प्रसन्न होगा।

**धनुः-** कठिन एवं विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकरः-** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकट संबंधों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। गैर सांस्कारिक कायरे की आकर्षित मन पर अंकुश लगायें।

**कुंभः-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परंतु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित ऊर्जा की अनुभूति होगी।

**मीनः-** नकारात्मक चिंताओ को त्याग अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियो व सहकर्मियो के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। राजनीति से जुड़े लोगों का सहयोग मिलेगा।

# क्या हम आजाद हैं?

सर्वमित्रा सुरजन




**देश तो यही मानकर चलता था कि अनेकता में एकता वाले भारत में नफरत कभी भी टिक नहीं सकेगी, भारत की हस्ती कभी मिट नहीं सकेगी। लेकिन आज 2024 के भारत को देखें तो लगता है कि जो कुछ 1989 में दिखाया गया, वह एक तरह से देश की भावी तस्वीर ही थी। पिछले 15 दिनों की कुछ घटनाओं को देखें। चंडीगढ़ मेयर के चुनाव में पीठासीन अधिकारी ने ही मतपत्रों में अपनी ओर से क्रॉस के निशान लगाकर आप और कांग्रेस के गठबंधन को हराया और भाजपा को जिता दिया। चूंकि सारा घटनाक्रम सीसीटीवी में कैद हो गया और आप ने इस मामले को अदालत में ले जाने की हिम्मत दिखाई, इस वजह से सच्चाई सामने आई। अब आप के कुलदीप कुमार को सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ का मेयर बनाया है और पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह पर कार्रवाई के आदेश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले की सराहना हो रही है, लोग लोकतंत्र की रक्षा के लिए अदालत को धन्यवाद दे रहे हैं।**

1989 में एक फिल्म आई थी मैं आजाद हूं। जब यह फिल्म आई थी, तब भारत को आजादी मिले 40 साल हो चुके थे। इन चार दशकों में देश ने कई उतार-चढ़ाव, गम और खुशी के पल देखे। इन सबके बीच लोकतंत्र और संविधान के संरक्षण का भाव फलता-फूलता रहा। उस दौर में समाज में एक बड़ी चिंता भ्रष्टाचार को मिटाने की थी और कई फिल्मों में इसे देश के लिए सबसे बड़ी बुराई के तौर पर प्रस्तुत किया जाता था, जिसके खात्मे के लिए नायक आगे आता है। तब तक न राम मंदिर के आंदोलन के लिए रथ यात्रा निकाली गई थी, न आम लोगों को इस बात का एहसास था कि बाबरी मस्जिद को तोड़ने का अपराध भी किया जा सकता है। उदारीकरण भी देश में तब तक नहीं आया था, इसलिए समाज के उच्च वर्गों की जिंदगियों और सरोकारों से मध्यमवर्गीय लोगों के सरोकार बहुत अलग थे। इसलिए तब इस फिल्म में जिस तरह सियासत, मीडिया और कारोबार जगत का गठजोड़ दिखाकर भ्रष्टाचार का नया रूप दिखाया गया, जिस अंदाज में आम आदमी के सवालों को उठाया गया, वो वास्तविकता से दूर होने लगे थे। फिल्म में मीडिया मालिक कहता है कि झूठ जोर से बोला जाए तो लोग उसे सच मान लेते हैं। वह झूठ के कारोबार से पहले मुख्यमंत्री और फिर दिल्ली की सत्ता पर बैठने की महत्वाकांक्षा पालता है, अपने खिलाफ उठने वाली हर आवाज को कुचल देना चाहता है। उसकी निगाह में लोकतंत्र का कोई मोल नहीं है। आज से 35 साल पहले इस तरह की कहानी काफी हद तक नाटकीय लगी थी, क्योंकि लोकतांत्रिक समाज तो इस खुशफहमी को पाले हुए था कि हिटलरी सोच हिटलर की मौत की साथ ही खत्म हो चुकी है। देश तो यही मानकर चलता था कि अनेकता में एकता वाले भारत में नफरत कभी भी टिक नहीं सकेगी, भारत की हस्ती कभी मिट नहीं सकेगी। लेकिन आज 2024 के भारत को देखें तो लगता है कि जो कुछ 1989 में दिखाया गया, वह एक तरह से देश की भावी तस्वीर ही थी। पिछले 15 दिनों की कुछ घटनाओं को देखें। चंडीगढ़ मेयर के चुनाव में पीठासीन अधिकारी ने ही मतपत्रों में अपनी ओर से क्रॉस के निशान लगाकर आप और कांग्रेस के गठबंधन को हराया और भाजपा को जिता दिया। चूंकि सारा घटनाक्रम सीसीटीवी में कैद हो गया और आप ने इस मामले को अदालत में ले जाने की हिम्मत दिखाई, इस वजह से सच्चाई सामने आई। अब आप के कुलदीप कुमार को सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ का मेयर बनाया है और पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह पर कार्रवाई के आदेश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले की सराहना हो रही है, लोग लोकतंत्र की रक्षा के लिए अदालत को धन्यवाद दे रहे हैं। लेकिन क्या वाकई यह प्रकरण खुश होने का है। क्या इस घटना को अंत भला तो सब भला कहकर भुलाया जा सकता है, या फिर इसे लोकतंत्र के लिए एक गहरी चुनौती मानते हुए हमेशा याद रखा जाना चाहिए? अदालत ने अनिल मसीह पर कार्रवाई के आदेश दिए हैं, लेकिन मसीह ने क्या अपने लिए वोटों से छेड़छाड़ की थी, या फिर किसी और के फायदे के लिए। वो कौन सी ताकतें हैं, जिन्होंने ड्यूटी पर तैनात एक अधिकारी से असंवैधानिक काम करवाए, क्या कभी उनकी शिनाख्त हो पाएगी। अदालत ने सुनवाई के दौरान वोटों की गिनती के आदेश दिए। क्या इसे सामान्य बात माना जा सकता है। क्योंकि चुनाव करवाने और वोट गिनवाने का काम तो चुनाव आयोग का है। अगर अदालतों में अब चुनाव के फैसले, वोटों की गिनती होने लगे, तो सोचिए कि लोकतंत्र किस बदहाली का शिकार हो चुका है। 30-32 वोट तो अदालत में गिन लिए गए, मगर लोकसभा चुनावों में 97 करोड़ मतदाताओं के वोट तो अदालत में नहीं गिने जा सकते, तो क्या निर्वाचन आयोग इस बात की गारंटी लेगा कि 97 करोड़ वोटों में कोई हेरफेर नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट तक चंडीगढ़ मेयर चुनाव का मामला पहुंचा तो इंसाफ हो गया, लेकिन क्या देश में होने वाली हर नाइंसाफी अदालत की चौखट तक पहुंच पाएगी और क्या हर बार अदालत से इंसाफ मिल पाएगा। अभी किसान फिर से दिल्ली की सीमा पार करने के लिए निकल पड़े हैं और एक बार फिर उन पर पंजाब-हरियाणा की शंभू सीमा पर आंसू गैस के गोले दागे गए। जब कांवड़ लेकर बेरोजगार नौजवानों की भीड़ सड़कों पर आती है और तब कानून व्यवस्था से लेकर दैनंदिन जीवन प्रभावित होता है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# डीएम के आदेश पर तय हुआ प्रभारी ईओ का रोस्टर



**चरखारी,महोबा,समृद्धि न्यूज।**

जिले की चरखारी नगर पालिका में पूर्व में कार्यरत अधिशाषी अधिकारी दीपालिका यादव के स्थानांतरण के बाद रिक्त चल रहे पद पर ईओ महोबा को चरखारी नगर पालिका का अतिरिक्त प्रभार मिला है। लेकिन ईओ के चरखारी कार्यालय कम पहुंच पाने पर नगर पालिका परिषद चरखारी के सभासदों ने जिलधिकारी मृदुल चौधरी के समक्ष मांग रखते हुए रोस्टर बनाए जाने की मांग की गयी थी। जिलाधिकारी के निर्देश पर अब प्रभारी ईओ अवधेश कुमार यादव अब बुधवार व गुरुवार को चरखारी कार्यालय में जनसुनवाई करेंगे। गुरुवार को चरखारी कार्यालय पहुंचे ईओ यादव नगर पालिका पहुंचे। जहां तमाम लंबित फाईलों को निपटारा करने के उपरान्त सभासदों से वार्ता करते हुए सभासदों की समस्याओं का निस्तारण तत्काल प्रभाव किया। सभासदों द्वारा बोर्ड लगवाए जाने की मांग पर उन्होंने वरिष्ठ लिपिक अयूब खां को पत्रावली तैयार करते हुए बोर्ड बनवाने के आदेश दिए। सभासद राम महाराज ने कचरा वाहनों के जीर्णशीर्ण होने पर उनकी मरम्मत कराने तथा खराब वाहनों को दुरुस्त कराए जाने की मांग रखे जाने पर उन्होंने वाहनों की मरम्मत कराने के साथ ही एक पखवारा के उपरान्त समुचित प्रबन्ध किए जाने का आश्वासन दिया। सदर विधायक राकेश गोस्वामी के मकान के पास स्थित अस्थाई पुल में कराए गए मरम्मत कार्य का निरीक्षण करने के उपरांत विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था तथा सफाई से संबंधित शिकायतों का निस्तारण मौके पर पहुंचकर किया। ईओ ने बताया कि उनके पास दो नगर पालिका व एक नगर पंचायत का प्रभार है तथा समस्याओं के निस्तारण के लिए दो-दो दिन का समय निर्धारित करते हुए रोस्टर के मुताबिक प्रत्येक निकाय में पहुंचेगे।

**ईओ ने बताया कि उनके पास दो नगर पालिका व एक नगर पंचायत का प्रभार है**

## स्वास्थ्य शिविर में मरीजों ने कराया रजिस्ट्रेशन

**इटावा।** शहर के मुहल्ला शाहगंज में मौलाना आजाद सामाजिक एकता समिति के तत्वावधान में देश के पहले शिक्षा मंत्री भारत रत्न मौलाना आजाद की पुण्यतिथि के अवसर पर विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें करीब पांच सौ मरीजों का रजिस्ट्रेशन कर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा निशुल्क दवा वितरण भी हुआ। शिविर का उद्घाटन सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय सिंह ने फीता काट कर किया, कार्यक्रम संयोजक समिति के अध्यक्ष जमील कुरैशी, व्यापार मंडल अध्यक्ष आलोक दीक्षित, राम प्रकाश वर्मा, शमशुद्दीन अंसारी, अतुल आक्रोश ने सिटी मजिस्ट्रेट का माला, शाल, प्रतीक चिन्ह देकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में डॉ.सुजीत सिंह जनरल मेडिसिन विभाग, डॉ.राजेश कुमार वर्मा जनरल सर्जरी विभाग,डॉ. अनुराधा स्त्री रोग विशेषज्ञ एंव डॉ. शैलजा दीक्षित होम्योपैथी चिकित्सक आदि ने अपनी सेवाएं दीं।

# पुलिस उपनिरीक्षक ने अपराध नियंत्रण के संबंध में दिए निर्देश

**पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता सहित मंडल के एसपी रहे मौजूद**



बैठक में मौजूद महोबा एसपी सहित अन्य।

**महोबा,समृद्धि न्यूज।**

पुलिस उप महानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा द्वारा अपराध समीक्षा बैठक की गई। उन्होंने कानून व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस उप महानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा अजय कुमार सिंह द्वारा मंडल के पुलिस अधीक्षकों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की तथा अपराध नियंत्रण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

साथ ही आगामी लोक सभा चुनाव 2024 की तैयारियों के संबंध में भी दिशा निर्देश निर्गत किए गए। महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम तथा छह माह से अधिक समय से लंबित विवेचनाओं का निस्तारण, आईजीआरएस तथा समाधान दिवस से प्राप्त प्रार्थना पत्रों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किए जाने आदि जनता के साथ सद्व्यवहार किए जाने हेतु अपने अधीनस्थों को आदेशित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक महोबा अर्पणा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक हमीरपुर डॉ दीक्षा शर्मा एवं अपर पुलिस अधीक्षक बांदा लक्ष्मी निवास मिश्र मौजूद रहे।

# एसडीएम चरखारी ने किया बेलाताल मंडी का निरीक्षण



निरीक्षण करते एसडीएम चरखारी

**सब्जी मंडी अन्यत्र लगाने को ग्राम पंचायत से कहा गया पर अभी तक जगह निर्धारित नहीं की गई: मंडी सचिव**

**महोबा,समृद्धि न्यूज।**

जिले के चरखारी एसडीएम ने कृषि उपज मंडी बेलाताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मंडी पहुंचकर आढ़तियों को आवश्यक निर्देश दिए। बोली लगा उपज की खरीद करने को कहा। बाहरी व संदिग्ध लोगों पर नजर रखने और ऐसा कोई दिखने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने के भी निर्देश दिए। एसडीएम ने किसानों की परेशानियों को देखते हुए हर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उपज को मनमाने दामों में खरीदने की शिकायत पर उन्होंने आढ़तियों से बोली लगाने में दिक्कत पूंछी।

आगे से बोली लगाने को कहा, अनाधिकृत वाहनों को खड़ा करने के लिए मंडी को अड्डा न बनने देने के निर्देश दिए। मंडी में अवैध अतिक्रमण करने वाले लोगों पर सख्ती करने के निर्देश दिए। मंडी सचिव राघवेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि सब्जी मंडी अन्यत्र लगाने को ग्राम पंचायत से कई बार कहा गया पर अभी तक जगह निर्धारित नहीं की गई, इस बाबत एसडीएम कुलपहाड़ से वार्ता करने को भी कहा गया।

मंडी के अन्य कर्मचारियों द्वारा की जा रही अवैध वसूली की शिकायतों को गंभीरता से लिया गया। एसडीएम ने कहा वह इस बाबत गोपनीय जांच करा रहे है, रिपोर्ट आने पर कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी सहित अन्य पर मुकदमा दर्ज

**महोबा,समृद्धि न्यूज।**

**न्यायालय आदेश पर पुलिस ने की कार्यवाही**

शहर के मुहाल यशोदानगर निवासी विपिन सिंह ने न्यायालय में दायर किए वाद में बताया कि वह अजीत सिंह मेहरोत्रा निवासी नेहरू वार्ड पिपरिया जिला नर्मदापुरम मप्र के यहां प्रबंधक है। उनके मालिक अजमत ने जिला पंचायत के खनिज परिवहन शुल्क वसूली वर्ष 2023-24 के लिए टेंडर डाला था। जो उनके पक्ष में स्वीकृत हो गया था। दो करोड़ रुपया जिला पंचायत में जमा करके करीब 27 लाख रुपए का स्टांप शुल्क अदा करने के बाद खनिज परिवहन शुल्क वसूली का अनुबंध 15 मार्च 2023 को उनके पक्ष में निष्पादित हो गया था। लेकिन इस टेंडर के अन्य आवेदकों ने शिकायत की थी। शासन के निर्देश पर ठेका 16 मार्च को निरस्त कर दिया गया था। उसने अपने मालिक की ओर से उच्च न्यायालय इलाहाबाद में रिट याचिका दायर की थी, जो विचाराधीन है। इसके बाद 10 अप्रैल 2023 को तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत रणमत सिंह राजपूत ने उन्हें बुलाया और कहा कि जो मुकदमा लगाया है उन्हें अपनी ओर से जवाब लगाना है और उन्हें ही पैरवी करना है। कहा कि यदि उन्हें ठेका में बीस प्रतिशत का पार्टनर कर लो तो ऐसा जवाब लिखा जाएगा कि मुकदमा हम ही जीतेंगे। उन्होंने खाली कागजों में दस्तखत करने का दबाव बनाया। ऐसा न करने पर कहा कि दो करोड़ रुपया जो जमा है वह फंस जाएगा। उसने दबाव में आकर अपने मालिक को फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से बतौर पावर आफ एटार्नी होल्डर उसके कहने पर खाली कागजों पर दस्तखत कर दिए। वहीं एक कागज में लिखा कि यदि उनके नाम कोई टेंडर होता है तो वह बीस प्रतिशत के पार्टनर होंगे। 25 जनवरी 2024 को एक नोटिस प्राप्त हुआ। जिससे पता चला कि कागजों में जो हस्ताक्षर लिए गए थे वह कंपनी से धोखाधड़ी करने के लिए थे। उसके हस्ताक्षर का गलत इस्तेमाल कर कूटरचित ढंग से दस्तावेज तैयार किए गए है। उसने रणमत सिंह के साथ बतौर मैनेजर अजीत सिंह की ओर से कोई अनुबंध पर हस्ताक्षर नहीं किए। 2 फरवरी को रजिस्टर्ड डाक से इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी। 26 जनवरी को वह मुकदमा लिखाने कोतवाली गया था। लेकिन पुलिस आश्वासन देती रही। रणमत सिंह को इसकी जानकारी हुई।बताया कि 7 फरवरी की शाम वह सूरज स्टोन इंडस्ट्रीज करहराकला से वापस आ रहा था। तभी रास्ते में कार ने उसकी कार को ओवरटेक करते हुए आगे लगा दिया।

उसमें रणमत सिंह के साथ पांच से छह लोग अज्ञात थे। उसने कार के नीचे जबरन उतार लिया और धमकी। इन लोगों ने उसे जान का खतरा बना हुआ है। पीड़ित ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। इसके बाद न्यायालय आदेश पर पुलिस ने तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी रणमत सिंह राजपूत निवासी डी-4/84-ए सेक्टर 32 नोएडा, ग्रेटर नोएडा कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर उप्र सहित पांच से छह अज्ञात के खिलाफ धारा 419, 420, 467, 468, 471, 147, 341 व 506 के तहत मामला दर्ज किया है।

## श्री विष्णु महायज्ञ एवं विराट मानस संत सम्मेलन

**मितौली खीरी।** कोतवाली नीमगांव क्षेत्र के पैला ग्राम में श्री विष्णु महायज्ञ एवं विराट मानस संत सम्मेलन में सुदूर क्षेत्रों से विद्वत मंडली द्वारा राम चरित मानस एवं महाभारत काल की कथाओं का सुंदर चित्रण किया जा रहा है। धार्मिक कार्यक्रम के चतुर्थ दिवस की पावन दोपहर की बेला मे कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख मितौली राजीव वर्मा ने मंच की पूजा अर्चना कर कथा का श्रवण किया वहीं इस कार्यक्रम में राधाकृष्ण की सखी सम्प्रदाय से कथा वाचक सोनू चंचल तूफानी ने प्रेम रस से सराबोर करते हुए सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।मंच संचालन पंडित प्रेम सागर मिश्रा एवं कथा वाचक पंडित कुसुम बाजपेई, फलाहारी बाबा और पवनेश जी महाराज द्वारा सुंदर भगवद् चर्चा क्षेत्र वासियों को श्रवण करने का सुअवसर प्राप्त हो रहा।

## खबरें एक नजर में

### ट्रक की टक्कर से छात्र की मौत

**महोबा।** गुरुवार को जिले के कबरई-बांदा रोड पर साइकिल सवार छात्र को ट्रक ने टक्कर मार दी। घायल छात्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उसकी मौत हो गई। घटना से गुस्सा लोगों ने बांदा-कबरई रोड पर जाम लगा दिया। मौके पर पुलिस ने पहुंच कर लोगों को समझा कर शांत किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार खन्ना के कुलकुआ निवासी 18 वर्षीय हिंमाशु की हाईस्कूल की परीक्षा थी। उसका केंद्र कबरई के बांदा-कबरई रोड किनारे नहदौरा स्थित मानव सेवा कल्याण इंटरकालेज में था। गुरुवार को घर से टेंपो से पेपर देने आया था और स्कूल के सामने जैसे ही रोड पार करने लगा तो ट्रक की चपेट में आ गया। घटना देख लोगों की भीड़ जुट गई और वहां जाम लगा दिया। कबरई पुलिस पहुंची और लोगों को समझा कर शांत कराया। वहीं घायल को सीएचसी में डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। कबरई-बांदा मार्ग पर करीब एक घंटे तक आवागमन बाधित रहा। वहीं पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाया। उधर घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### परशुराम सेवा समिति की बैठक 25 को

**इकदिल/इटावा।** परशुराम सेवा समिति उ.प्र. की एक आवश्यक बैठक 25 फरवरी दिन रविवार को प्रातः 10 बजे से समिति के प्रदेश संगठन मंत्री राहुल प्रकाश दीक्षित के आवास पर ग्राम सराय जलाल इकदिल में होगी। परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट व प्रदेश महामन्त्री जयशिव मिश्रा ने बताया कि आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जायेगी। उन्होंने परशुराम सेवा समिति के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों से बैठक में निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

### लाभार्थी सम्पर्क अभियान कार्यशाला आयोजित

**इटावा।** भारतीय जनता पार्टी इटावा प्रथम मण्डल के अन्तर्गत लाभार्थी सम्पर्क अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया। अभियान कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में अभियान लोकसभा संयोजक सुप्रिया मिश्रा एवम मुख्य वक्ता के रूप में मण्डल के प्रभारी संजीव भदौरिया का रहना हुआ। इटावा प्रथम के मण्डल विवेक गुप्ता ने कार्यशाला में आए हुए सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट एवम दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि के रूप में पधारी क्षेत्रीय पदाधिकारी एवम लाभार्थी सम्पर्क अभियान लोक सभा संयोजक सुप्रिया मिश्रा ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत देश के कौने कौन में रहने वाले करोड़ों की संख्या में लोग किसी न किसी योजना का लाभ ले रहे है। इस अभियान के तहत इटावा प्रथम मण्डल के द्वारा लाभार्थियों से सम्पर्क किया जाएगा। मुख्यवक्ता के रूप में इटावा प्रथम मण्डल के प्रभारी संजीव भदौरिया ने कार्यशाला में आए हुए सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहाँ कि मण्डल में रहने वाले सभी कार्यकर्ता योजनाओं का लाभ ले रही जनता से संपर्क करेंगे और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय मोदी जी की जनकल्याणकारी योजनाओं से जनता को अवगत भी कराएंगे। लाभार्थी सम्पर्क अभियान कार्यशाला का संचालन अभियान संयोजक अखिलेश कौशिक ने किया। कार्यशाला में मुख्यरूप से सभासद शरद बाजपेई, जिला आई.टी.सेल संयोजक भाजपा शरद तिवारी, सोशल मीडिया इटावा विभाग संयोजक आशीष चौहान, शक्तिकेंद्र प्रभारी, सेक्टर संयोजक, सेक्टर प्रभारी, बूथ अध्यक्ष कार्यकारिणी उपस्थित रही।

# पुलिस ने मनचलों के विरुद्ध चलाया चेकिंग अभियान

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत जनपदीय महिला सुरक्षा विशेष दल।एंटी रोमियो स्कवायड द्वारा शहर क्षेत्रान्तर्गत पैदलगस्त कर मनचलों, अराजक तत्वों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया।

जनपदीय महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा शहर क्षेत्र अंतर्गत पैदलगस्त कर गर्ल्स स्कूल/कॉलेज, कोचिंग संस्थान, मंदिर, पूजा घर, महिलाओं एवं बालिकाओं के आवागमन से संबंधित महत्वपूर्ण हॉटस्पॉट, सार्वजनिक स्थलों, चौरोहो, बाजार, मॉल, पार्क, स्कूल बस/टैक्सी स्टैण्ड आदि स्थानों पर सुरक्षा हेतु अभियान चलाकर चेकिंग की गई । चेकिंग के दौरान अनावश्यक रूप से घूमने वाले छात्र छात्राओं, युवक- युवतियों, मनचलों, अराजक तत्वों से रोककर पूछताछ की गई एवं सभी को बेवजह न घूमने की सख्त हिदायत देकर छोड़ा गया साथ ही छात्राओं को विषम परिस्थिति में पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा हेतु चलाई जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे महिला हेल्पलाइन नंबर वीमेन पावर लाइन1090, यूपी 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 181, 1076, इत्यादि की जानकारी दी गई तथा नजदीकी थाना पुलिस को सूचित करने के बारे में बताया गया।

## सर्व समाज मुसाफिर खाने का हुआ उद्घाटन

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** शहर में अब अन्य जनपदों से आने वाले ज़रूरतमंद मुसाफिरों को ठहरने के लिए नहीं होगी कोई परेशानी क्योंकि समाजसेवी मरहूम हाजी अब्दुल मन्नान मंसूरी ने जो सर्व समाज के लिए निःशुल्क मुसाफिर खाने/रैन बसेरे का जो सपना देखा था वह पूरा हुआ। भारती मंसूरी वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य हाजी अब्दुल हन्नान उर्फ चांद मंसूरी ने कहा कि पक्का तालाब चौराहे पर स्थित सर्व समाज मुसाफिर खाने का उद्घाटन नूरुद्दीन मंसूरी ज़िलाध्यक्ष मंसूरी समाज व ज़िला सचिव समाजवादी पार्टी जनपद औरैया व हाजी अब्दुल मजीद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम में आये सभी अतिथियों का एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद मंसूरी, हाजी अब्दुल हन्नान, वाई के शफी चिश्ती, मोहम्मद दिलशाद चिश्ती आदि ने शाल उड़ाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# पीओ डूडा ने एसडीएम से दोबारा प्रकरण की जांच करवा कर मांगी रिपोर्ट

**सिगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत सिंगाही भेडौरा में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में अपात्र व्यक्ति का चयन होने की शिकायत जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा एवं जिलाधिकारी तथा सूडा निदेशक लखनऊ से की गई थी। सूडा पंत्राक संख्या 5795/15/29 जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा खीरी ने शिकायतकर्ता को पत्र भेज कर की गई जांच की स्थिति को बताया है।

कस्बे मे प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में जगरूप पुत्र हरिश्चंद्र निवासी वार्ड नंबर 6 मोहल्ला भट्टी सिंगाही जो एक बड़ा किसान उसके पास 4 एकड़ कृषि योग्य भूमि अपना खुद का पक्का मकान व घर में ट्रैक्टर व खेती करने के यंत्र भी मौजूद हैं उसका पुत्र आर्यावर्त बैंक की शाखा बेलराया में शाखा प्रबंधक के पद पर कार्यरत है जिसकी शिकायत कस्बे के ही विनय कुमार मिश्रा ने जिला अधिकारी एवं सूडा निदेशक लखनऊ को 31 जनवरी 2024 को पत्र भेज कर की थी। सूडा निदेशक लखनऊ के आदेश पर डूडा ने शिकायतकर्ता को पत्र भेजकर शिकायत के संदर्भ में बताया है कि प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में योजना की गाइड लाइन का उल्लेख करते हुए बताया है कि जिलाधिकारी एवं उपजिला अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समित से जांच के बाद ही आवास के लाभार्थी का चयन किया जाता है शिकायतकर्ता की शिकायत पर प्रारंभिक जांच की गई थी जिसमें जगरूप पुत्र हरिश्चंद्र का योजना में गलत तरीके से चयन हो गया था। विभागीय जांच में स्पष्ट हुआ था की उनकी दो किस्त जारी हो गई थी। जिसकी रिकवरी के लिए जिओ टेक से लेकर योजना में जिम्मेदार जांच अधिकारियों को लाभार्थी के साथ नोटिस दिया गया था। जिला नगरी विकास अभिकरण डूडा ने शिकायतकर्ता को पत्र भेजकर बताया है कि 2021 में लाभार्थी को आवासीय सुविधा का लाभ दिया गया था। जिसकी तीसरी किस्त को रोक दिया गया है।लाभार्थी की पात्रता का पुनरू सत्यापन निघासन उप जिला अधिकारी से करने के लिए उनको पत्र प्रेषित किया गया है।

# पीड़िता ने लगाया आरोप, पुलिस कर रही अभद्रता नहीं हो रही सुनवाई

**पसगवां खीरी, समृद्धि न्यूज।**

उचौलिया कोतवाली क्षेत्र मे उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को चौक चौबंद करने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार लगातार प्रयासरत है उन्हीं के पद चिन्हों पर अपने कुशल नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक गणेश साहा लगातार जनपद खीरी की कानून व्यवस्था व लोगों की सेवा करने में कोई कसर नहीं छोड़ नहीं रहे हैं। प्रशासन महिला सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है लेकिन अभी एक ताजा मामला उचौलिया थाना का निकलकर आया है थाना क्षेत्र के भूडा गांव की एक महिला ने वर्दी धारी दरोगा पर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जनसुनवाई के माध्यम से उपनिरीक्षक व कई सिपाहियों के खिलाफ प्रार्थना पत्र प्रेषित किया है। पीड़िता ने आरोपित किया कि थाना उचौलिया की पुलिस में रात्रि 10: 00 बजे पीड़िता के पति की अनुपस्थिति में उचौलिया के उपनिरीक्षक अभय प्रताप सिंह अपने पांच हमराही सिपाहियों को लेकर बिना किसी कारण के घर में घुस गए। पीड़िता के साथ अभद्रता की। पीड़ित महिला ने आईजी लखनऊ रेंज से दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने का अनुरोध किया है।

**वर्जन**

**वही इस मामले में उचौलिया थानाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रताप से जानकारी लेने पर उन्होंने कहा है कि मुझे इस मामले की कोई जानकारी नहीं है।**

## लाभार्थी संपर्क अभियान में लोकसभा चुनाव की चर्चा

**महोबा,समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी के लाभार्थी संपर्क अभियान की कार्यशाला खरेला में आयोजित की गई जिसमें भाजपा पदाधिकारी व सदस्यों ने आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा की। कार्यशाला के दौरान मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री अंकुर शिवहरे उपस्थित रहे और कार्यकर्ताओं पदाधिकारी को संबोधित कर आवश्यक जानकारी दी। नगर खरेला में स्थित शिवमंगलम पैलेस में भारतीय जनता पार्टी द्वारा लाभार्थी संपर्क अभियान की कार्यशाला को अंकुर शिवहरे ने संबोधित करते हुए कहा कि अभियान का कार्यक्रम आगामी दिनों में आयोजित किया जाना है इस कार्यक्रम के द्वारा भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा आमजन मानस तक जो लाभकारी योजनाएं पहुंची हैं उनसे संपर्क स्थापित कर भाजपा की रितियां एवं नीतियों को बताएं और लाभार्थियों से लगातार संपर्क में रहे जिससे आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को 5 लाख से ज्यादा वोटो से लोकसभा प्रत्याशी को विजय प्राप्त हो। अभियान के संयोजक मोती द्विवेदी ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी को इस कार्यक्रम में एक-एक लाभार्थी तक पहुंचना है और उसको भाजपा की केंद्र व प्रदेश की सरकारो द्वारा जो भी योजनाओं का लाभ मिला है।



## अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची के संबंध की बैठक

**इटावा।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची एवं निरंतर पुनरीक्षण के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे संक्षिप्त मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के दौरान जिन लोगों ने मतदाता पहचान पत्र बनाने के लिए आवेदन किया था उनके पहचान पत्र निर्वाचन कार्यालय में पहुंचने शुरू हो गए हैं आयोग के निर्देश पर निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतदाताओं के पहचान पत्र स्पीड पोस्ट के माध्यम से उनके पते पर भेजे जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिन लोगों द्वारा निर्धारित प्रारूप पर नए मतदाता बनने व संशोधन के लिए आवेदन किए गए हैं उन सभी के भी स्पीड पोस्ट के माध्यम से उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि किसी भी मतदाता को ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है उन सभी के कार्ड स्पीड पोस्ट के माध्यम से मतदाता तक पहुंच जाएंगे।

# सदर विधायक निधि से निर्मित सड़कों का लोकार्पण

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार की प्रथम प्राथमिकता हर गांव को एक्सप्रेसवे से जोड़ना इसी के तहत आज जनपद भर में सबसे अधिक एक्सप्रेसवे मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है जिसमें कोटा इटावा बुंदेलखंड एक्सप्रेस सहित बसरेहर बायपास सहित तमाम सड़कों का निर्माण चल रहा है।

इसी क्रम मे कुछ गांव को मुख मार्गो से जोड़ने के लिए वह सड़कों को पक्कीकरण करने के लिए अपनी निधि से निर्माण कराया गया है जिससे सरकार की मनसा पूरी हो सके उक्त उधर सदर विधायक सरिता भदोरिया ने विधायक निधि योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 वि.ख. बढ़पुरा के ग्राम नगला जगे में रेलवे लाइन से नरेश चंद्र के घर तक इंटरलॉकिंग रोड कार्य का शिलान्यास किया। इसी क्रम में उन्होंने विधायक निधि योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 नगर के सिविल लाइन में ईसाई कब्रिस्तान में इंटरलॉकिंग सड़क कार्य का विधायक निधि योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 नगर के शिवा कॉलोनी में राहतपुर रोड पर दलवीर सिंह बघेल के मकान से इंजीनियर सुभाष सिंह के मकान तक इंटरलॉकिंग सड़क कार्य का मुख्यमंत्री त्वरित योजनान्तर्गत वि. ख. बढ़पुरा एन एच फूफई से मेहताब सिंह के खेत तक सीसी रोड का शुभारंभ मुख्यमंत्री त्वरित योजनान्तर्गत वि. ख. बढ़पुरा पृथ्वीपुर मार्ग से प्राइमरी पाठशाला जोधपुरा तक सीसी रोड का शुभारंभविधायक निधि योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 नगर के वसुन्दरा कॉलोनी सराय दयानत में अरुणा दुबे के मकान से मंगला मंदिर तक इंटरलॉकिंग सड़क कार्य का लोकार्पण किया।

**मांग** | संयुक्त व्यापार मंडल ने दोषियों के विरुद्ध की कार्रवाई की मांग

# व्यापारी उत्पीड़न को लेकर संयुक्त व्यापार मंडल ने एसपी ग्रामीण को दिया ज्ञापन

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



जागेश्वर प्रसाद अग्रवाल जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जनपद इटावा, संतोष चौहान जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जनपद इटावा, सदाशिव श्रीवास्तव जिला महामंत्री उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल इटावा के नेतृत्व में संयुक्त व्यापार मंडल द्वारा ज्ञापन के माध्यम से संयुक्त रूप से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को संबोधित ज्ञापन एसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह को सौंपा।

चौगुर्जी स्थित चौधरी ऑटो मोबाइल के मालिक नरेंद्र चौधरी को सिविल लाइन थाना पुलिस एक साधारण शिकायत पर थाना ले गई और हिस्ट्रीशीटर अपराधी की तरह व्यापारी की एक भी सुने बगैर उसके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए उनकी चप्पल उतरवा कर अपराधी की तरह सिविल लाइन थाने में बैठाया गया और उसका मोबाइल ले लिया किसी से बात नहीं करने दी दबाव बनाकर मानसिक उत्पीड़न करके जबरन रुपया और वाहन को कथित सुलहनामा के रूप में थाने में लिया गया शोषण एवं उत्पीड़न किया गया। शहर इटावा के प्रमुख बाजारों में कुछ महिलाओं द्वारा व्यापारियों पर गलत आरोप लगाकर शोषण एवं उत्पीड़न किया जा रहा है और पुलिस व्यापारियों से अपराधी की तरह व्यवहार कर रही है।

इन प्रकरण को लेकर संयुक्त व्यापार मंडल ने शीघ्र से शीघ्र जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने का ज्ञापन देकर मांग की है। ज्ञापन में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री धर्मेंद्र कुमार जैन, एमपी सिंह तोमर, डॉ ए के शर्मा, रंजीत सिंह कुशवाहा,रिंकू यादव, गुरुभेज सिंह भेजा, गोरखनाथ वर्मा,रणवीर सिंह चौहान, ओम रतन कश्यप,इक़रार अहमद,

अब्दुल मन्नान राईन, शिवनंदन भदौरिया,चौधरी सचिन अग्रवाल,लल्लू वारसी, सर्वेश चौहान, नरेंद्र सिंह कुशवाहा, पंकज कुशवाहा, प्रत्यूष वर्मा, राम मनोहर दीक्षित, उमेश कुमार कुशवाहा,

मोहम्मद उवैश,संतोष कुमार वर्मा, सत्येंद्र कुशवाहा, कुमार सोनी, अभिषेक जैन,हरेंद्र सिंह,अतुल त्रिपाठी, संजीव, मुकेश कुमार दुबे, सतीक मंसूरी,मोहन सिंह,संजीव राजपूत आदि व्यापारी शामिल रहे।

# प्रांतीय खंड में फैला भ्रष्टाचार, बीवीएन के 50 लाख से ज्यादा वाले कार्यों के जांच के आदेश

**▸ नदीगाँव ब्लॉक के अवधपुरी नाला निर्माण का मामला भी गरमाया**

**उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज**




**एक ओर** जहां प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार को लेकर पूरी तरह से सजग है तो वहीं प्रांतीय खंड की देखरेख में कराये जा रहे सड़क निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार का ऐसा तड़का लगा कि जिलाधिकारी ने इसे गंभीरता से लेकर बुंदेलखंड विकास निधि से कराये जा रहे कार्यों की जांच के लिये सात सदस्यीय टीम का गठन कर दिया। ताकि विकास कार्यों में भ्रष्टाचार का तड़का लगाकर उसकी सुगंध लेने वाले जिम्मेदार अधिकारियों की गर्दन पर शिकंजा कसा जा सके। फिलहाल प्रांतीय खंड में चल रहे गोलमाल को लेकर कार्यालय ही नहीं बल्कि कार्यालय के बाहर चर्चाओं का दौर चल पड़ा है। गौरतलब हो कि बुंदेलखंड विकास निधि का प्रयोग विभिन्न संस्थाओं के विकास हेतु किया जाता है जैसे बिजली कनेक्शन, सड़क निर्माण आदि वर्तमान में बुंदेलखंड विकास निधि जनपद जालौन की कार्यदायी संस्था प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग है। लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड में आज कल भ्रष्टाचार का तड़का लगा हुआ है और इस तड़के में शामिल है कई मामले शामिल है जैसे वर्तमान में 27 करोड़ की लागत से शहर के बीच से जाने वाले मार्ग का निर्माण की गुणवत्ता तो निर्माण कार्य शुरू होने के बाद से ही संदिग्ध थी। अब बुंदेलखंड विकास निधि के द्वारा कराए गए 50 लाख से अधिक की धनराशि के सभी कार्यों की जांच और उनका भौतिक सत्यापन के लिए जिलाधिकारी जालौन राजेश कुमार पांडे द्वारा 7 सदस्य टीम गठित कर दी है जो इनके मानकों और गुणवत्ता की जांच करेगी जिससे प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग के द्वारा किए गए भ्रष्टाचार का बड़ा खुलासा हो सकेगा बुंदेलखंड विकास निधि के पटल सहायक मनीष कुमार पहले से चर्चित है अब जांच और भौतिक सत्यापन की बात पर जब अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड अमित कुमार सक्सेना से जानकारी चाही गई गई तो उनके दरवाजे पर शासन की मंशा के विपरीत तुगलकी फरमान लिखा हुआ है कि मिलने का समय शाम को 3 से 5 बजे तक बल्कि योगी सरकार ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं की जनसुनवाई का समय दिन में 10 से 12 बजे तक का है स जब दूरभाष द्वारा उनके नंबर 9335626846 उनसे संपर्क किया गया तो फोन रिसीव नहीं हुआ स ऐसे में कैसे आम जनमानस की समस्या का समाधान कैसे हो।

### एक्सईएन सक्सेना से मिलना हो तो शाम 3 से 5 बजे तक मिले

**उरई।** प्रांतीय खंड के एक्सईएन शासन की मंशा के विपरीत अपने दरवाजे पर मिलने का समय शाम 3 से 5 बजे तक चस्पा किये हुये है। अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोनिवि अधिकतर आम जनमानस से मिलते नहीं है ज्यादातर समय मिलने के समय पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का बहाना कर देते हैं और अगर कोई कलमकार उनके चेंबर में पहुंच भी जाए तो वह वर्जन देने से स्पष्ट इंकार करने से नहीं चूकते हैं। यदि किसी मामले को लेकर उनसे जानकारी लेने का प्रयास किया जाता है तो वह वर्जन देने का अधिकार हमको प्राप्त नहीं है यह कहने से नहीं चूकते। पूर्व के दिनों में अधिशासी अभियंता के द्वारा लगभग 10-15 दिन ऑफिस की से गायब भी रहे। इस बारे में विभागीय सूत्रों की माने तो जॉकी के शोरूम में शॉपिंग करते समय साहब की नाक में चोट आ गई थी जिससे साहब आराम फरमा रहे थे। साहब के द्वारा मेडिकल लिया गया या बिना मेडिकल की ही ऑफिस से अनुपस्थित रहकर आवास पर काम होता रहा यह तो राम ही जाने।

### सड़कों के निर्माण में मानकों को किया तार-तार

**उरई।** प्रांतीय खंड लोनिवि में लंबे समय से चल रहे गड़बड़झाले की सुगंध अब कार्यालय के बाहर भी फैलनी शुरू हो गयी है। फिर चाहे एक्सईएन के स्तर का मामला हो या फिर सहायक अभियंता क्षितिज विवेक के द्वारा लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड के विभिन्न कार्यों नदीगांव ब्लॉक में अवधपुरी नाला निर्माण का मामला, बारात घर के ऊपर हाईटेंशन का मामला, इमलिया से कपासी बुंदेलखंड विकास निधि से 4 किलोमीटर रोड निर्माण, एट से भरसूड़ा विशेष मरम्मत 4 किलोमीटर निर्माण एट से बसोब, चांदनी होते हुए 10 किलोमीटर विशेष मरम्मत निर्माण और अन्य भ्रष्टाचार के कारनामे यह तो महज एक बानगी मात्र है। अभी कई मामलों की जानकारियां भी कार्यालय सूत्रों से बाहर आकर जनपद की जनता के लिये चर्चा का विषय बनेगी।

# समाजवादी छात्र सभा ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

**▸ राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन पत्र डीएम को सौंपा**

**सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**




**समाजवादी छात्र** सभा के राष्ट्रीय सचिव अमरेश यादव के नेतृत्व में गुरुवार को दर्जनों छात्रों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में विरोध प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति नामित ज्ञापन डीएम ऑफिस में देखकर बुलंद की आवाज समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव अमरेश यादव ने बताया कि विदित हो कि पिछले कुछ वर्षों से यूपी में छात्रों के लिए आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं में डेढ़ दर्जन से ज्यादा पेपर लीक होने की घटनाएं प्रकाश में आ चुकी हैं एवं बीते 17 फरवरी 2024 की दूसरी शिफ्ट में आयोजित यू पी पुलिस भर्ती परीक्षा में सोशल मीडिया द्वारा यूजर्स पेपर लीक होने का दावा कर रहे हैं, यह दर्शाता है कि छात्रों के भविष्य के साथ सरासर अन्याय हो रहा है।वही उन्हों ने बताया कि आज पूरे देश के गरीब, किसान, मजदूर का बच्चा विपरीत परिस्थितियों में किसी तरह परीक्षा की तैयारी कर प्रतियोगिता में भाग लेता है और उसे पेपर लीक होने या निरस्त हो जाने की सूचना मिलती है जो की अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। वही, नौजवान इससे बहुत निराश और तनाव में है। छोटी बड़ी परीक्षाओं देने के बाद वह अवसाद में जाकर गलत कदम उठाने के लिए मजबूर है। पिछले एक माह में आईआईटी कानपुर जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में एक माह में तीन आत्महत्याएं होना इस अवसाद को साबित करता है आईआईटी दिल्ली कोटा एवं अन्य संस्थाओं में भी इस तरीके की दुर्घटनाओं की खबरें लगातार आ रही है। कलेक्ट्रेट में राष्ट्रपति के नामित ज्ञापन देकर कहा कि सपा छात्र सभा इस पर आपका ध्यान आकृष्ट करा कर तुरंत जांच / प्रभावी कदम उठाने के उठाने की मांग करती हैं। अन्यथा छात्र विवश होकर गलत कदम उठाने पर मजबूर हो जाएगा। इस दौरान अमरेश यादव, मुकेश जायसवाल, नितेश सिंह, नरेंद्र यादव ,सोनू ,महेश कुमार, विजय, अभिषेक सहित दर्जनों मौजूद रहे।

# चार मार्च को मिलेंगे सीएम से ओबरा गंगा स्टोन खदान हादसे के परिजन

**▸ परिजनों से मिले योग गुरु आचार्य अजय कुमार पाठक**

**सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**



योग गुरु आचार्य अजय कुमार पाठक ने बताया कि मुख्यमंत्री मिलेंगे और ओबरा गंगा स्टोन खदान हादसे के मृतक हंसलाल पटेल का परिवार - योग गुरु आचार्य अजय कुमार पाठक खान सुरक्षा महानिदेशालय वाराणशी एवम खान अधिकारियों की मिलीभगत की मजदूर सुरक्षा मानकों के विपरीत एवम खदान संचालकों की मिली भगत के प्रकरण पर मृतक परिवार ने गम्भीर आरोप लगाया। मुख्यमंत्री आपसे यह पीड़ित विनम्र निवेदन के साथ हाथ जोड़कर कर आग्रह कर रहा है ओबरा 8 जनवरी 2024 बिल्ली मारकुंडी खनन क्षेत्र में मेरे पिता स्व. हंसलाल सिंह जी पूरे घटना की जांच कर गंगा स्टोन एवमं कृष्णा स्टोन खदान संचालनकर्ताओं सम्पूर्ण खदान की की जांच कर मुकदमा पंजीकृत करने की कृपा करें । अन्यथा हम परिजनों मा मुख्यमंत्री योगी जी मे आस्था तो करते है , लेकिन उनको कुछ भ्रस्ट अधिकारियों के खिलाफ दिनांक 6 मार्च 2024 को जिलाधिकारी कार्यालय पर आमरण अनशन के लिए बाध्य हो जाएंगे , जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी जिलाप्रशासन की होगी ।मृतक आश्रितों परिजनों के भरण पोषण के लिए 50 लाख की मुआवजा प्रदान करे ,चालक स्व. हंसलाल सिंह पटेल जी किसी भी प्रकार की सुरक्षा खनन संचालको के माध्यम से न दिया गया , इसलिए अब सभी मजदूरों को सभी सम्पूर्ण सुरक्षा से ही खनन में कार्य कराया जाए । सभी मजदूरों - चालको एवं खनन क्षेत्रों में कार्य कर रहे बीमा कराया जाए , जिससे किसी भी गरीब परिवार का घर का मालिक न रहने पर भरण पोषण हो सके । गंगा स्टोन एवम कृष्णा स्टोन के मालिक पर मुकदमा दर्ज कराया जाए।

### ग्रापए की बैठक में तहसील राबर्ट्सगंज कार्यकारिणी का विस्तार किया गया

सोनभद्र। सदर विकास खण्ड के राम जानकी मंदिर पर पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक आहूत की गयी । बैठक में ग्रापए के जिला संयोजक डॉ0परमेश्वर दयाल श्रीवास्तव (पुष्कर) के नेतृत्व में तहसील कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। बैठक में राम केश यादव अध्यक्ष व उपाध्यक्ष विनोद मिश्रव धर्मबीर सिंह को तहसील उपाध्यक्ष, बद्री प्रसाद गौतम को महामंत्री, कोषाध्यक्ष राम नरेश शुक्ल, दीपक यादव व उमेश पांडेय को कार्यकारिणी का सदस्य निर्वाचित किया गया। उक्त अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार व संरक्षक सुधाकर मिश्र,राजेश कुमार पाठक,अजित चौबे, यादवेंद्र प्रताप समेत संगठन से जुड़े अन्य पत्रकार उपस्थित रहे।

# सर्राफा व्यवसाय की दुकान पर चोरों ने किया हाथ साफ



**उतरौला (बलरामपुर)।** नगर के हनुमान गढ़ी मंदिर के बगल सर्राफा व्यापारी संदीप सोनी की दुकान पर बुधवार की देर रात्रि को चोरी की घटना हुई। चोरों ने दुकान के ताले खोल कर चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। चोर ने लाखों रुपए के सोने-चांदी के निर्मित और अर्धनिर्मित गहने ले गए। पीड़ित दुकानदार ने जब आज सुबह आकर देखा तो दुकान की कुंदी खुली हुई थी दुकान में रखा 70ग्राम सोना 25000 नगद रूपया गायब था दुकानदार ने चोरी की सूचना पुलिस को दी। मौके पर प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे, सीओ ज्योति श्री पुलिस बल के साथ फोरेंसिक टीम पहुंचकर घटना स्थल का जायजा लिया।

## खबरें एक नजर में

### भाजपा विधायक राम प्रताप वर्मा ने दीवालों पर मोदी सरकार लिखकर किया पार्टी का प्रचार प्रसार



**उतरौला (बलरामपुर)।** भाजपा विधायक राम प्रताप वर्मा ने विधानसभा क्षेत्र उतरौला के विभिन्न स्थानों पर वाल पेंटिंग करके भाजपा सरकार की उपलब्धियों का प्रचार प्रसार किया। दीवालों पर एक बार फिर से मोदी सरकार लिखकर पार्टी का प्रचार प्रसार किया।और भाजपा सरकार के विकास कार्यों का बखान करते हुए मोदी सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों के प्रति लोगों को जागरूक किया। उनके प्रचार प्रसार हेतु क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर दीवाल में पेंटिंग बनाकर लोगों का ध्यान आकृषित किया। इस मौके पर विधानसभा प्रभारी सुधीर श्रीवास्तव, देवानंद गुप्ता, फणींद्र गुप्ता, रोहित राज़ गुप्ता, राहुल राज़ गुप्ता नगर अध्यक्ष सीवी माथुर महेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### युवा मोर्चा ने युवा चौपाल कार्यशाला का किया आयोजन

**ओबरा/सोनभद्र।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बृहस्पतिवार को बीएमएस कार्यालय पर एक दिवसीय युवा चौपाल मंडल कार्यशाला का आयोजन किया। बैठक में मंडल विस्तारक एवं एवं मोर्चा के जिला महामंत्री विनय श्रीवास्तव ने युवा मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर आगामी 26 फरवरी से 2 मार्च तक होने वाले मंडल स्तरीय युवा चौपाल कार्यक्रम की विस्तृत चर्चा करते हुए सफल आयोजन की रणनीति तैयार कराई ताकि कार्यक्रम के माध्यम से ज्यादातर युवाओं की सहभागिता लोकतंत्र के पर्व में रहे और प्रत्येक चट्टी चौराहों पर लोगों को जागरूक किया जाए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भारत के महामहिम राष्ट्रपति के उद्बोधन को युवाओं के बीच रखा जाएगा। अध्यक्षता कर रहे युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अरविंद सोनी ने बताया कि मंडलवार नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के 20 स्थान पर युवा चौपाल कार्यक्रम किया जाना सुनिश्चित है। जिसको लेकर मंडल के कार्यकर्ताओ सहित युवाओं में उत्साह है। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री समीर माली ने किया। इस दौरान युवा मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष अनुराग श्रीवास्तव, अभिषेक सेठ, मनीष विश्वकर्मा, मंडल मंत्री रिजवान अहमद, विक्रम सिंह, राजेश निषाद, संदीप अग्रवाल, सागर महरौलिया, कुमधज चौधरी, विभाष घटक, मनीष सेठ, आदित्य विश्वकर्मा, मुकेश पांडे, मुजफ्फर अली, संदीप चौधरी इत्यादि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बोर्ड परीक्षा के पहले दिन दो परीक्षा केंद्रों में आधा सैकड़ा परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**कालपी (जालौन)।** गुरुवार से उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। प्रथम दिन प्रथम पारी में नगर के दो परीक्षा केंद्रों में एम.एस.वी इंटर कालेज तथा नगर पालिका बालिका इंटर कालेज में आधा सैकड़ा परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। नगर पालिका बालिका इंटर कालेज में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी तथा प्रधानाचार्या सुमन श्रीवास्तव तथा वरिष्ठ शिक्षका अपर्णा शर्मा की मौजूदगी में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं प्रारंभ हो गई हैं। प्रथम पारी में 175 में 3 परीक्षार्थियों ने तथा शाम मीटिंग में इंटर मीडिएट के 215 परीक्षार्थियों में 3 परीक्षार्थियों की अनुपस्थिति रही।

# प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लाभार्थियों को किस्तें जारी

**बलरामपुर।** सरकार की अति महत्वूपर्ण प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के पात्र लाभार्थियों को किस्तें जारी कर दी गई हैं। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने बताया कि नगर निकायों में निवास करने वाले आवासविहीन पात्र परिवारों को अपना पक्का मकान बनाने के लिए भारत सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत सरकार द्वारा तीन किस्तों में पचास हजार रूपए, डेढ़ लाख एवं पचास हजार रूपए की धनराशि उनके व्यक्गित बैंक खाते में सीधे भेजी जाती है, जिससे लाभार्थी तय मानकों के आधार पर अपने मकान का स्वयं निर्माण कराता है। उन्होंने बताया कि जनपद में कुछ दिनों से प्रथम, द्वितीय व तृतीय किस्तों का भुगतान न होने की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं जिसका संज्ञान लेते हुए जिम्मेदार अधिकारियों को जांच कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे। तत्क्रम में प्रभारी अधिकारी डूडा/अपर उप जिलाधिकारी संतोष ओझा के नेतृत्व में लाभार्थियों की पात्रता का परीक्षण कराते हुए विभाग द्वारा वर्तमान सप्ताह में 92 लाभार्थीयों को प्रथम किस्त, 134 लाभार्थियों को दूसरी किस्त तथा तृतीय किस्त के 108 लाभार्थीयों सहित कुल 334 लाभार्थियों को धनराशि प्रेषित की गयी है। उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत अन्य लम्बित प्रथम, द्वितीय व तृतीय किस्तों के भुगतान की कार्यवाही विभाग द्वारा अविलम्ब की जा रही है। जिलाधिकारी ने लाभार्थियों से अपील की है कि जिन्हें योजनान्तर्गत प्रथम और द्वितीय किस्त प्राप्त हो गयी है वह तत्काल अपने आवास का निमार्ण कार्य प्रारम्भ कराकर कार्यालय अथवा अपने नगर निकाय के अवर अभियन्ता को अवगत करायें, जिससे उसकी अगली किस्त समय से जारी की जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया है कि सरकार की यह योजना पूर्णतः निःशुल्क है। किसी भी असुविधा की दशा में अथवा जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में डूडा कार्यालय तहसील बलरामपुर में सम्पर्क कर सकते हैं।

# छात्र-छात्राओं ने निकाला मतदाता जागरूकता रैली




**उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज**

मतदाता जागरूकता रैली निकालकर छात्र छात्राओं ने मतदान के प्रति जागरूक किया व शत प्रतिशत मतदान का आह्वान किया

शिक्षा क्षेत्र रेहरा बाजार के घासी पोखरा बाजार स्थित मौलाना अबुल कलाम आज़ाद इंटर कालेज के छात्र छात्राओं ने बुधवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली प्रबंधक शब्बू रजा ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया इस दौरान रैली में सम्मिल्ति छात्र-छात्राओं ने मतदान के प्रति जागरूकता पैदा करने वाले नारे लिखी तख्तियां हाथ में लिए और नारा लगाकर लोगों को जागरूक किया। पहले मतदान फिर जलपान, चाहे नर हो या नारी मतदान सबकी जिम्मेदारी, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, सत्य और ईमान से सरकार बनाएगें , अब जागो प्यारे मतदाता ,वोट हमारा अधिकार कभी न करें इसका बहिष्कार, छोड़हु बुता काम, करहू पहले मतदान जैसे कई नारा लगाकर लोगों को मतदाताओं को जागरूकता का संदेश दिया गया। इस दौरान शब्बू रजा ने कहा कि भारत एक मजबूत लोकतांत्रिक देश है, भारत के नागरिकों को शत-प्रतिशत मतदान देकर एक शसक्त सरकार का निर्माण करने में अहम भूमिका निभाना चाहिए। प्रधानाचार्य अमित कुमार सिंह ने कहा कि हर नागरिक जिनकी उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक हो गया है, वे सभी मतदान केंद्र में जाकर अपना निष्पक्ष मतदान जरूर करें। कोई भी व्यक्ति मताधिकार से वंचित नही रहना चाहिए। घासी पोखरा बाजार में आए आसपास के गांव के ग्रामीणों को मतदान करने का अपील किया गया। रैली में प्रधानाचार्य, अमित कुमार सिंह, प्रबंधक शब्बू रज़ा, अताउल्लाह, जुनैद अहमद, अरुण श्रीवास्तव, मनीष शुक्ला, कीर्तिमान शुक्ला, गोपाल, प्रमोद, सत्यराम वर्मा व राजेश कुमार ,सुनिलकुमार , सुरेन्द्र कुमार, सुमन व रमेश कुमार शामिल रहे।

### रालोद ने हमेशा किया है किसानो और कामगारों के हितों के लिए संघर्षः विजय

**अयोध्या।** राष्ट्रीय लोक दल ने हमेशा किसानों व कामगारों के हितों के लिए संघर्ष किया है।देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के विचारों के वाहक रालोद ने किसानों और कमरा समाज के मुद्दे पर कभी भी समझौता नहीं किया।रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता चौधरी चरण सिंह की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं।चौधरी चरण सिंह का मानना था कि देश की खुशहाली का रास्ता खेतों से होकर जाता है।शुक्रवार को उक्त बातें राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय सचिव विजय श्रीवास्तव ने जारी अपने बयान में कही।श्री श्रीवास्तव ने कहा कि किसान और मजदूर इस देश की रीढ़ हैं। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने किसानों और मजदूरों को हक और सम्मान दिलाने के लिए पूरा जीवन लगा दिया था।उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर असल में देश के किसानों एवं मजदूरों का सम्मान बढ़ाया है।


**कार्यालय-ग्रा0पं0 गौरखेड़ा, परगना कम्पिल तहसील कायमगंज**

पत्रांकः मीमो....कृषि आवंटन बैठक दिनांक 22/02/2024

ग्राम पंचायत गौरखेड़ा के निवासियों व कृषकों को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम गौरखेड़ा के कृषि आवंटन व आबादी भूमि आवंटन हेतु बैठक दिनांक 28/02/2024 को प्रातः 10:00 बजे प्राथमिक पाठशाला गौरखेड़ा में भूमि प्रबंधन समिति की अध्यक्ष श्रीमती प्रेमवती की अध्यक्षता में होगी। जिसमें भूमिहीन व पात्र व्यक्ति अपना आवेदन कर सकते है। बैठक में सभी राजस्व ग्रामवासी व सदस्यगण समय से पहुंचकर बैठक में भाग लें।

मंत्री/लेखपाल गौरखेड़ा — अध्यक्ष गौरखेड़ा

**कार्यालय-ग्रा0पं0 मिस्तनी, परगना कम्पिल तहसील कायमगंज**

पत्रांकः मीमो....कृषि आवंटन बैठक दिनांक 22/02/2024

ग्राम पंचायत मिस्तनी के निवासियों व कृषकों को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम बढार के कृषि आवंटन व आबादी भूमि आवंटन हेतु बैठक दिनांक 06/03/2024 को प्रातः 10:00 बजे प्राथमिक पाठशाला मिस्तनी में भूमि प्रबंधन समिति की अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी की अध्यक्षता में होगी। जिसमें भूमिहीन व पात्र व्यक्ति अपना आवेदन कर सकते है। बैठक में सभी राजस्व ग्रामवासी व सदस्यगण समय से पहुंचकर बैठक में भाग लें।

मंत्री/लेखपाल मिस्तनी — अध्यक्ष मिस्तनी

**कार्यालय-ग्रा0पं0 मिस्तनी, परगना कम्पिल तहसील कायमगंज**

पत्रांकः मीमो....कृषि आवंटन बैठक दिनांक 22/02/2024

ग्राम पंचायत मिस्तनी के निवासियों व कृषकों को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम बढार के कृषि आवंटन व आबादी भूमि आवंटन हेतु बैठक दिनांक 28/02/2024 को प्रातः 10:00 बजे प्राथमिक पाठशाला मिस्तनी में भूमि प्रबंधन समिति की अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी की अध्यक्षता में होगी। जिसमें भूमिहीन व पात्र व्यक्ति अपना आवेदन कर सकते है। बैठक में सभी राजस्व ग्रामवासी व सदस्यगण समय से पहुंचकर बैठक में भाग लें।

मंत्री/लेखपाल मिस्तनी — अध्यक्ष मिस्तनी

**कार्यालय-ग्रा0पं0 मिस्तनी, परगना कम्पिल तहसील कायमगंज**

पत्रांकः मीमो....कृषि आवंटन बैठक दिनांक 22/02/2024

ग्राम पंचायत मिस्तनी के निवासियों व कृषकों को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम बढार के कृषि आवंटन व आबादी भूमि आवंटन हेतु बैठक दिनांक 03/03/2024 को प्रातः 10:00 बजे प्राथमिक पाठशाला मिस्तनी में भूमि प्रबंधन समिति की अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी की अध्यक्षता में होगी। जिसमें भूमिहीन व पात्र व्यक्ति अपना आवेदन कर सकते है। बैठक में सभी राजस्व ग्रामवासी व सदस्यगण समय से पहुंचकर बैठक में भाग लें।

मंत्री/लेखपाल मिस्तनी — अध्यक्ष मिस्तनी


# सीएमओ ने नौ एएनएम का रोका वेतन नौ को जारी किया कारण बताओ नोटिस

**बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**






**बृहस्पतिवार** को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला में बैठक कर खराब उपलब्धि वाली विकास खंड उतरौला गैंडास बुजुर्ग रेहरा बाजार की एएनएम का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोकने का निर्देश दिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया की जिन एएनएम का वेतन रोका गया है , उनके द्वारा गर्भवती पंजीकरण, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं के चिन्हीकरण, टीकाकरण हेतु बच्चों का पंजीकरण आदि लक्ष्य के सापेक्ष अत्यंत कम पाया गया । विकास खंड गैंडास बुजुर्ग की एएनएम मोनिका, रहीसुन्निषा तथा विनीता, विकासखंड उतरौला की विनीता वर्मा , विमलेश कुमारी और लक्ष्मी तथा विकासखंड रेहरा बाजार की कविता सिंह , ममता सिंह तथा माया देवी का वेतन रोका गया है। स्वास्थ्य सेवाओं में न्यूनतम उपलब्धि के संबंध में सरिता सिंह , श्रीदत्तगंज, रागनी श्रीवास्तव , सीमा देवी , लक्ष्मी यादव गैंसड़ी, आराधना , पचपेड़वा , संध्या श्रीवास्तव , सरिता यादव तुलसीपुर , सरिता सिंह , मीना कुमारी, सीता पांडेय का वेतन को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला का निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण में डॉ अंजुम फातिमा, डॉ अनिल कुमार डॉ तेजवीर सिंह तथा पवन कुमार शुक्ला बीएचडबलू अनुपस्थित पाए गए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने उपरोक्त कर्मियों के अनुपस्थित अवध के वेतन को रोकने का निर्देश अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला डॉ चंद्र प्रकाश को दिया। निरीक्षण के समय तक ओपीडी में कल 515 मरीजों का उपचार किया गया था , 70 मरीजों का एक्स रे किया गया था तथा 10 मरीजों का टीवी की जांच की गई थी। निरीक्षण के समय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला के समस्त चिकित्सा एवं स्टाफ उपस्थित थे।

# स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की बिक्री को सशक्त प्लेटफार्म की जरूरतः उर्विजा

**उरई (जालौन)।** महिला स्वयं सहायता समूह के उत्पादों में गुणवत्ता के साथ पैकेजिंग पर विशेष ध्यान देकर अपने उत्पाद को जिला ही नहीं बल्कि देश-विदेश तक पहुंचाएं आज के युग में महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। यह बात टाउन हॉल परिसर उरई में आयोजित नाबार्ड द्वारा अनुरागिनी संस्था के सहयोग से लगाए गए तीन दिवसीय बसंत मेले के दूसरे दिन महिला समूह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती उर्विजा दीक्षित ने कही। उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे अब लोग स्वयं सहायता समूह के उत्पादों पर विश्वास कर रहे हैं पर उचित प्लेटफार्म न मिलने के कारण स्वयं सहायता समूह के उत्पादों की बिक्री में समस्या उत्पन्न होती है। अनुरागिनी संस्था द्वारा नाबार्ड बसंत मेले का आयोजन नाबार्ड के सहयोग से किया गया है, महिला सशक्तिकरण के लिए पिछले 27 वर्षों से कार्य कर रही बुंदेलखंड की अग्रणी सामाजिक संस्था अनुरागिनी की यह पहल सराहनीय है। नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक परितोष कुमार नाबार्ड द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि नाबार्ड बसंत मेले का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को बाजार उपलब्ध कराना है। उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ के निदेशक एवं अनुरागिनी संस्था के अध्यक्ष डॉ .प्रवीण सिंह जादौन ने बताया कि जनपद में अनुरागिनी संस्था द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में स्वयं सहायता समूह का गठन कर उनका सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सख्त बनाया जा रहा है एवं महिला सशक्तिकरण हेतु विभिन्न प्रयास किया जा रहे हैं। नाबार्ड बसंत मेले में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सूर्य नायक, आशुतोष कुमार, समूह सदस्य वंदना, बबली, नीलम, प्रिंस उपाध्याय, राजा सिंह, राज शास्त्री, दीपू, आशु, गौरव कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे।


**कार्यालय ग्रा0पं0 गदनपुर तुर्रा वि0ख0 कमालगंज, फर्रु0**

पत्रांकः मीमो/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ 2023-24 — दिनांक 22/02/2024

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वितत योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत गदनपुर तुर्रा विकास खण्ड कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 23/02/2024 से 29/02/2024 तक की अपरान्ह 3-00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 29/02/2024 को सायं 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, सचिव, अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 23/02/2024 से 29/02/2024 तक अपरान्ह 2-00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 500.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | सुनील के घर से राजीव वर्मा के घर तक सीसी निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 4,06080.70 | 2 प्रतिशत | 500 |


**नियम व शर्तेः-** ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (प्रेमा देवी) — सचिव (करन सिंह)

ग्राम पंचायत गदनपुर तुर्रा विकास खण्ड कमालगंज, फर्रुखाबाद।

# गुणवत्तापरक प्रशिक्षण से निश्चित मिलेगा रोजगार: डीएम

- कैदियों को विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित किया जाए-डीएम
- डीएम ने जेल में कैदियो को प्रशिक्षण न देने वाली कम्पनी को ब्लैक लिस्टेड किये जाने के दिए निर्देश
- डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कौशल विकास मिशन की हुई बैठक




**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**गुरुवार को** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट सभागार में कौशल विकास मिशन की बैठक में जेल अधीक्षक से जेल में संचालित कौशल विकास केन्द्र के संबंध में जानकारी की, जिसमें बताया गया कि कारगार में संचालित केन्द्र पर बंदियों को पूर्व में झालर बनाने का प्रशिक्षण दिया गया था, अब एलईडी बल्ब का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बताया कि प्रशिक्षण कुछ दिनों से बंद है। इस पर डीएम ने सख्त लहजे कहा कि जो कम्पनी इस कार्य में लापरवाही दिखाती है उसको ब्लैक लिस्टेड करते हुये आगामी कार्यों में भी वंचित रखा जायेगा।

डीएम ने कहा कि जिन कम्पनियों द्वारा कार्य नही किया जा रहा है, उनका लक्ष्य दूसरी कार्य करने वाली कम्पनियों को दिया जाये। बैठक में बताया गया कि प्रवीन योजना के अन्तर्गत कौशल विकास मिशन एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के समन्वय से राजकीय इण्टर कालेज के कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के समस्त बच्चों को इससे प्रशिक्षित किया जा रहा है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय योजना के अन्तर्गत 3547 के सापेक्ष 1259 लाभार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। डीएम ने कहा कि प्रशिक्षण की क्वालिटी पर फोकस किया जाये।,कहा कि विशेषज्ञों द्वारा केन्द्रों पर जाकर प्रशिक्षण के स्तर की जांच करें व प्रत्येक केन्द्र की टेस्ट रिपोर्ट बनाकर उसका मूल्यांकन करें। जिलाधिकारी ने कहा कि राजकीय इंजीनियरिंग कालेज तिर्वा में कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित केन्द्र पर लाइनमैन टैक्नीशियन, सहायक सर्वेयर, डाटा इंट्री आपरेटर का कोर्स कराया जा रहा है, जिसमें अभ्यर्थी को हाईस्कूल पास होना चाहिए व अभ्यर्थी की उम्र 18 से 45 वर्ष होना चाहिए, इच्छुक अभ्यर्थी अपना फार्म केन्द्र पर जाकर भर सकते है। अन्य किसी जानकारी के लिये केन्द्र व्यवस्थापक के मोबाइल नम्बर 9454072736 पर सम्पर्क कर सकते है। केन्द्र पर डाटा इंट्री आपरेटर के लिये छात्राओं को अनिवार्यता दी जायेगी। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लिये अभी तक 6439 लाभार्थियों ने पंजीकरण कराया है। उन्होनें कहा कि यह भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना में व्यक्तिगत रूचि लेकर तेजी के साथ कार्य करेगें तभी प्रगति दिखाई देगी। बताया गया कि यह योजना प्रदेश के मात्र 9 जनपदों में संचालित की जा रही है। बैठक में जिला जेल अधीक्षक, उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र, जिला समन्वयक कौशल विकास केन्द्र सहित संबंधित विभागीय अधिकारी व केन्द्र के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई यूपी बोर्ड की परीक्षा

- केन्द्रों के भीतर व बाहर रही कड़ी चौकसी।
- सीसीटीवी कैमरों ने रखी केन्द्रों पर निगरानी।



**गुरसहायगंज,कन्नौज,समृद्धि न्यूज़**

**शासन की** मंशा अनुसार नगर व क्षेत्र के विद्यालयों में कड़ी सुरक्षा के बीच उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की बोर्ड परीक्षा वर्ष 2023-24के प्रथम दिन नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराई गई। वही कड़ी सुरक्षा देख कई परीक्षार्थियों ने प्रथम दिन ही परीक्षा छोड़ दी। नगर व क्षेत्र में सचल दल सहित अन्य अधिकारियों की गाड़ियां फर्राटा भरती नज़र आई। गुरुवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा के प्रथम दिन सुबह पाली के पेपर देने के लिए नगर के एबी गर्ल्स इंटर कॉलेज, गोमती देवी आदर्श इंटर कॉलेज, सरोजनी देवी आर्य बालिका इंटर कॉलेज, मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज, जाकिर हुसैन इंटर कॉलेज, एचएम इंटर कॉलेज, तेराजाकेट स्थित एसईएन इंटर कॉलेज, सराय प्रयाग स्थित ब्रजमोहन विमला देवी इंटर कॉलेज, जलालाबाद स्थित बीड़ी तिवारी इंटर कॉलेज, सियरमऊ स्थित पंचम लाल इंटर कॉलेज, डिगसरा स्थित मां शीतला देवी इंटर कॉलेज, मतौली स्थित भारतीय इंटर कॉलेज सहित अन्य विद्यालयों में वॉइस रिकॉर्डर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में हुई। यूपी बोर्ड परीक्षा के प्रथम दिन हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की नकल विहीन परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई। वही विद्यालयों के गेट पर पुलिस बल की तैनाती की गई है।

# खबरें चलते-चलते

## तीन दिन बाद अतिक्रमण पर चलेगा बुलडोजर: ईओ



**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** विगत दिनों पूर्व विभिन्न समाचार पत्रों में अतिक्रमण की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित होने पर पालिका प्रशासन ने संज्ञान में लेते हुए अतिक्रमणकारियों को तीन दिन में अतिक्रमण न हटाने पर करवाई की चेतावनी दी गई है। शुक्रवार को स्थानीय नगर पालिका परिषद कार्यालय में अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित ने जानकारी देते हुए बताया कि जो भी व्यक्ति सरकारी व सार्वजनिक भूमि एवं संपत्ति नाला, नाली, फुटपाथ पर अतिक्रमण किए हुए हैं। वह तीन दिन के अंदर अपना अतिक्रमण स्वयं हटा लें। अन्यथा की स्थिति में पालिका द्वारा अतिक्रमण हटवा दिया जाएगा। अतिक्रमण हटवाते समय किसी भी प्रकार की क्षति के लिए अतिक्रमणकारी स्वयं जिम्मेदार होंगे। इससे पूर्व उन्होनें पालिका कर्मियों को मुनादी करवाये जाने के निर्देश दिय। इस दौरान प्रधान लिपिक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, अनिल प्रजापति, अशोक शर्मा, जगदीश सिंह, राजेश वर्मा, मनोज तिवारी, मोहित गुप्ता, प्रसन्नजीत मिश्रा सहित तमाम कर्मी मौजूद रहे।

## दंपति सहित पुत्री को मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** शराब के नशे में धुत होकर युवक ने दंपति सहित पुत्री के साथ अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला गांधी नगर निवासी अतुल गुप्ता पुत्र उमेश चंद्र द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 19 फरवरी को वह अपनी पत्नी एवं पुत्री के साथ घर की ओर जा रहा था जैसे ही रेलवे रोड मंदिर के निकट पहुंचा तभी शराब के नशे में धुत होकर प्रदीप ठाकुर ने उसकी पत्नी के साथ गाली गलौज करने लगा। जिसका विरोध करने पर उक्त युवक ने उसे व उसकी पुत्री के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## पुलिस ने कच्ची शराब सहित युवक को पकड़ा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** अपराध नियंत्रण हेतु बीते दिन शांति व्यवस्था में हमराह सिपाहियों के साथ गस्त कर रहे रामाश्रम चौकी प्रभारी चंद्रभान सिंह ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम सिंहपुर से पहले पुलिया के निकट छापेमारी कर एक युवक के पास से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुए हिरासत में ले लिया। पुलिस हिरासत में आरोपी युवक ने अपना नाम अनिल पुत्र इंद्रपाल बाथम निवासी ग्राम सिंहपुर बताया है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी युवक के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

## किशोरी को भगाने का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** एक नाबालिक किशोरी को युवक अपने परिजनों के सहयोग से कहीं बहला फुसलाकर भगा ले गया। पीड़ित पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम निवासी पीड़ित पिता द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 18 फरवरी की सुबह उसकी 14 वर्षीय पुत्री को गांव के ही अजय पुत्र सरमन अपने परिजनों नीरू, प्रदीप, रामशरन के सहयोग से कहीं बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

# कड़ी निगरानी के बीच शुरु हुई हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा

- डीएम ने परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर लिया जायजा, केन्द्र व्यवस्थापकों, स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश
- सीओ सिटी व डीआईओएस ने परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर देखी सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षा केन्द्रो पर लगे सीसीटीवी कैमरों का किया निरीक्षण



**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**गुरुवार को** जिले में हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा के पहले दिन जिला प्रशासन पूरी तरह चौकन्ना दिखा। सेक्टर मजिस्टेऊटों, एवं सचलदल टीम परीक्षा केन्द्रों पर कड़ी नजर बनाए रहे। जिले में बोर्ड परीक्षाओं को शुचितापूर्ण एवं नकलविहीन सम्पन्न कराये जाने को लेकर प्रतिबद्ध जिला प्रशासन कोई कोर कसर नही छोड़ना चाहता है। इसी के मद्देनजर जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल क्षेत्राधिकारी नगर व जिला विद्यालय निरीक्षक ने परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर यथास्थिति का जायजा लेते हुए स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापकों को आवश्यक निर्देश दिये। डीएम ने शहर के परीक्षा केन्द्र बीएस इंटर कॉलेज तथा किसान इंटर कॉलेज तिर्वा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापकों से परीक्षार्थियों की उपस्थिति एवं अनुपस्थिति के बारे में जानकारी कर डबल लॉक, स्ट्रांग रूम, सीसीटीवी कक्ष एवं अवशेष प्रश्न पत्रों के रखरखाव आदि की गहनता से जांच की। इस दौरान डीएम ने कहा कि जिले में प्रत्येक दशा में नकल विहीन परीक्षा करायी जायेगी, यदि इसमें किसी भी व्यक्ति द्वारा अवरोध उत्पन्न करने की कोशिश करते पाया गया तो उसके खिलाफविधिक कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने सभी प्रधानाचार्यों, केन्द्र व्यवस्थापकों एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट को निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा केन्द्रों के अन्दर किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स ले जाना पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित है, इसका पूर्णतः ध्यान रखा जाए। उन्होने केन्द्र व्यवस्थापकों एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट को भी निर्देशित किया कि उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराएं। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार व डीआईओएस ने शहर में बनाए गये परीक्षा केन्द्र मुस्लिम मोहमदिया इण्टर कालेज, गोमती देवी गर्ल्स इंटर कालेज समेत अन्य परीक्षा केन्द्रों पर पहुंच कर सीसीटीवी कैमरों को चेक किया। डीआईओएस ने केन्द्र व्यवस्थापक को निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा निष्पक्ष व नकल विहीन होनी चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# कपड़े पाकर बच्चों के चेहरे पर दौड़ी खुशी की लहर



**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**गरीब** दैनिक वेतन भोगी के बच्चों को बांटे गए कपड़े जिसे पाकर उनके चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ी। दयाराम शाक्य हिमांशु शाक्य के ईंट भट्ठा ताजपुर रोड पर नये कुछ अर्ध नये बस्त्र वितरण किये बहुत कुछ तो नहीं कर सकती हूँ उनकी खुशी के लिए एक छोटा सा प्रयास है इनकी खुसी देखकर खुद का मन भी बहुत प्रफुल्लित हो जाता है उर्मिला पाल अनिल बाबू कृष्णा आदि लोग मौजूद रहे।

# 28 छात्र-छात्राओं ने छोडी संस्कृत की परीक्षा



संस्कृत की परीक्षा देते परीक्षार्थी व मौजूद शिक्षक — समृद्धि न्यूज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**संस्कृत शिक्षा** परिषद लखनऊ के परीक्षा केंद्र श्रीमती राधादेवी आदर्श संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुरसहायगंज केंद्र पर प्रथम पाली में शिवमोहन सिंह कुशवाहा प्रधानाचार्य राजकीय कालेज भंवरगाढ़ा के नेतृत्व में तथा सायं पाली में सुश्री अल्का शर्मा वरिष्ठ प्रवक्ता जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान छिबरामऊ में सचल दल द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।

इस दौरान केंद्र व्यवस्थापक नरेन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि प्रथम पाली में पूर्व मध्यमा द्वितीय विषय हिंदी की परीक्षा में चौंसठ में साठ तथा उत्तर मध्यमा प्रथम के हिंदी विषय में अस्सी में साठ तथा सायं पाली में उत्तर मध्यमा द्वितीय हिंदी विषय की संपन्न हुई परीक्षा में पैंतीस में इकतीस परीक्षार्थी संमिलित हुए। इस अवसर पर सह केंद्र व्यवस्थापक बलराम त्रिपाठी, परिवेक्षक श्रीमती अर्चना यादव राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ऊमरपुर के साथ सचिव कुमार तिवारी, अनूप मिश्रा, शिवराम सिंह कुशवाहा, कंचन प्रभा राठौर, श्वेता यादव आदि उपस्थित रहे।

## तिलहन उत्पादन में प्रजातियों का अहम योगदान: वीके कनौजिया



**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी द्वारा प्रथम पंक्ति प्रदर्शन के अंतर्गत चयनित ग्रामों का भ्रमण किया गया। जिसमें केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ बीके कनौजिया द्वारा राई की प्रजाति सुरेखा के सफल उत्पादन हेतु उचित दिशा निर्देश के साथ ही साथ फसल के कटाई उपरांत प्रबंधन पर किसान भाइयों को एकत्र कर चर्चा की गई। किसान भाइयों को प्रजाति के सफल उत्पादन में शामिल विभिन्न तकनीकी बिंदुओं को बताते हुए उसमें तेल प्रतिशत एवं उसकी गुणवत्ता तथा मौसम के आधार पर उत्पादन के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साथ किसान भाइयों को तिलहन उत्पादन हेतु इस प्रजाति को उत्पादन के लिए प्रोत्साहित भी किया। प्रजाति के संबंध में उपस्थित विभिन्न गांव के किसान भाइयों से भी प्राप्त किया। विकासखंड तालग्राम के चयनित गांव बेलामऊ, खपरामऊ एवं कुडरी आदि गांव का भ्रमण किया गया। कार्यक्रम के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ अरविंद कुमार एवं विभिन्न गांव के लगभग 30 किसान साथ रहे।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, नवाबगंज-फर्रुखाबाद।

पत्रांक:-3071/लेखाकार/अनुरक्षण/निविदा सूचना/2023-24 — दिनांक 22/02/2024

### अल्प कालीन निविदा सूचना

अनुरक्षण मद के अन्तर्गत क्षेत्र पंचायत-नवाबगंज, जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्नविवरणानुसार निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने हेतु पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मो से दिनांक 22/02/2024 से 28/02/2024 की अपरान्ह 2.00 बजे तक सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 28/02/2024 की अपरान्ह 3.00 बजे विकास खण्ड कार्यालय नवाबगंज में खण्ड विकास अधिकारी, अवर अभियंता (ग्रा0अ0वि0), सहायक विकास अधिकारी (आई0एस0बी0) एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 22/02/2024 से 27/02/2024 की अपरान्ह 2.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित निविदा शुल्क 500/-नकद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। नियम व शर्तें कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

| क्र0 | कार्य का नाम | योजना का नाम | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार लागत (लाख रु0 में) | अर्नेष्टमनी की धनराशि | निविदा प्रापत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | विकास खण्ड परिसर में टाइप-2 आवास की वृहद मरम्मत कार्य | अनुरक्षण | 5.00 | 1000 | 500 | 2 माह |

खण्ड विकास अधिकारी
नवाबगंज-फर्रुखाबाद।

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, नवाबगंज-फर्रुखाबाद।

पत्रांक:-3070/लेखाकार/रा0वि0यो0/पन्द्रहवां वि0/निविदा सूचना/2023-24 — दिनांक 22/02/2024

### अल्प कालीन निविदा सूचना

विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि योजनान्तर्गत क्षेत्र पंचायत-नवाबगंज, जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्नविवरणानुसार निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने हेतु पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मो से दिनांक 22/02/2024 से 28/02/2024 की अपरान्ह 2.00 बजे तक सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 28/02/2024 की अपरान्ह 3.00 बजे विकास खण्ड कार्यालय नवाबगंज में खण्ड विकास अधिकारी, अवर अभियंता (ग्रा0अ0वि0), सहायक विकास अधिकारी (आई0एस0बी0) एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 22/02/2024 से 27/02/2024 की अपरान्ह 2.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित निविदा शुल्क 500/-नकद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। नियम व शर्तें कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

| क्र0 | कार्य का नाम | योजना का नाम | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार लागत (लाख रु0 में) | अर्नेष्टमनी की धनराशि | निविदा प्रापत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी द्वारा स्मृतिशेष- गिरीश चन्द्र तिवारी (पूर्व विधायक) नवाबगंज अलीगंज रोड (जनपद फर्रुखाबाद वार्डर पर) विकास खण्ड-नवाबगंज | विधायक निधि | 8.38 | 16760 | 500 | 2 माह |
| 2- | पृथ्वीराज चौहान द्वारा स्मृतिशेष-सियाराम गंगवार (पूर्व मंत्री) नवाबगंज अलीगंज रोड ग्राम वीरपुर विकास खण्ड-नवाबगंज | विधायक निधि | 8.38 | 16760 | 500 | 2 माह |

खण्ड विकास अधिकारी
नवाबगंज-फर्रुखाबाद।


**मुआवजे की मांग** | सपा नेता एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह की अगुवाई में किसानों ने तिर्वा तहसील में किया प्रदर्शन, राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

# बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की फसलों के नुकसान के मुआवजे की मांग

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**



**बीते दिवस** जिले में बारिश और ओलावृष्टि से जिले के किसानों की फसलों का बेहद नुकसान हुआ है। बारिश और ओलावृष्टि से फसलें नष्ट हो गई हैं। फसलों के नुकसान होने से किसान बेहद मायूस हैं। गुरुवार को समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता नवाब सिंह यादव की अगुवाई में किसानों और समर्थकों ने तिर्वा तहसील में प्रदर्शन कर नुकसन हुई फसलों के मुआवजे की मांग की। प्रदर्शन के दौरान सपा नेता ने राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।


बता दें कि बीते 2 दिन पूर्व हवा के तेज झोंको के साथ हुई बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की फसलों का नुकसान कर दिया। सबसे अधिक नुकसान गेंहू, सरसों, आलू और मूंगफली की फसलों को हुआ। फसल नष्ट होने से किसानों के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया। किसानों की समस्या को लेकर गुरुवार को सपा नेता व पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव की अगुवाई में पार्टी समर्थकों और किसानों ने तिर्वा तहसील पहुंच कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान सत्ता पक्ष के नेताओं और अधिकारियों पर किसानों की समस्याओं की अनदेखी करने के आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी हुई। इस अवसर पर सपा नेता नवाब सिंह यादव ने कहा कि किसानों की फसलें नष्ट हो गई, लेकिन अधिकारियों को न तो उनका ख्याल आया और न ही नुकसान का सर्वे कराया गया। नष्ट हुई फसलों का यदि किसानों को मुआवजा नहीं मिला तो उनके सामने आर्थिक संकट की समस्या उत्पन्न हो जाएगा। श्री यादव ने कहा कि किसान पहले से ही कर्जदार हैं और उस पर बारिश और ओलावृष्टि से फसल नष्ट होने से उन पर कर्ज का अतिरिक्त बोझ लद जाएगा। प्रदर्शन के दौरान राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम तिर्वा को सौपते हुए किसानों क फसल के नुकसान का मुआवजा दिलाए जाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि 10 हजार रुपए प्रति बीघे के हिसाब से किसानों को मुआवजा दिलाया जाए। इस अवसरपर सर्वेश बाथम, रामू यादव, सुरजीत यादव, बलवीर सिंह, विनोद प्रधान, रोहित यादव, फूलसिंह राजपूत समेत तमाम किसान व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अधिवक्ता ने ईट से पीट-पीटकर वृद्ध मां-बाप को उतारा मौत के घाट

- पुलिस अधीक्षक ने पहुंचकर की जांच पड़ताल
- फील्ड यूनिट टीम भी पहुंचकर जुटाये साक्ष्य
- दो हत्याओं से मोहल्ले में दहशत का माहौल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**बीती रात** अधिवक्ता ने अपने कैंसर से पीड़ित वृद्ध पिता व मां को ईंट से कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी पत्नी को लेकर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक ने जांच पड़ताल की। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट क्षेत्र के बालाजीपुरम कोठा निवासी मनोज पाल कचहरी फतेहगढ़ में अधिवक्ता है। मनोज की पत्नी नम्रता ने बताया कि उनके ससुर 70 वर्षीय ओम प्रकाश काफी दिनों से कैंसर से पीड़ित थे। बीती रात किसी समय मनोज ने अपने पिता ओमप्रकाश व 50 वर्षीय माँ बबली को ईट से पीट-पीट एवं किसी नुकीली वस्तु से प्रहार कर मौत के घाट उतार दिया। इसकी जानकारी नम्रता को नहीं हो सकी। नम्रता का कहना है कि रात में मनोज ने उससे मायके रेहुआ समधन कन्नौज चलने को कहा। रास्ते में मनोज ने नम्रता को बताया कि उसने अपने माँ-बाप दोनों की हत्या कर दी है। नम्रता सास-ससुर की हत्या की बात सुनकर मायके ना जानकर सीधे ससुराल पहुँची। जहां उसके सास-ससुर कमरे में लहुलुहान व मृत पड़े मिले। सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय सिंह, सीओ अरुण कुमार, थानाध्यक्ष कादरीगेट विनोद शुक्ला व फील्ड यूनिट टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया की वृद्ध दंपत्ति की हत्या ईट या किसी नुकीले हथियार से किया जाना प्रतीत हो रहा है। आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। बबली मनोज कुमार की सौतेली मां थी। बहू नम्रता ने सास-ससुर की हत्या के मामले में पति के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। नम्रता ने बताया कि इलाज के खर्चे को लेकर परिवार में अक्सर विवाद होता था।



घटनास्थल पर जांच पड़ताल करते एसपी व एएसपी आदि



घर के बाहर मौजूद पुलिस व बच्चे को लिए आरोपी की पत्नी नम्रता

# पांच दिनों बाद पुलिस ने बरामद की सोता नाला में डूबे अधेड़ की लाश

- मछली पकड़ने गया था, काफी समय से रिश्तेदार के यहां रह रहा था मृतक

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज**

**बीते करीब** पांच दिन पूर्व सोता नाला में मछली पकड़ने गया अधेड़ सोता नाला में डूब गया था। जिसकी काफी खोजबीन की गयी थी, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला था। गुरुवार को पुलिस ने गोताखोरों की मदद से उसकी लाश की बरामद कर लिया। शव बाहर निकलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार बुलाकी राम पुत्र कालिका निवासी बिनसर विलन थाना पचदेवरा जनपद हरदोई का निवासी था। जो की काफी समय से अमृतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम परतापुर कला में अपने रिश्तेदार विश्राम सिंह पुत्र हरिराम के यहां रह रहा था और मछली पकड़ने का काम करता था। 17 फरवरी को अधेड़ बुलाकी राम अचानक कहीं गायब हो गया। जिसकी सूचना भैया पुत्र कालिका ने अमृतपुर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर अमृतपुर थाना अध्यक्ष मीनेश पचौरी पुलिस फोर्स के साथ पूरे क्षेत्र में अधेड़ की तलाश में जुट गई, तभी उन्हें परतापुर कला के पास सोता नाला के किनारे अधेड़ के कपड़े रखे मिले। पुलिस को आशंका हुई कि अधेड़ मछली पकड़ते समय सोता नाला में डूब गया है, तभी पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर गोताखोरों को बुलाकर खोजबीन कराई गई। काफी प्रयासों के बाद भी अधेड़ का पता नहीं चला। गुरुवार को पुलिस के अथक प्रयास और गोताखोरों की मेहनत से अधेड़ बुलाकी राम की लाश को पुलिस ने सोता नाला से बरामद कर लिया। पुलिस द्वारा अधेड़ के शव का पंचायत नामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना अध्यक्ष मीनेश पचौरी ने बताया है अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।



घटनास्थल पर जांच पड़ताल करती पुलिस

# वित्तीय अनियमितता होने पर संबंधित को भेजा जायेगा जेल

- डीएम ने जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक बैठक में दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**विकास भवन** सभागार में जिलाधिकारी वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि वित्तीय अनियमितता होने पर संबंधित को जेल भेजा जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्य चिकित्साधिकारी, समपूर्ण जनपद के सभी चिकित्सालयों का निरीक्षण करें व व्याप्त कमियों का निराकरण सुझायें। पत्रावली तीन दिन में प्रस्तुत करें। सभी चिकित्सक मधुर व्यवहार मरीजों से करें व उपलब्ध दवा मरीजों के लिए लिखें। सभी सीएचसी में रात्रि सेवा उपलब्ध करायें। सभी चिकित्सीय अधिकारी व कर्मचारी सीएचसी में निवास करें। सफाई व्यवस्था समुचित रखें। यदि दवा उपलब्ध न हो तो सीएमओ को मांग पत्र भेजें। अनावश्यक रेफर पत्र न लिखें। व्यवस्था बिगड़ने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। किसी रियायत की आशा न रखें। बाहर की दवा न लिखें। जनता का आशीर्वाद अर्जित करें। जिलाधिकारी ने जनता से रक्तदान की अपील की। बैठक में संबंधित चिकित्साधिकारी उपस्थित रहें।





बैठक के दौरान मौजूद जिलाधिकारी व अन्य

# जिलाधिकारी ने ली जल जीवन मिशन की बैठक, दिये निर्देश

- निरीक्षण में गहराई समुचित न होने पर की जायेगी कठोर कार्रवाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी डॉ0** वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित की गयी।

एक टैंक की आयु 30 वर्ष होती है। 10-22 किलोवॉट के सोलर पम्प, जल उत्कर्ष हेतु उपयोग किये जाते हैं। निर्माण सामग्री का जांच स्थानीय व मुख्यालय दोनों स्तरों पर होती है। एक इंजीनियर 10-12 साइट्स पर निरीक्षण कर सकता है। यह कार्य एक दिवस हेतु निर्धारित है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक गांव में कितने संयोजन देने का लक्ष्य था, कितने दिये गये, दिये कनेक्शन में कितने सक्रिय हैं। निर्माण सामग्री की जांच रैण्डम तौर पर की जाती है। पाइप भूमि में जितनी गहराई पर डालने हेतु जो गहराई निर्धारित है, तो उसी गहराई पर डालें। निरीक्षण में गहराई समुचित न होने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। कार्य का निरीक्षण थर्ड पार्टी से करायें। संयोजन वितरण, सिविल शाखा का कार्य है। थर्ड पार्टी का कार्य गुणवत्ता जांचना है। जहां पर टैंक बनना है वह पर न्यूनतम 2000 घर अवश्य होने चाहिए। आपूर्ति व्यवस्था सुचारु बनाये रखें। वितरण व्यवस्था में लींकेज न हो। गांव जाने पर जिलाधिकारी निरीक्षण भी करेंगे। व्यवस्था ऐसी बना रखें, जिससे योजना की सफलता 100 प्रतिशत सुनिश्चित हो। पाइप लाइन डालने के बाद मार्ग निर्माण पूर्ववत अवश्य कर दें अन्यथा कठोर कार्यवाही के लिए तैयार रहें। एसडीएम कायमगंज को आवश्यकतानुसार निर्विवाद भूमि जल निगम को उपलब्ध कराने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। बैठक में संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक लेते जिलाधिकारी व मौजूद अधिकारीगण — समृद्धि न्यूज

# खबरें चलते-चलते

## कर्मचारी ने जनरल मैंनेजर को पीटा, मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** प्राइवेट कंपनी में काम कर रहे हैं कर्मचारी ने आफिस में घुसकर जनरल मैनेजर के साथ मारपीट की तथा वहां रखी फाइलें फाड़ दीं। जनरल मैनेजर ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रजीपुर में अशोक कुमार सिंह जनरल मैनेजर वीवीआईपी इंट्रेटैच सजक ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया पीड़ित रजीपुर कमालगंज कार्यालय पर कार्यरत है। पीड़ित के कार्यालय में प्रोजेक्ट मैनेजर के पद पर तैनात सत्येंद्र सिंह पुत्र हरनाथ सिंह निवासी एबी4115 मेवाड़ इंडस्ट्रीटयूट के पास वसुंधरा गाजियाबाद पीड़ित के कामकाज को लेकर रंजिश मानता था। दिनांक 17 फरवरी 2024 को समय करीब दिन के 11.00 बजे उपरोक्त सत्येंद्र सिंह मेरे कार्यालय में घुस आया और पीड़ित को गंदी-गंदी गालियां देकर मारपीट करने लगा। पीड़ित के विरोध करने पर पीड़ित के कार्यालय में रखी फाइलें फाड़ डालीं। इस घटना को कंपनी के कई कर्मचारियों ने देखा एवं बचाया। कई लोगों के चिल्लाने एवं ललकारने पर उपरोक्त सत्येंद्र सिंह भविष्य में जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ 323, 504, 452, 506 आईपीसी की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## एमपीएमएलए कोर्ट ने उप निरीक्षक के विरुद्ध जारी किये गैर जमानती वारंट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एमपीएमएल कोर्ट ने तत्कालीन सिविल लाइन चौकी इंचार्ज आनद शर्मा के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी किए हैं। भारतीय जनता पार्टी के सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी व भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर के विरुद्ध आचार संहिता का उल्लंघन के मामले और कोविड महामारी के मामले में सिविल लाइन चौकी इंचार्ज आनंद शर्मा ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करवाया था। जिसमें गवाही के मामले में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एमपीएमएलए न्यायाधीश ज्ञानेंद्र कुमार सिंह के उपनिरीक्षक आनंद शर्मा के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी कर दिए।

## वृद्ध की हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के न्यू कालौनी निवासी मुन्नालाल उम्र 65 वर्षीय पुत्र जयराम पाल की हालत बिगड़ने पर परिजन उसे नगर के सीएचसी में लेकर आये। जहाँ डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनो मे कोहराम मच गया।

## मार्ग दुर्घटना में किशोर घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के ग्राम भोगपुर निवासी सुमित उम्र 16 वर्षीय पुत्र विद्या सागर मार्ग दुर्घटना मे घायल हो गया। आसपास के लोगो की मदद से घायल युवक को कायमगंज सीएचसी में लाकर भर्ती कराया गया।

## अधेड़ समेत दो ने खाया जहर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मंगलीपुर निवासी मुन्नालाल उम्र 40 वर्षीय पुत्र सीताराम ने गृह कलह से शुब्ध होकर जहरीला कीटनाशक पी लिया। वही कोतवाली क्षेत्र के ग्राम प्रेम नगर निवासी राधा उम्र 21 वर्षीय पत्नी राज ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। दोनो की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने कायमगंज सीएचसी मे लाकर भर्ती कराया।

## बकरी घर में चली जाने पर दबंगों ने मां-बेटे को पीटा

**नबाबगज, समृद्धि न्यूज।** नबाबगज थाना अंतर्गत ग्राम त्योरी इस्माइलपुर निवासी सरिता देवी पत्नी अमित कुमार ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें बताया सुबह समय करीब 8 बजे हम अपनी बकरी बांध रही थीं। उसमें से एक बकरी छूट गयी और पड़ोस में धनपाल के घर में चली गई। जब मैं अपनी बकरी लेने गई, तो धनपाल एवं उनकी पत्नी पिंकी ने मेरे साथ गाली-गलौज करने लगे। जब मैंने मना किया, तो उक्त लोगों ने मुझे व मेरे पुत्र को लात-घूसो से मारापीटा। जिससे मेरे गर्दन व सिर में काफी चोटें आयीं। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने को कहा।

# कर्ज में डूबे व भाई की नौकरी न लगने पर युवक ने मौत को लगाया गले

- भाई की पुलिस में नौकरी लगवाने के लिए दिये थे 3.38 लाख रुपये
- पांच पन्नों का लिखा सुसाइड नोट, पिता-पुत्र के खिलाफ दी नामजद तहरीर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**पुलिस में** नौकरी के नाम पर फर्जी तरीके से लिये गये 3 लाख 38 हजार रुपये न लौटाने तथा फोन न उठाने से क्षुब्ध पीड़ित युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पीड़ित ने सुसाइड नोट भी छोड़ा है। घटना के संबंध में पिता-पुत्रों के खिलाफ नामजद तहरीर दी गयी है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुबारिक नगर निवासी अरुन जाटव उम्र 20 वर्षीय पुत्र अनिल कुमार जाटव की घर से कुछ ही दूरी पर सम्राट जनसेवा केन्द्र है। वह बीते कई दिनों अपने जनसेवा केन्द्र पर बैठा था, तभी पड़ोसी डॉ0 विनीत कुमार से उसकी दोस्ती हो गई। कुछ दिन बाद डॉ0 विनीत कुमार ने अपने पिता विश्राम सिंह पुत्र राम विलास निवासी सियानी थाना मेरापुर से बात करवाई। अरुन कुमार डाक्टर सहित उसके पिता पर बहुत विश्वास करता था। विश्राम सिंह जाटव ने अरुन की पुलिस में नौकरी लगवाने के नाम पर अरुन से 3 लाख 38 हजार रुपये ले लिए। बीते चार दिन पूर्व अरुन जाटव ने विश्राम से फोन द्वारा कहा कि तुमने हमारी नौकरी तो लगवाई नहीं अव तुम हमारे पैसे वापस लौटा दो। विश्राम ने कहा ठीक है। उसके बाद अरुन कुमार ने विश्राम को कई बार फोन किया, लेकिन विश्राम ने उसका कोई फोन नहीं उठाया। जिससे क्षुब्ध होकर अरुन जाटव ने घर के कमरे में पखे के कुन्डे में फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। भाई अजय उर्फ अज्जू सहित शानू ने भाई के शव को फाँसी के फन्दे से नीचे उतारकर सीएचसी कायमगंज लेकर आये। जहाँ डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजन शव लेकर घर पहुँचे। उसी दौरान विश्राम सिंह भी आ गया। मृतक के दोनों भाइयो ने विश्राम की जमकर पिटाई करते हुए कहा अगर तू हमारे भाई का फोन उठा लेता तो मेरा भाई आज जिन्दा होता। मेरे भाई से तूने नौकरी लगवाने के नाम पर रुपये लिए थे। जब उसकी नौकरी नहीं लगी तब उसने अपने पैसे वापस मांगे। तुमने फोन नहीं उठाया। इसलिए मेरे भाई ने आत्महत्या कर ली। मौत से पहले उसने सुसाइट नोट भी छोड़ा। जिसमें मौत का जिम्मेदार विश्राम व उसके पुत्र डॉ0 विनीत कुमार को माना है। बताते हैं कि मृतक ने बाजार से भाई की नौकरी लगवाने के नाम पर भी कर्जा लिया था। जिसे वह लौटाल नहीं पा रहा था और उधर भाई की नौकरी भी नहीं लगी थी। जिससे वह तनाव में रहता था। इसी चलते उसने यह कदम उठाया।



मृतक का फाइल फोटो



रोते बिलखते मृतक के परिजन

# हत्या के मामले में तीन युवकों पर दोष सिद्ध

- सजा पर सुनवाई के लिए 26 फरवरी नियत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रेस्टोरेंट में जन्मदिन का सेलिब्रेशन पर कर रहे युवाओं पर कुछ लोगों ने फायरिग कर दी थी। जिसमें एक युवक की हत्या हो गयी थी। अपर जिला जज प्रथम विष्णु चंद्र वैश्य ने रोहित पुत्र जितेंद्र सिंह निवासी बाबरपुर मऊदरवाजा, मनोज राजपूत पुत्र हरिकिशन राजपूत निवासी श्यामनगर, टिंकू शुक्ला पुत्र स्व0 रामनाथ निवासी बजरिया निहालचंद को हत्या के मामले में दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के पर सुनवाई के लिए 26 फरवरी की तिथि नियत की गयी है। बीते 6 वर्ष पूर्व शहर कोतवाली पुलिस को अवधेश सिंह चौहान पुत्र स्व0 शिव सिंह चौहान निवासी मोहल्ला मेमरान ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया था कि मेरा पुत्र अर्पित चौहान उर्फ अंशु 24 वर्षीय 20 अक्टूबर 2018 को शाम लगभग 10 बजे अपने मित्रों के साथ अपना जन्मदिन मनाने हेतु रेलवे रोड स्थित वैशाली रेस्टोरेंट पर गया था। वहां पर पहले से रोहित, मनोज राजपूत, टिंकू शुक्ला व दो अज्ञात लोग रेस्टोरेंट मालिक व अन्य कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज कर रहे थे। इन लोगों के मना करने पर उक्त लोगों ने एक राय होकर जान से मारने की नियत से मेरे पुत्र के ऊपर फायरिग कर दी थी। जिससे मेरे पुत्र की मौके पर ही मृत्यु हो गयी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता दीपिका कटियार, अनिल कुमार बाजपेयी की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश विष्णु चन्द्र वैश्य ने रोहित, मनोज, टिंकू शुक्ला को दोषी करार देते हुए सजा पर सुनवाई के लिए 26 फरवरी की तिथि नियत की है।

# सीडीपीओ की मिलीभगत से आंगनवाड़ी कार्यकत्री कर रहीं राशन की कालाबाजारी

- महीनों से पात्रों को नहीं मिला राशन, केंद्र जड़ा हुआ है ताला

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों** द्वारा महीनों से राशन न देने से ग्रामीणों में काफी रोष देखा जा रहा है। जब ग्रामीण केंद्र पर जाते हैं, तो वहां ताला लटकता मिलता है।

नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत फतेहपुर परिउली में यह नजारा देखने को मिला। जब वहां जाकर देखा तो आंगनबाड़ी केंद्र महीनों से बंद पड़ा है। जिसकी दुर्दशा देख खुद बयां करती है कि केंद्र पर आंगनवाड़ी नहीं जाती हैं। आंगनबाड़ी केंद्र पर पोलिंग बूथ भी बनता है। जिसमें केंद्र के सामने बनी रैंप भी टूट चुकी है और गंदगी का तो अंबार लगा हुआ है। जब इस बाबत ग्रामीणों से जानकारी की गई, तो उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री अब नहीं आती हैं और ना ही किसी को कभी भी राशन मिलता है। कई ग्रामीणों ने तो दबी जुबान में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा राशन की कालाबाजारी करने की भी बात कही। जब इस बाबत सीडीपीओ नवाबगंज से जानकारी करनी चाही, तो उन्होंने कोई सटीक उत्तर नहीं दिया और कहा कि मामले की जांच करायेंगे तथा संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी, लेकिन अभी तक कहीं भी ऐसा नहीं हुआ है। जहां जांच होकर किसी भी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई हो। जिससे आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के हौसले बुलंद है। वह अपनी कालाबाजारी की करतूत करने से बाज नहीं आ रही हैं, क्योंकि उनसे तो सीडीपीओ कार्यालय पर भी वसूली की जाती है, तो वह भला कैसे कालाबाजारी ना कर सके।



आंगनवाड़ी केंद्र में लगा ताला

**यूपी बोर्ड परीक्षा** | कमालगंज में एक केंद्र पर अंधेरे में परीक्षा देते मिले परीक्षार्थी

# हाईस्कूल में 1817 व इंटरमीडिएट में 942 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

- हाईस्कूल में 24637 व इंटरमीडिएट में 18515 पंजीकृत थे परीक्षार्थी
- डीएम ने कंट्रोल रुम सहित कई परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जनपद में** हाईस्कूल व इंटरमीडिएट यू0पी0 बोर्ड की परीक्षायें कड़ी निगरानी में सम्पन्न हुई। इस दौरान जिलाधिकारी, पर्यवेक्षक व डीआईओएस घूम-घूमकर परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते रहे और केंद्र व्यवस्थापकों को सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने के निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को जनपद के 79 परीक्षा केंद्रों पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षायें सम्पन्न हुई। अधिकांश परीक्षार्थी समय से पहले ही परीक्षा केंद्रों पर पहुंच गये थे। इस दौरान परीक्षार्थियों की सघन तलाशी ली गयी। तब ही उन्हें कक्ष में प्रवेश करने दिया गया। सुबह की पाली में हाईस्कूल हिन्दी का पेपर हुआ। जिसमें कुल 26434 पंजीकृत थे। जिसमें से 1817 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं शाम की पाली में इंटरमीडिएट हिन्दी की परीक्षा सम्पन्न हुई। जिसमें कुल 19457 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिसमें 942 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। शाम की पाली में ही वाणिज्य की परीक्षा सम्पन्न हुई। जिसमें 350 पंजीकृत थे। जिसमें से 20 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिलाधिकारी वी0के0 सिंह ने कंट्रोल रुम का निरीक्षण किया तथा अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके अलावा अन्य परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया तथा केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके अलावा 6 सचल दल, 11 सेक्टर मजिस्ट्रेटए, 6 जोनल मजिस्ट्रेट भी बराबर भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते रहे। हर परीक्षा केंद्र को माध्यमिक शिक्षा परिषद कार्यालय से जोड़ा गया है। जिसकी कंट्रोल रूम से कड़ी निगरानी की जा रही है। इसके अलावा कक्षों में सीसीटीवी कैमरे भी लगाये गये हैं। गेट पर लगी स्लिप में रोल नंबरए, रूम नंबर खोजने को लेकर परीक्षार्थियों में अफरा-तफरी का माहौल देखा गया। गुरुवार को किसी भी केंद्र से कोई नकलची आदि नहीं पड़ा गया। यह जानकारी कंट्रोल रुम प्रभारी रामलखन पाल ने दी।



परीक्षार्थियों की तलाशी लेते शिक्षक — समृद्धि न्यूज

# भगवान लोधेश्वर महादेव का गंगा स्नान के साथ हुआ जलाभिषेक

▸ हवन पूजन के साथ भण्डारे का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**अखिल भारतीय** लोधी लोध महासभा की ओर से आयोजित भगवान लोधेश्वर महादेव गंगा स्नान एवं जलाभिषेक में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी। गाजे-बाजे के साथ धूमधाम से ट्रैक्टरों में भरकर महिलाएं भक्ति भजन गाते हुए नजर आ रहे थे। विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जो देर शाम तक चलता रहा। मुख्य यजमान राष्ट्रीय अध्यक्ष सदर एटा विधायक विपिन वर्मा डेविड के हाथों भगवान लोधेश्वर महादेव की स्थापना कर जलाभिषेक किया गया। आचार्य रक्षपाल, आचार्य कृष्णगोपाल व गायत्री आर्या सुमेधा आर्या और रामप्रकाश शास्त्री ने मंत्रोच्चार करते हुए विधि-विधान पूर्वक कार्यक्रम संपन्न करवाया। सभी लोगों ने हवन-यज्ञ में आहुतियां दीं। इस मौके पर यजमान आचार्य रक्षपाल व उनकी पत्नी तारादेवी ने हवन पूजन कराया। इस दौरान जलालाबाद के विधायक हरिप्रकाश वर्मा, प्रदेश महामंत्री परशुराम वर्मा, महापौर शाहजहांपुर अर्चना वर्मा, डा0 अरविन्द गुप्ता, अजय राजपूत फौजी, जिलाध्यक्ष महेशचंद्र राजपूत, रामबरन राजपूत, विक्रांत सिंह राना, आनन्द सिंह राजपूत, मनोज राजपूत, अनिल राजपूत, रामसरकार राजपूत, बेचेलाल वर्मा, महेंद्र सिंह राजपूत, सर्वेश राजपूत, विमलेश राजपूत, ज्ञान सिंह राजपूत, हरलाल सिंह राजपूत, सुरजीत सिंह राजपूत, विमलेश राजपूत, शिवदयाल सिंह, ब्रजेंद सिंह पाल, रामबृज राजपूत, अरविन्द राजपूत आदि मौजूद रहे।


हवन पूजन में भाग लेते विधायक विपिन वर्मा डेविड व अन्य — समृद्धि न्यूज

# स्काउटिंग के प्रोता को चिंतन दिवस के रुप में किया याद

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**भारतीय पाठशाला** इंटर कालेज में स्काउटिंग गाइड के संस्थापक लार्ड बेडेन पावेल, लेडी बेडेन पावेल के 168वें जन्मदिवस को चिंतन दिवस के रुप में मनाया गया। भारत स्काउट गाइड फर्रुखाबाद के जिला मुख्यायुक्त दिनेश कुमार वर्मा, जिला आयुक्त गाइड इंदू मिश्रा, जिला संगठन आयुक्त चमन शुक्ला ने वेडेन पावेल के चित्र पर माल्यार्पण किया। चमन शुक्ला ने स्काउटिंग गाइड के इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिला आयुक्त गाइड ने देश, समाज व ईश्वर के प्रति कर्तव्य का पालन करने पर विचार व्यक्त किये। प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा ने पर्यावरण की शपथ दिलाते हुए कहा कि प्रत्येक स्काउट का एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। जिससे वातावरण शुद्ध होगा और हमारा जीवन शुद्ध रहेगा। बेसिक स्काउट मास्टर निशांत कुमार यादव ने अनुशासन पर बल देते हुए कहा कि अनुशासन का हमारे जीवन पर बहुत ही गहरा महत्व है। बेसिक स्काउट मास्टर सर्वेश कुमार यादव ने बताया कि संस्कार मनुष्य का गहना है और हमें हमारें संस्कारों को नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने कहा कि अनेएकता में एकता हिंद की विशेषता है। इस अवसर पर विद्यालय के स्काउट छात्र व विद्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।


स्काउट सलामी लेते छात्र — समृद्धि न्यूज

## खबरें एक नजर में

### समाजवादी छात्र सभा ने पुलिस भर्ती परीक्षा दोबारा कराने की उठाई मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष हर्ष गंगवार के नेतृत्व में पार्टी के नेताओं ने राज्यपाल को संबोधित उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा के साथ आरओ/एआरओ की परीक्षा पहले से ही लीक होने संबंध में कलेक्ट्रेट पहुंचकर एसडीएम गजराज सिंह को ज्ञापन सौंपा। दिये गये ज्ञापन में कहा कि परीक्षाओं में लगभग 60 लाख परीक्षार्थियों ने भाग लिया। जिसकी परीक्षा शुरू होने से पहले ही टेलीग्राम व व्हाट्सएप के माध्यम से पेपर लीक हो गया। जिस कारण इस परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी छात्रों का भविष्य अंधकार में हो गया। समाजवादी पार्टी छात्र सभा ने मांग की है कि पेपर को रद्द कर दोबारा से परीक्षा कराई जाए। जिलाध्यक्ष छात्र सभा हर्ष गंगवार ने कहा कि उन जैसे कई छात्र जो कि अपने भविष्य के प्रति गंभीर हैं और कई घंटे तक जागकर पढ़ाई करते हैं और जब वह पेपर लीक हो जाता है तो उनका मनोबल और आत्मविश्वास दोनों गिरता है। सरकार की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि उपरोक्त परीक्षा पारदर्शी तरीके से दोबारा से कराई जाए। इस प्रकार के पेपर लीक होने से सरकार की नियत पर सवाल उठते हैं। इस अवसर पर सुभाष शाक्य, सौरभ कटियार, शिवम यादव, सुमित गंगवार, शिव गंगवार, आकाश यादव, आयुष यादव, अमन कश्यप, माजिद अली, आयुष गंगवार, मिलन गंगवार आदि मौजूद रहे। जिला मीडिया प्रभारी विवेक यादव ने बताया कि समाजवादी छात्र सभा छात्रों के हित के लिए संघर्ष करती रहेगी।

### छात्र अंतरिक्ष को हिन्दी में पीएचडी के लिए मिली मंजूरी


छात्र अंतरिक्ष श्रीवास्तव

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। दिल्ली विश्वविद्यालय में पीएचडी में एडमिशन के लिए फर्रुखाबाद के होनहार छात्र अंतरिक्ष श्रीवास्तव ने शहर का नाम रोशन किया। छात्र की शुरुआत शिक्षा सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर इंटर कॉलेज श्यामनगर से कक्षा 12 पूर्ण हुई। स्नातक (हिंदी) व परास्नातक (हिंदी) दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज से पूर्ण हुई। कई अथक प्रयास से दिसम्बर 2023 का नीट/जेआरएफ उत्तीर्ण किया। एडमिशन होने से परिवार व मोहल्ले में खुशी की लहर छा गई। विद्यालय के लोगों ने होनहार छात्र को बधाई दी।

### अंतर्राष्ट्रीय हिंदू रक्षा मंच ने मेला श्रीरामनगरिया में भण्डारे का किया आयोजन



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पांचाल घाट गंगा तट पर लगे मेला श्री रामनगरिया में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू रक्षा मंच ने गुरुवार को भण्डारे का आयोजन किया। जिसमें भाजपा नेता विकास राजपूत ने दोपहर पहुंचकर कल्पवासियों एवं भक्तों को प्रसाद वितरित किया। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय हिंदू रक्षा मंच के संस्थापक आचार्य विवेकानंद को प्रभु श्रीराम का स्मृति चिन्ह भेंट किया। संगठन के पदाधिकारियों ने विकास राजपूत को सम्मानित किया। विकास राजपूत ने कहा कि मेला में आने वाले कल्पवासियों की सेवा करना ही सबसे पुण्य का काम है। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू रक्षा मंच इसे बखूबी कर रहा है। संगठन का काम काबिले तारीफ है। इस मौके के अंतर्राष्ट्रीय हिंदू रक्षा मंच की जिलाध्यक्ष हेमलता मिश्रा, भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बबीता पाठक, ब्राह्मण समाज जनसेवा समिति की जिलाध्यक्ष प्रीति तिवारी, महिला मोर्चा की जिला शोध प्रमुख किरण सिंह, महिला मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रमला राठौर आदि लोग उपस्थित रहे।

### प्रेमी ने जहरीला कीटनाशक पीकर आत्म हत्या का किया प्रयास, हालत बिगड़ी

फर्रुखाबाद, कायमगंज । जनपद बँदायू थाना क्षेत्र के उसैत निवासी अखलेश यादव उम्र 20 वर्षीय पुत्र श्याम सिंह क प्रेम प्रसंग एक युवती निवासी रौकरी थाना कम्पिल के साथ चल रहा था दोनो प्रेमी जोडे ने एक दूजे के साथ जीने मरने कि कसमे खाकर दोनो लोग घर से भाग गय कर एटा मन्दिर मे शादी करली उधर प्रेमी के परिजन उसकी तलाग कर रहे थे जानकारी मिलने पर प्रेमी प्रेमिका को पकड कर घर लारहे थे तभी प्रेमी ने जहरीला कीटनाशक पीकर आत्म हत्या का प्रयास किया हालत बिगडने पर उसे कायमगंज सीएच सी मे लाकर भर्ती कराया सूचना पाते ही क्षेत्राधिकारी सतेन्द्र कुमार कम्पिल थानाध्यक्ष दिलीप कुमार बिन्द ने सीएच सी मे पहुँच कर प्रेमिका से पूछ ताछ की।

# 50वीं सीनियर ओपन स्टेट चैम्पियनशिप के लिए टीम रवाना

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**50वीं सीनियर** पुरुष ओपन स्टेट चैम्पियनशिप गौतमबुद्ध नगर में 23 व 24 फरवरी को सम्पन्न होगी। उत्तर प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के निर्देशानुसार 50वीं सीनियर पुरुष ओपन स्टेट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 23 व 24 फरवरी को ग्राम चचुला ग्रेटर नोएडा गौतमबुद्ध नगर में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में जनपद के सीनियर पुरुष कबड्डी टीम के लिए स्टेडियम में ट्रायल किया गया। जिला कबड्डी एसोसिएशन समिति ने सर्वश्रेष्ठ 12 खिलाड़ियों का चयन किया। चयनित खिलाड़ियों को जिला कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष अर्जुन विक्रम सिंह एवं एसोसिएशन के चेयरमैन डा0 आशीष शाक्य ने खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर खेलने के लिए बधाई दी। जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव कुलदीप यादव ने बताया कि 12 चयनित खिलाड़ी राज्य स्तर कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिसमें चयनित खिलाड़ी राहुल कुमार पाल, अभिनय यादव, शिवम, चंदन कुमार, निशांत, अजीत यादव, सार्थक, मानव, हर्ष, कुनाल, निखिल, दीपांशु, विमलेश कुमार भाग लेंगे। जनपद की कबड्डी टीम 22 फरवरी को ट्रेन द्वारा गौतमबुद्ध के लिए रवाना हुई।


राज्य स्तरीय कबड्डी के चयनित खिलाड़ी — समृद्धि न्यूज

# बीमारी के चलते कानोडिया बा.इं.का. के पूर्व बड़े बाबू का निधन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**मदन मोहन** कानोडिया बालिका इंटर कालेज के पूर्व प्रधान लिपिक वीरेन्द्र सिंह चौहान का लम्बी बीमारी के चलते निधन हो गया। कानोडिया बालिका इंटर कालेज के प्रबंधक सुनील कुमार अग्रवाल, प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी एवं लिपिक अजंट सिंह, राघव मिश्रा, प्रदीप कुमार, पंकज औदिच्य सहित सभी शिक्षिकाओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान विद्यालय को आयाम दिया था। उनके कार्यों को याद करते हुए नम आंखों से उन्हें विदाई दी गई। उनके निवास पर जनपद के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।


वीरेन्द्र सिंह चौहान का फाइल फोटो

# मदरसे में शिविर लगाकर किया गया मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण


शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक — समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**मेमोरियल मिशन** अस्पताल के तत्वाधान में स्वास्थ्य निःशुल्क शिविर का आयोजन जरारी में आयोजित हुआ। इस्लामिया मदरसा स्कूल में शिविर की व्यवस्था मोहम्मद राशिद ने देखी। डा0 निखिल प्रसाद, डा0 निधि मिश्रा ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। डा0 निखिल ने दंत रोग संबंधित मरीजों का परीक्षण किया। ज्यादातर मरीजों के दांतों में पायरिया व पीले दांत पाये गये। वहीं स्त्री रोग विशेषज्ञ डा0 निधि मिश्रा ने महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। स्वास्थ्य टीम में लैब टैक्नीशियन संदीप लाल, आप्टोमैट्रस आकाश लोयल, जीएनएम मोहिनी, शिवानी, अजनेश, प्रशांत आदि लोग मौजूद रहे।

# रंगारंग कार्यक्रम के साथ कांशीराम राजकीय महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

▸ अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को शील्ड व प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**मान्यवर कांशीराम** राजकीय महाविद्यालय निनौआ में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अमर सिंह व विशिष्ट अतिथि पूर्व चेयरमैन सुनील कुमार चक ने छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया। सरस्वती वंदना व स्वागत गान की प्रस्तुतियां कामिनी व बबली ने दी। मंडल स्तरीय व जनपद स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शील्ड व प्रमाण पत्र मुख्य अतिथि द्वारा प्रदान किया गया। एकल नृत्य प्रस्तुतियों में अंजलि पाल द्वारा राम आएंगे गीत पर भाव पूर्ण प्रतुति दी गयी। साथ ही शिवानी, मुस्कान, पूजा द्वारा भी मोहक प्रस्तुतियां दी गयीं। पूजा, शिवानी, अंशी व ज्योति द्वारा लोक गीत का गायन किया गया। युगल नृत्य शिवानी व पूजा द्वारा-कान्हा काटे न चुटकी गीत पर व शिवानी ज्योति द्वारा कान्हां तेरी चुनरी गीत पर प्रस्तुत किया गया। शिखा द्वारा ओजपूर्ण काव्यपाठ किया गया, साथ ही प्रतिमा द्वारा एकल नृत्य प्रस्तुत किया गया। वार्षिक आख्या डॉ0 सुंदर लाल द्वारा प्रस्तुत किया गया। संचालन डॉ0 अमित कुमार ने किया। मुख्य अतिथि द्वारा अतीत से सबक लेकर भविष्य निर्माण पर बल दिया गया। प्राचार्य डॉ0 शालिनी ने अतिथियों का धन्यवाद व महाविद्यालय की उपलब्धियों पर चर्चा की गयी साथ ही प्राचार्य ने अनुशासन के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। डॉ0 प्रियांशु गुप्ता द्वारा गायन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में डॉ0 सत्येंद्र कुमार, डॉ0 अनामिका सक्सेना, महेश कुमार, शिल्पी सिंह उपस्थिति रही।


पूर्व चेयरमैन को सम्मानित करती प्राचार्य डा0 शालिनी तथा मौजूद छात्र-छात्रायें

# जिले में फाइलेरिया रोगियों को खोजने के लिए हो रहा है नाइट ब्लड सर्वे

▸ 53 लोगों के लिए गए रक्त के नमूने

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**जिले में** फाइलेरिया रोगियों की खोज के लिए माह के प्रत्येक बुधवार को जिला मलेरिया विभाग में नाइट क्लीनिक चलती है। जिसमें फाइलेरिया रोगियों की पहचान के लिए रात में 8 बजे से 10 बजे तक नाइट ब्लड सर्वे होता है। इसके अलावा महीने में दो बार जहां पर फाइलेरिया रोगी हैं या कोई संभावित गांव है तो वहां शिविर लगाकर रात्रि में रक्त का सैंपल लिया जाता है। वेक्टर वार्न डिजीज के नोडल अधिकारी डॉ राजेश माथुर ने कहा कि फाइलेरिया के लक्षण प्रतीत होने पर जल्द से जल्द पास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सम्पर्क करें और इसके इलाज में लापरवाही न बरतें। हाइड्रोसील से ग्रसित मरीज भी फाइलेरिया के अंतर्गत आते हैं वह अपना आपरेशन डा0 राममनोहर लोहिया चिकित्सालय में मुफ्त करा सकते हैं। फाईलेरिया निरीक्षक अनिमेष शुक्ल ने बताया कि कमालगंज ब्लॉक के ग्राम कल्लू नगला में बुधवार की रात नाइट ब्लड सर्वे किया गया। जिसमें 58 लोगों के रक्त के नमूने लिए गए। जिनको जांच के लिए लैब में भेज दिया गया है। इसलिये रात में खून के नमूने की जांच कर संक्रमण की स्थिति का पता लगाया जा सकता है। इस दौरान फाइलेरिया निरीक्षक योगेश, श्याममोहन ग्राम प्रधान, आशा कार्यकर्ता सरिता अन्य लोग मौजूद रहे।



मरीजों के खून के नमूने लेते लैब टैक्नीशियन

# पत्नी के एचआईबी पाजिटिव निकलने पर पति ने पत्नी समेत ससुराल पक्ष पर लिखाया मुकदमा

**फर्रुखाबाद, मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव बीघामऊ निवासी अनिकेत उर्फ अनुराग ने अदालत के आदेश से अपनी पत्नी मोहिनी पुत्री स्व रवेन्द्रसिह चौहान निवासी महाराणा प्रताप इन्जीनियरिंग कालेज स्टाप क्वार्टर मंधना, कानपुर नगर तथा साढू अजयसिह भदौरिया ,मोहिनी की बहिने खूशबू व बर्षा तथा साले भानुप्रतापसिह के खिलाफ धारा 419,420 की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया है कि मोहिनी से मेरी शादी 25/4/2021 को हुई थी ।शादी मे मोहिनी ने यह कहकर मेरे से शारीरिक संबंध नही बनाये कि हम मासिक धर्म से है। इसके बाद मोहिनी अपने मायके चली गई। मैं भी अपनी ड्यूटी करने सितारगंज चला गया। मै वहा एक कम्पनी मे आपरेटर है। कुछ समय बाद हमे सूचना मिली कि मोहिनी छत से गिर गई है और उन्हे रामा मेडीकल कालेज भर्ती कराया गया है ।जब मेरी भाभी ने रामा मेडीकल कालेज जाकर जाच रिपोर्ट देखी ,तो उसमे एच आई बी पोजिटिव रिपोर्ट देखकर हमे बताया। मैने आरोपीगणो से जब पूछा, तो उन्होने बताया कि उसे शादी से पहले ही यह था । मेरे साथ धोखा देकर मेरा जीवन अंधकार मे ढकेला गया है ।

# बैठक में कार्यकर्ताओं को दायित्व का कराया गया बोध

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**भोलेपुर स्थित** मंदिर परिसर में भाजपा फतेहगण मंडल की बैठक सम्पन्न हुई। अध्यक्षता करते हुए मण्डल अध्यक्ष रामवीर सिंह चौहान ने कहा कि कार्यकर्त्ताओं का दायित्व बोध है कि वह पूरी निष्ठा से कार्य करें और आगामी लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी को अधिक से अधिक मतों से जीताकर पूरे देश व मण्डल में अच्छा संदेश पहुंचाये। आदित्य मिश्रा ने विचार व्यक्त किये। चित्रा अग्निहोत्री, अनिल प्रताप सिंह व महामंत्री शिवम दुबे ने बैठक को सम्बोधित किया और आगामी चुनाव को देखते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने पर बल दिया। इस अवसर पर उदय प्रताप सिंह, रामभरोसे चक, मनोज राजपूत, राहुल राठौर, दीपक कटियार, रजनीश मिश्रा, आशु राठौर, सुनील गुप्ता, योगेंद्र राजपूत, संजीव राठौर, अनोज बाथम, विजय कटियार, आशुतोष त्रिपाठी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


सम्बोधित करते मण्डल अध्यक्ष रामवीर चौहान

कार्यक्रम | गंगा को अविरल बनाने पर दिया गया जोर

# नमामि गंगे द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**जिला गंगा** समिति के तत्वाधान में नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत गंगा संरक्षण में युवाओं की सहभागिता हेतु मिनी कुंभ के नाम से प्रसिद्ध मेला श्री रामनगरिया में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिला परियोजनाधिकारी नमामि गंगे निहारिका पटेल के निर्देशन में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, गंगा दूत एवं अन्य युवाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में गंगा स्वच्छता व संरक्षण से संबंधित नृत्य, गीत, गोष्ठी, नाटक इत्यादि प्रस्तुत किए गए। युवाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए उपस्थित सभी लोगों को गंगा संरक्षण व पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूक किया। निहारिका पटेल ने कहा की मेरा श्री रामनगरिया जो की मिनी कुंभ के नाम से प्रसिद्ध है। यह विशेष आस्था का प्रतीक है। हजारों लाखों लोग प्रतिवर्ष कई किलोमीटर के दायरे में फैले इस मेले में कल्पवास करने आते हैं एवं निरंतर एक माह तक मां गंगा की पूजा अर्चना करते हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हम अपनी गंगा मां को पूजते हैं। उसी तरह से उनका संरक्षण करने, गंगा के जल को साफ सुथरा रखने में भी हमें अपनी अहम भूमिका निभानी चाहिए। अतिथि के रूप में उपस्थित ईश्वरदास महाराज ने गंगा संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि हम सभी गंगा नदी को मां के रूप में पूछते हैं उनका सम्मान करते हैं। हम सभी भारतवासी का यह कर्तव्य है कि अपनी नदियों को बचाने के लिए अभियान चलाएं। चाहे युवा हो या बुजुर्ग सभी इस अभियान का हिस्सा बने। आचार्य चंद्र देव शास्त्री ने भी इस विषय को अहम बताते हुए कहा कि प्रतिवर्ष हम सभी गंगा मां के किनारे एक माह तक कल्पवास करते हैं गंगा मां निरंतर अविरल निर्मल बहती रहे, इसके लिए हम अपने-अपने स्तर से सभी को जागरूक करें। अखिलेश अग्निहोत्री ने कहा कि युवाओं के द्वारा यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है जो की बहुत ही सराहनीय है। हम अपने जल, जंगल, जमीन अपने पर्यावरण को बचाने के लिए कार्य करेंगे। उपस्थित सभी लोगों को गंगा संरक्षण की शपथ दिलाई गई। संचालन विशाल श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर जगदीश वर्मा, राहुल वर्मा, शान्तनु कटियार, कुनाल, निशू, विकास यादव, सुमित कुमार, विकास आदि उपस्थित रहे।


प्रमाण पत्र के साथ कार्यक्रम में भाग लेने वाल प्रतिभागी

# आईपीएल 2024 शेड्यूल जारी

नई दिल्ली, एजेंसी।

चेन्नई की टीम रिकॉर्ड नौवीं बार आईपीएल के किसी सीजन का पहला मैच खेलेगी। इससे पहले टीम 2009, 2011, 2012, 2018, 2019, 2020, 2022 और 2023 में उद्घाटन मैच खेल चुकी है।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें सीजन का शेड्यूल गुरुवार (22 फरवरी) को जारी हो गया है। पहले मुकाबले में गत विजेता चेन्नई सुपरकिंग्स की खेलेगी। यह मैच उसके होमग्राउंड एमए चिदंबरम स्टेडियम में 22 मार्च को होगा। चेन्नई का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम से होगा। अभी 21 मैचों का शेड्यूल जारी हुआ है।




**चेन्नई और आरसीबी के बीच होगा उद्घाटन मुकाबला**

चेन्नई की टीम रिकॉर्ड नौवीं बार आईपीएल के किसी सीजन का पहला मैच खेलेगी। इससे पहले टीम 2009, 2011, 2012, 2018, 2019, 2020, 2022 और 2023 में उद्घाटन मैच खेल चुकी है। दिल्ली कैपिटल्स अपना शुरुआती दो मैच विशाखापत्तनम में खेलेगी। महिला प्रीमियर लीग का फाइनल दिल्ली में खेला जाएगा, उसके तुरंत बाद मैदान को आईपीएल के लिए तैयार करने में समय लगेगा। इस कारण दिल्ली के शुरुआती दो मैच विशाखापत्तन में होंगे। देश में इस साल होने वाले आम चुनावों के कारण आईपीएल का पूरा शेड्यूल जारी नहीं हुआ है। अभी 15 दिनों का कार्यक्रम सामने आया है। लोकसभा चुनाव की तारीखों के एलान के बाद बाकी बचे मैचों का शेड्यूल जारी किया जाएगा।

### देश में होगा ही पूरा आईपीएल

आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल ने कहा है कि पूरा टूर्नामेंट भारत में ही आयोजित किया जाएगा। सिर्फ 2009 में ही आईपीएल पूरी तरह से विदेश में (दक्षिण अफ्रीका) खेला गया था, जबकि 2014 में आम चुनाव के कारण कुछ मुकाबले यूएई में खेले गए थे। हालांकि, 2019 में आम चुनाव के बावजूद भारत में टूर्नामेंट आयोजित किया गया था। यह देखते हुए कि टी20 विश्व कप आईपीएल के खत्म होने के कुछ दिनों के बाद ही शुरू हो जाएगा, फाइनल 26 मई को होने की संभावना है।

## मोदी ने गन्ने की कीमत बढ़ाने के मंत्रिमंडल के फैसले की सराहना की



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को गन्ने की कीमतों में बढ़ोतरी के मंत्रिमंडल के फैसले की सराहना की। श्री मोदी ने कहा कि इस कदम से हमारे करोड़ों गन्ना उत्पादक किसानों को फायदा होगा। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए गन्ने की कीमतों में बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी, जिसे उचित एवं लाभकारी मूल्य (एफआरपी) के रूप में जाना जाता है। श्री मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर कहा कि हमारी सरकार देशभर के किसान भाइयों-बहनों के कल्याण से जुड़े हर संकल्प को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। गन्ना खरीद मूल्य में ऐतिहासिक बढ़ोतरी को मंजूरी दी गई है, इस कदम से हमारे करोड़ों गन्ना उत्पादक किसानों को फायदा होगा।卐 उल्लेखनीय है कि नए एफआरपी को गन्ने के लिए 340 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जो मौजूदा 315 रुपये प्रति क्विंटल से अधिक है। यह पिछले वर्ष की तुलना में करीब आठ प्रतिशत अधिक है। किसानों को कुशल गन्ना उत्पादन को प्रोत्साहित करते हुए, निर्दिष्ट पुनर्प्राप्ति दर से ऊपर प्रत्येक 0.1 प्रतिशत अंक की वृद्धि के लिए 3.32 रुपये प्रति क्विंटल का प्रीमियम प्राप्त होगा। संशोधित एफआरपी एक अक्टूबर 2024 को लागू होगी।

# सुशांत सिंह राजपूत की मौत का मामला, रिया चक्रवर्ती को हाईकोर्ट ने दी बड़ी राहत

मुंबई, एजेंसी।

मुंबई बॉम्बे हाई कोर्ट ने गुरुवार को अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत की जांच के सिलसिले में सीबीआई द्वारा रिया चक्रवर्ती, उनके भाई और पिता के खिलाफ जारी लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने रिया चक्रवर्ती, उनके भाई शोविक और उनके पिता इंद्रजीत द्वारा 2020 में उनके खिलाफ जारी एलओसी के खिलाफ दायर याचिकाओं को अनुमति दे दी।

सीबीआई के वकील श्रीराम शिरसाट ने पीठ से अपने आदेश के क्रियान्वयन पर चार सप्ताह की अवधि के लिए रोक लगाने का अनुरोध किया ताकि एजेंसी




उच्चतम न्यायालय में अपील दायर कर सके। हालाँकि, ईडी की पीठ ने अपने आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। राजपूत 14 जून, 2020 को उपनगरीय बांद्रा में अपने अपार्टमेंट में मृत पाए गए थे। जबकि मुंबई पुलिस ने दुर्घटनावश मौत की रिपोर्ट दर्ज की और मामले की जांच शुरू की, राजपूत के पिता ने जुलाई 2020 में बिहार पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया गया कि अभिनेता की प्रेमिका रिया चक्रवर्ती और उसके परिवार के सदस्यों ने उन्हें आत्महत्या के लिए उकसाया था। बाद में मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को स्थानांतरित कर दिया गया, जो तब से इसकी जांच कर रहा है। रिया चक्रवर्ती, उनके भाई और उनके पिता के खिलाफ अगस्त 2020 में एलओसी जारी किए गए थे। पिछले साल सितंबर में, उच्च न्यायालय ने शौविक के खिलाफ जारी एलओसी पर अस्थायी निलंबन लगा दिया था, जिससे वह विदेश यात्रा कर सके। 2020 में, रिया और शोविक दोनों को राजपूत से संबंधित ड्रग्स मामले में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) द्वारा गिरफ्तार किया गया था। बाद में उन्हें जमानत दे दी गई।

## सेंसेक्स 535 प्वाइंट चढ़कर 73,158 पर बंद निफ्टी ने आखिरी घंटों में नया हाई हिट किया

मुंबई, एजेंसी।

निफ्टी एक्सपायरी के दिन बाजार में जोश देखने को मिला। निफ्टी ने आखिरी घंटों में नया हाई भी हिट किया। आखिरी घंटे में बाजार शानदार बढ़त के साथ बंद हुआ। मिडकैप, स्मॉलकैप शेयरों में खरीदारी देखने को मिली। निफ्टी लगातार चौथे दिन नए शिखर पर पहुंचा। इंट्राडे में निफ्टी ने 22,252.50 का रिकॉर्ड स्तर छुआ। निफ्टी 162 प्वाइंट चढ़कर 22,217




पर बंद हुआ। सेंसेक्स 535 प्वाइंट चढ़कर 73,158 पर बंद हुआ। जबकि बैंक निफ्टी 100 प्वाइंट गिरकर 46,920 पर बंद हुआ।

## संदेशखाली जा सकते हैं पीएम, भाजपा ने पीड़ितों का वीडियो जारी किया

**कोलकाता, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 मार्च को पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना जिले के संदेशखाली जा सकते हैं। वे यहां यौन उत्पीड़न की शिकार महिलाओं से बात कर सकते हैं। बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। मजूमदार ने बताया कि पीएम मोदी 6 मार्च को नॉर्थ 24 परगना जिले के बारासात में एक महिला रैली को संबोधित करेंगे। अगर संदेशखाली की पीड़ित महिलाएं प्रधानमंत्री से मिलने की इच्छा जताएंगी, तो पार्टी इसकी व्यवस्था करेगी। भाजपा ने संदेशखाली में महिलाओं से यौन उत्पीड़न मामले में सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी जारी किया है।

भाजपा ने कैप्शन में लिखा- संदेशखाली का ऐसा सच जो हमारी अंतरात्मा को झकझोर कर रख देगा। ममता बनर्जी इस सच को छिपाने की कोशिश कर रही हैं। 20 मिनट 41 सेकेंड के इस वीडियो में महिलाएं अपनी आपबीती सुना रही हैं। इसमें एक महिला ने दावा किया कि टीएमसी नेता शिबप्रसाद हाजरा यानी शिबू हाजरा उन्हें घर से उठवाकर ले जाता था।

टीएमसी के लोग लड़कियों की सुंदरता देखकर उन्हें अपने साथ ले जाते थे। उनके लिए लड़कियां एंटरटेनमेंट थीं। एक महिला ने बताया कि हाजरा के लोग रात के दो बजे बुलाने आते थे। कहते थे कि दादा (शिबू हाजरा) बुला रहे हैं। उनका आदेश मतलब भगवान का आदेश। मैं रात के दो बजे जाती थी और सुबह 5 बजे आती थी। मैं दुकान चलाती हूं। उनके बुलाने पर नहीं जाती तो मेरी दुकान तोड़ देते।

# गुजरात टाइटंस को बड़ा झटका, आईपीएल से बाहर हुए मोहम्मद शमी, ब्रिटेन में होगी सर्जरी

मुंबई, एजेंसी।

शमी का नहीं होना गुजरात के लिए काफी नुकसानदायक हो सकता है। टीम पहले ही हार्दिक पांड्या के गुजरात छोड़कर मुंबई जाने से नुकसान झेल रही है। आईपीएल 2024 शुरू होने में अभी लगभग एक महीने का वक्त बचा है। उससे पहले 2022 की चैंपियन टीम और 2023 की उपविजेता गुजरात टाइटंस को बड़ा झटका लगा है। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने बीसीसीआई के एक सूत्र के हवाले से बताया है कि शमी बाएं टखने की चोट के कारण पूरे आईपीएल सीजन से बाहर हो गए हैं। उनकी ब्रिटेन में सर्जरी भी होगी।

शमी पिछले साल वनडे विश्व कप के बाद से एक्शन में नहीं दिखे हैं। उन्हें चोट की वजह से दक्षिण अफ्रीकी दौरे के लिए भी नहीं चुना गया था। फिर इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट सीरीज से भी बाहर हो गए थे। शमी का नहीं होना गुजरात के लिए काफी नुकसानदायक हो सकता है। टीम पहले ही हार्दिक पांड्या के गुजरात छोड़कर मुंबई इंडियंस जाने से नुकसान झेल रही है। गुजरात के कप्तान रह चुके हार्दिक को पिछले साल ऑक्शन से पहले मुंबई ने जीटी से ट्रेड किया था। शमी को विश्व कप के दौरान ही चोट लगी थी। वह चोटिल टखने के साथ विश्व कप में खेले थे।




### गुजरात टाइटंस की टीम

सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (कप्तान), ऋद्धिमान साहा (विकेटकीपर),केन विलियमसन, अभिनव मनोहर, डेविड मिलर, साई सुदर्शन, मैथ्यू वेड (विकेटकीपर), शाहरुख खान, रॉबिन मिंज (विकेटकीपर),राहुल तेवतिया, जयंत यादव, विजय शंकर, अजमतुल्लाह ओमरजाई। तेज गेंदबाज मोहित शर्मा, दर्शन नालकंडे, उमेश यादव, सुशांत मिश्रा, कार्तिक त्यागी, जोश लिटिल, स्पेंसर जॉनसन, मोहम्मद शमी (चोटिल होकर टूर्नामेंट से बाहर),स्पिनर राशिद खान, नूर अहमद, आर साई किशोर, मानव सुथार टीम के मुख्य सदस्य होंगे।

उस टूर्नामेंट में उन्होंने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए सात मैचों में 24 विकेट लिए थे। वह सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे। हालांकि, इसके बाद वह लगातार क्रिकेट एक्शन से दूर हैं। अब उनकी चोट का ठीक तरह से इलाज कराने का फैसला किया गया है। ऐसे में शमी को ठीक होने में कई महीनों का समय लग सकता है। आईपीएल के ठीक बाद टी20 विश्व कप होना है और अब उसमें शमी के खेलने पर संशय है। हालांकि, उसमें अभी तीन महीने का समय है।

शमी 2022 से गुजरात टाइटंस के लिए खेल रहे हैं और दोनों सीजन में टीम के फाइनल में पहुंचने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी। आईपीएल 2022 में शमी ने 16 मैचों में 20 विकेट लिए थे और छठे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे। वहीं, 2023 में शमी ने 17 मैचों में 28 विकेट लिए थे। वह पिछले सीजन सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे। शमी के बाहर होने से इस साल गुजरात को काफी नुकसान होगा। टीम के दो सबसे अनुभवी खिलाड़ी इस सीजन में उनके साथ नहीं होंगे। हार्दिक की जगह शुभमन गिल को इस सीजन के लिए कप्तान नियुक्त किया गया है। वहीं, टीम जल्द ही शमी के रिप्लेसमेंट का एलान कर सकती है। शमी के अलावा गुजरात में मोहित शर्मा और उमेश यादव के रूप में दो अनुभवी गेंदबाज हैं। वहीं, दर्शन नालकंडे, सुशांत मिश्रा और कार्तिक त्यागी के रूप में तीन युवा गेंदबाज हैं। जोश लिटिल ने पिछले साल अच्छा प्रदर्शन किया था और वह भी टीम के लिए उपयोगी साबित हो सकते हैं। इसके अलावा टीम ने ऑक्शन में ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन को भी खरीदा था। हार्दिक के रिप्लेसमेंट के तौर पर गुजरात ने अफगानिस्तान के शानदार ऑलराउंडर अजमतुल्लाह ओमरजई को खरीदा था। वह भी तेज गेंदबाजी कर सकते हैं।

# शुभकरण की मौत से पंजाब में बिगड़ा माहौल हाईवे जाम के बीच तोड़े गाड़ियों के शीशे

चंढ़ीगढ़, एजेंसी।

फिल्लौर नौजवान किसान शुभकरण की मौत से भड़के किसानों ने सुबह 11 बजे सतलुज दरिया के नजदीक हाई टेक पुलिस नाके के सामने दोनों तरफधरना देकर यातायात पूरी तरह से ठप कर दिया। करीब 2:00 बजे तक चले धरने में माहौल उस समय तनावपूर्ण हो गया जब दूसरे जिले के एक लड़के ने वहां पहुंच कर गाड़ियों के शीशे तोड़ने शुरू कर दिए, जिसे किसानों ने पकड़ स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया।

पकड़े गए युवक की पहचान प्रदीप सिंह पुत्र दिलबारा सिंह जिला नवांशहर के रूप में हुई है। किसानों ने कहा उनके आंदोलन से बौखलाई सरकार गलत हथकंडे अपना रही हैं, आज जिस लड़के ने गाड़ियों के शीशे तोड़ने की कोशिश की वह सरकारी एजंसियों का छोड़ा हुआ लड़का था जो माहौल खराब करने आया था जबकि पकड़ा गया युवक खुद को किसान का बेटा



बता रहा था। आज भारतीय किसान यूनियन कादीयां के किसानों ने प्रात 11:00 बजे नेशनल हाईवे पर पहुंचे दोनों तरफ सड़क के बीच बैठकर मुख्य हाइवे पर धरना देकर यातायात पूरी तरह से ठप कर दिया जिससे कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया।

किसान नेताओं का यह धरना शांतिपूर्वक चल रहा था और किसान हाथ जोड़कर लोगों से सहयोग की अपील कर रहे थे तभी धरने से एक युवक निकला जिसने अपने हाथ में लाठी पकड़ी हुई थी। पहले उसने एक ऑटो का शीशा तोड़ डाला जैसे ही युवक ने हमला किया ऑटो चालक किसी तरह बाहर निकल आया जिससे वह जख्मी होने से बच निकला जैसे ही युवक ने वहां खड़ी कार के शीशे पर लाठी से हमला करने लगा तो किसानों ने भाग कर उसे पकड़ लिया जबकि युवक दूसरे किसान लड़कों को भी गाड़ियों पर हमला करने के लिए उत्तेजित कर रहा था किसानों ने समय रहते उसे दबोच कर उसके हाथ से लाठी छीन ली और उसे स्थानीय पुलिस के थानेदार जय गोपाल के हवाले कर दिया।

## तेज रफ्तार कार ने आठ को रौंदा, दो की मौत

जयपुर, एजेंसी।

नागौर राजस्थान में बड़ा हादसा पेश आया है। यहां नागौर के डेगाना में शोभा यात्रा चल रही थी। इसी दौरान एक तेज रफ्तार बोलेरो कार शोभा यात्रा में घुस गई, जिसने करीब एक दर्जन लोगों को कुचल दिया। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई है जबकि तीन अन्य गंभीर रुप से घायल हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है।




घटना के बाद वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि बोलेरो कार ड्राइवर को हार्ट अटैक आया, जिसकी वजह से यह हादसा हुआ है। हार्ट अटैक के बाद ड्राइवर का कार से नियंत्रण नहीं रहा और गाड़ी कई लोगों को कुचलती हुई आगे निकल गई। इसका सीसीटीवी फुटेज भी समाने आया है।

# एयरटेल ने लखनऊ में अपने रिटेल स्टोर की उपस्थिति की दोगुनी

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक भारती एयरटेल ने आज घोषणा की कि उसने लखनऊ शहर में कंपनी के अपने 13 नए नेक्स्ट-जनरेशन स्टोर लॉन्च किए हैं। कृष्णा नगर, 60 फीट रोड, बीबीडी, ऐशबाग, अर्जुनगंज, गोमती नगर एक्सटेंशन, नाका, विकास नगर, आईटी कॉलेज, त्रिवेणी नगर, बख्शी का तालाब, कठौता चौराहा और नक्खास में खोले गए नए स्टोर से एयरटेल ने रिटेल उपस्थिति को मजबूत किया है जिससे ग्राहकों को अद्वितीय सेवा का अनुभव होगा। स्टोर अपने पोर्टफोलियो में एयरटेल की अत्याधुनिक तकनीकों का भी प्रदर्शन करेंगे।

उत्कृष्ट प्रदर्शन और ग्राहकों को आजीवन सेवा देने की थीम पर

**तमन सफारी बाली और वरुणा बाली ने भारतीय पर्यटकों को दिया हार्दिक निमंत्रण**




डिजाइन किए गए ये स्टोर एक्सस्ट्रीम, एक्ससेफ, 5जी प्लस आदि सहित एयरटेल की पेशकशों की पूरी श्रंखला प्रदर्शित करेंगे। अद्वितीय सेवा अनुभव प्रदान करने की दृष्टि से एयरटेल फ्रेंड्स के तौर पर देखे जाने वाले स्टोर-कर्मचारियों को मोबाइल, ब्रॉडबैंड और डीटीएच सहित एयरटेल के सभी पोर्टफोलियो में ग्राहकों के प्रश्नों व उलझनों को संबोधित करने तथा हल करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है।

इस विस्तार पर टिप्पणी करते हुए सोवन मुखर्जी- सीईओ, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड, भारती एयरटेल ने कहा कि ग्राहकों की संतुष्टि का जुनून हमें आगे बढ़ने के प्रेरित करता है, इसलिए हम उत्तर प्रदेश राज्य में बड़े पैमाने पर रिटेल का विस्तार कर रहे हैं। ग्राहकों की सभी जरूरतों के लिए वन-स्टॉप के रूप में मोहल्लों में स्थित ये स्टोर मोबाइल, ब्रॉडबैंड, डीटीएच आदि सेवाओं की एक विस्तृत श्रंखला की पेशकश करेंगे। उत्तर प्रदेश राज्य हमारे लिए एक बड़ा फोकस मार्केट बना हुआ है और हम इस मार्केट में निवेश करना जारी रखेंगे।

# आकर्षक बाली एडवेंचर यात्रा के लिए हो जाइए तैयार

**तमन सफारी बाली और वरुणा बाली ने भारतीय पर्यटकों को दिया हार्दिक निमंत्रण**

समृद्धि न्यूज, नई दिल्ली।

बाली की प्राकृतिक सुंदरता और वन्य जीवन के आकर्षण से भारतीय पर्यटकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए, तमन सफारी बाली और वरुणा बाली एक मजेदार और अविस्मरणीय रोमांच बनाने के लिए हाथ मिलाया है। यह साझेदारी उन भारतीय पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए है जो वाइल्डलाइफ को लग्जरी एकोमोडेशन के साथ एक्स्प्लोर करना चाहते हैं।

***तमन सफारी बाली : वाइल्डलाइफ वंडरलैंड :-*** बाली के लुभावने लैंडस्केप में स्थित, तमन सफारी एक यूनिक वाइल्ड लाइफ एक्सपीरियंस प्रदान करता है, जो मेहमानों को एक अनोखे तरीके से प्रकृति से जुड़ने का मौका देता है। बडे




जिराफों, शेरों और विदेशी जानवरों को बेहद नजदीक से देखने से लेकर विभिन्न विदेशी प्रजातियों के जानवरों के साथ रोमांचकारी सफारी तक, तमन सफारी बाली नेचर लवर्स और फैमिली के लिए एक शानदार एडवेंचर का वादा करता है।

इस कोलैब्रेशन के तहत तमन सफारी बाली भारतीय पर्यटकों के लिए विशेष रूप से क्यूरेटेड एक्सपीरियंस प्रदान करेगी, जिसमें गाइडेड सफारी,

### भारतीय पर्यटकों के लिए अनोखा अनुभव

भारतीय पर्यटकों की यूनिक प्रीफरेंस को समझते हुए, तमन सफारी बाली और वरुणा बाली ने ऐसे पैकेज तैयार किए हैं जो उनके स्वाद की चाहत को पूरा करते हैं। इन पैकेजों में गाइडेड वाइल्ड लाइफ सफारी, जानवरों से आमने-सामने इंटरेक्शन के अवसर, कल्चर एक्सपीरियंस और वरुणा बाली में एक एक्सक्लूसिव शो शामिल है, जो एक व्यापक और अविस्मरणीय एडवेंचर सुनिश्चित करता है। भारतीय पर्यटक बाली में अपने अनुभव को वास्तव में शानदार और आनंददायक बनाने के लिए पर्सनलाइज्ड सेवाओं जैसे भारतीय व्यंजन विकल्प, अच्छे से इंग्लिश बोलने वाले डेडिकेटेड गाइड और कल्चरल वर्कशॉप का भी आनंद ले सकते हैं।

### आज ही बाली की एडवेंचर जर्नी की प्लानिंग करें

तमन सफारी बाली और वरुणा सफारी बाली को चुनकर डिस्कवरी और रिलैक्सेशन की यात्रा पर निकलें। अधिक जानकारी, विस्तृत यात्रा कार्यक्रम और रिजर्वेशन के लिए, कृपया tamansafari.com पर जाएं या हमारे डैडिकेटेड रिप्रेजेंटेटिव अंधिका सोफियान / बिजनेस और ई-कॉमर्स तमन सफारी इंडोनेशिया के वी पी से संपर्क करें।

इंटरैक्टिव एनिमल इकाउंटर और कल्चरल प्रोग्राम शामिल हैं जो इंडोनेशिया की समृद्ध बायोडायवर्सिटी को दर्शाती हैं।

***वरुणा बाली : प्रकृति के बीच लग्जीरियस अनुभव :-*** वरुणा बाली ने एक विशिष्ट और शानदार स्थान पर इंडोनेशिया के पहले अंडरवाटर थियेट्रिकल शो की आधिकारिक बड़े पैमाने पर लॉन्चिंग प्रस्तुत करके यात्रा में सुंदरता का एक आयाम जोड़ा है। अपने सॉफ्ट लॉन्च के उत्साह और सफलता के बाद, वरुणा सफारी बाली अब तमन सफारी बाली के साथ मिलकर स्टोरी टेलिंग, एक्राटिक परफॉर्मेंस और शानदार भोजन के अपने यूनिक कॉम्बिनेशन के साथ दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार है। वरुणा बाली भारतीय पर्यटकों को विशेष पैकेज की पेशकश करेगा, जिसमें शानदार शो और क्षेत्र के समृद्ध स्वादों को प्रदर्शित करने वाले लजीज व्यंजन शामिल होंगे।

अलेक्जेंडर जुल्करनैन, वी पी मीडिया, डिजिटल और इवेंट तमन सफारी इंडोनेशिया ने कहा कि ÷हम केवल वाइल्ड लाइफ का एक्सपीरियंस नहीं बल्कि डिस्कवरी की यात्रा की पेशकश कर रहे हैं। तमन सफारी इंडोनेशिया ग्रुप के हिस्से के रूप में तमन सफारी बाली और वरुणा बाली के साथ, भारतीय पर्यटक एक एडवेंचर से भरी यात्रा की उम्मीद कर सकते हैं जो उन्हें बाली की समृद्ध बायोडायवर्सिटी से जोड़ता है और आश्चर्य भरे शानदार लम्हें प्रदान करता है। हम बाली की प्राकृतिक सुंदरता के बीच एक शानदार स्टे भी प्रदान करते हैं। हमारी टीम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि भारतीय मेहमान हमारे साथ रहने के दौरान आराम और आनंद का अनुभव करें।÷

# आंखों का ध्यान रखने के लिए अच्छी डाइट जरुरी

आंखें शरीर का सबसे जरुरी हिस्सा मानी जाती है परंतु आजकल के खराब लाइफस्टाइल और गलत-खानपान का असर इन पर भी हो रहा है। घंटों तक लैपटॉप पर समय बिताने के कारण आंखें कमजोर हो रही हैं। छोटी उम्र में बच्चों की चश्मा लग रहा है। ऐसे में आंखों का ध्यान रखने के लिए अच्छी डाइट का ध्यान रखना जरुरी है।

आंखों की देखभाल करने के साथ-साथ आप डाइट में हैल्दी चीजें शामिल कर सकते हैं। आज आपको कुछ ऐसी चीजें बताते हैं जिनके जरिए आप आंखों की रोशनी तेज कर सकते हैं। आइए जानते हैं।

**अंजीर को करें डाइट में शामिल :-** आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए डाइट में विटामिन-ए, सी और ई, जिंक, ल्यूटिन और जैक्सैन्थिन जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर चीजों को शामिल करना जरुरी माना जाता है। वहीं अंजीर में प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, पौटेशियम, आयरन, कॉपर, मैक्रो और माइक्रोन्यूट्रिएंट्स, फाइबर और



प्रोटीन जैसे गुण मौजूद होते हैं जो आंखों के अलावा पूरे शरीर के लिए फायदेमंद होते हैं।

**कैसे करें अंजीर का सेवन :-** आंखों की रोशनी तेज करने के लिए आप अंजीर को कई तरह से डाइट में शामिल कर सकते हैं। 3-4 अंजीर को रातभर पानी में भिगोकर रख दें। फिर अगली सुबह उठकर खाली पेट इसका सेवन करें। आप चाहें तो दूध के साथ भी अंजीर खा सकते हैं। लगातार कुछ दिनों तक अंजीर का सेवन करने से आपको खुद ही फर्क दिखने लगेगा।

**काली मिर्च, देसी घी और मिश्री :-** 50 ग्राम काली मिर्च, 50 ग्राम धागे वाली मिश्री को बारीक पीस लें। फिर इसमें 250 ग्राम देसी घी मिलाएं और गर्म करें। सुबह शाम इस मिश्रण के दूध के साथ सेवन करने से भी आंखों की रोशनी तेज होगी।

**विटामिन-ए युक्त डाइट :-** डाइट में विटामिन-ए युक्त चीजें शामिल करें। विटामिन-ए आंखों के लिए बेहद आवश्यक माना जाता है। गाजर, पपीता, आंवला, हरी पत्तेदार सब्जियां और शिमला मिर्च को अपनी डाइट में शामिल करें।